| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 36.4 | 29.5 |
| जमशेदपुर | 36.1 | 23.8 |
| डालटनगंज | 39.4 | 27.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार





www.lagatar.in | रांची, शनिवार 22 जून 2024 ● ज्येष्ठ पूर्णिमा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 74 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# नरसिंह इस्पात : प्रदूषण से तेजी से बढ़ रहे अस्थमा के बीमार

दिलीप कुमार। चांडिल

सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत खूंटी स्थित नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी से होने वाले प्रदूषण से खूंटी, मुसरीबेड़ा, पहाड़धार, कुरली, दुलमी, तुलग्राम समेत आसपास के गांवों में स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियां बढ़ती जा रही हैं.

जल, वायु और ध्वनि प्रदूषण के कारण लोग विभिन्न प्रकार के रोग से ग्रसित हो रहे हैं. कंपनी से निकलने वाला जहरीली धुआं (कार्बन मोनोक्साइड) सांस संबंधी परेशानियों का कारण बन रहा है. चिकित्सक भी इस बात को मानते हैं कि प्रदूषण लोगों को बीमार बना रहा है. कंपनी के आसपास रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन ने कानून से बचने के लिए प्रदूषण नियंत्रण यंत्र तो लगवा लिया है, लेकिन उसका इस्तेमाल नहीं करती है. प्रदूषण विभाग को कंपनियों के आसपास प्रदूषण मापने का यंत्र लगा कर लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए खुद इसका आकलन करना चाहिए.

**जहरीली होती जा रही क्षेत्र की हवा :** एनजीटी के सख्त आदेश और सरकार के प्रयासों के बावजूद क्षेत्र में दिन-ब-दिन प्रदूषण बढ़ता जा रहा है. सबसे अहम बात यह है कि क्षेत्र की विधायक ही राज्य पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण परिषद की सभापति हैं. उनके निर्वाचन क्षेत्र में प्रदूषण का विकराल समस्या बनना दुखद है. क्षेत्र में किडनी, सांस व आंख से संबंधित रोग का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है. टीबी और प्रदूषित जलजनित रोग भी बढ़ा है. दवा दुकानों में कराए गए सर्वे में इन बीमारियों से संबंधित दवाओं की बिक्री अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है. स्थानीय चिकित्सक भी संबंधित रोगियों की संख्या बढ़ने की बात बताते हैं.

खूंटी गांव की ग्राम सभा के सदस्यों ने कहा कि कंपनी स्थापित होने के बाद उनके गांव अलग-अलग प्रकार की बीमारियां बढ़ने लगी है. लोगों में हृदय और सांस संबंधी बीमारियों के अलावा चर्म रोग की समस्या भी देखने को मिल रही है. ग्रामीणों ने कहा कि प्रदूषण के कारण पानी पीने योग्य नहीं रहा. ठंड के मौसम में तालाब व कुआं के पानी के ऊपर मोटी काली परत जम जाती है. कंपनी से जहरीली गैस निकलने के कारण वातावरण की हवा भी दूषित हो रही है, जिससे लोगो को सांस लेने में दिक्कत होती है. प्रदूषित हवा के कारण क्षेत्र में अस्थमा की बीमारी भी तेजी से बढ़ रही है.



नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी.

## कंपनी के कारनामे

- कंपनी से सटे जंगल में साल व अन्य वृक्ष भी नष्ट हो रहे
- खौफ इतना कि कंपनी के खिलाफ बोलने से कतराते हैं लोग
- लिखित शिकायत पर प्रशासनिक पदाधिकारी जांच तक नहीं कराते
- कंपनी के खिलाफ उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रही ग्रामसभा

## खौफ इतना कि कुछ भी बोलने से कतराते हैं लोग

नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी के आसपास के गांवों में रहने वाले लोग कंपनी प्रबंधन से इतना खौफ खाते हैं कि वे अपने नाम से बयान देने से भी कतराते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के खिलाफ बयान देने वालों पर कंपनी प्रबंधन साजिश के तहत कार्रवाई करवाती है. ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के कारण पर्यावरण व जीव-जंतुओं पर होने दुष्प्रभाव को रोकने और उसके निराकरण के लिए कंपनी प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार का उपाय नहीं किया जाता है. खूंटी ग्राम सभा के सदस्यों का कहना है कि शुरुआती दौर में कंपनी प्रबंधन ने पेयजल को लेकर काम किया था, लेकिन समय से साथ उसे भी अब बंद कर दिया है. शिक्षा व खेलकूद के विकास और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कंपनी प्रबंधन किसी प्रकार का काम नहीं करती है. ग्राम सभा का कहना है कि कंपनी के खिलाफ लिखित शिकायत पर प्रशासनिक पदाधिकारी जांच तक नहीं करवाते हैं. अब ग्राम सभा नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी प्रबंधन के खिलाफ अब उग्र आंदोलन करेगी. इसके लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है. ग्राम सभा के सामूहिक आंदोलन को पंचायत प्रतिनिधि भी अपना समर्थन देंगे.

## पांच साल में दोगुनी हुई एलर्जी की दवाओं की बिक्री

दवा दुकानों में एलर्जी की दवाई बड़ी मात्रा में बिकने लगी है. चौका क्षेत्र में करीब 10 दवा दुकानें हैं, जहां मोंटास एल और अलेग्रा नामक दवा की बिक्री पिछले 5 सालों के दौरान दोगुनी हो गई है. पहले जहां रोजाना 50 फाइल की बिक्री होती थी, अब 100 फाइल से अधिक की डिमांड है. वहीं पहले चौका क्षेत्र में अस्थमा के मरीजों के उपयोग वाले इनहेलर की बिक्री नहीं होती थी, जो अब होने लगी है. दवा दुकानों में आंख संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए आई ड्रॉप की बिक्री भी बढ़ गई है. पहले इसकी बिक्री रोजाना नहीं होती थी, अब 10 से 15 पीस रोज बिक जाती है.

| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 |
| चांदी (किलो) | 94,000 |

## ब्रीफ खबरें

### हज यात्रा के दौरान 98 भारतीयों की मौत हुई

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मक्का में सालाना तीर्थयात्रा हज के दौरान 98 भारतीयों की मौत हुई है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले साल हज की पूरी अवधि में भारत के कुल 187 लोगों की मौत हुई थी. इस साल 1,75,000 भारतीय तीर्थयात्री हज के लिए मक्का गए थे. हज की अवधि 9 मई से 22 जुलाई तक है.

### मोदी से 3 नये कानूनों को टालने का आग्रह

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर हड़बड़ी में पारित तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है. ममता ने इन कानूनों की नए सिरे से संसदीय समीक्षा पर जोर दिया. ममता ने मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर चिंता जताई.

### सोरेन और केजरीवाल के खिलाफ सबूत नहीं: राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र, दिल्ली और झारखंड में ईडी द्वारा गिरफ्तार विपक्षी नेताओं के खिलाफ कोई सबूत नहीं है. धन शोधन के मामले में ईडी द्वारा केजरीवाल, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जैसे अन्य विपक्षी नेताओं की अलग-अलग मामलों में हुई गिरफ्तारियों के बीच तुलना की.

### पानी के लिए आतिशी ने शुरू की भूख हड़ताल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा से रोज 100 मिलियन गैलन पानी छोड़े जाने की अपनी मांग को लेकर शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली के भोगल इलाके में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की. उनके साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे.

## नीट परीक्षा विवाद पर कांग्रेस और छात्र संगठनों का देशव्यापी प्रदर्शन

# भाजपा राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या


राजधानी रांची में राजभवन के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता.

**नीट यूजी परीक्षा में गड़बड़ियों के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस और उससे जुड़े छात्र संगठनों ने रांची समेत पूरे देश में जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा को रद्द करने की मांग भी की गई. उधर, कांग्रेस महासचिव प्रियकां गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी राज में पिछले पांच सालों में देश में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए. टीएमसी ने पेपर लीक के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा है. वहीं बिहार में पेपर लीक मामले में पुलिस को संजीव मुखिया की तलाश है. इस बीच, राजद तेजस्वी यादव ने भी बिहार सरकार पर पलटवार करते हुए कहा है कि पेपर लीक मामले में मैं या मेरा पीएस दोषी हैं, तो सरकार मुझसे भी पूछताछ करे. और जरूरत पड़े तो गिरफ्तार भी करे. लेकिन मुद्दे को डायवर्ट की कोशिश न करे.**

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है. सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है. प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा, देश में पिछले 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं. भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है. टीएमसी ने भी मोदी सरकार पर हल्ला बोला है.

प्रियंका ने कहा, भारत दुनिया का सबसे युवा देश है. सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है. भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है. कांग्रेस नेता ने कहा, करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काट कर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं. बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं. भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है. प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है.



**पेपर लीक ने मोदी सरकार की कमियों को उजागर कर दिया :** तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने कहा कि कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने मोदी सरकार की शासन संबंधी कमियों को उजागर कर दिया है. उन्होंने सवाल किया कि परीक्षा के आयोजन में अनियमितताएं को लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है.कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति की घोषणा पर्याप्त नहीं है. सागरिका घोष ने आरोप लगाया, प्रमुख अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की लगातार हो रही घटनाओं ने मोदी सरकार की शासन संबंधी कमियों को पूरी तरह से उजागर कर दिया है. पिछले सात साल में 70 से अधिक बार प्रश्नपत्र लीक हुए हैं. मोदी सरकार किसे बचा रही है? सच तो यह है कि मोदी वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर इवेंट मैनेजमेंट करते हैं और करदाताओं का पैसा खर्च करते हैं.

## दिल्ली विवि के कार्यक्रम में नहीं जा सके शिक्षा मंत्री

**नयी दिल्ली।** नीट यूजी 2024 में हुई कथित गड़बड़ियों के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस और छात्र संगठनों ने देश के शहरों रांची, दिल्ली, जयपुर, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई आदि में विरोध प्रदर्शन किया. दिल्ली विश्वविद्यालय में भी विरोध प्रदर्शन किया गया. छात्रों ने नारेबाजी करते हुए हाथों में काले झंडे लेकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया. शुक्रवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को दिल्ली विवि जाना था. लेकिन विरोध प्रदर्शन के कारण धर्मेंद्र प्रधान को दिल्ली विवि का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा. एनएसयूआई के अनुसार उससे जुड़े छात्रों ने 180 से अधिक विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया. एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी का कहना है कि नीट परीक्षा में धांधली के कई उदाहरण सामने आए हैं. नीट में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए. एनएसयूआई ने 180 से अधिक विश्वविद्यालयों और 250 जिलों में विरोध प्रदर्शन किया. कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गयी, तो एनएसयूआई 24 जून को संसद का घेराव करेगी.

### पेपर लीक विवाद में तेजस्वी यादव का पलटवार, बोले

## अमित व नीतीश को कौन बचा रहा...

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है. कहा कि जो भी भाजपा शासित राज्य हैं, चाहे बिहार हो, गुजरात हो या हरियाणा हो, वहीं पर पेपर लीक हुआ है. पूरा इंडिया अलायंस साथ है. हम चाहते हैं कि नीट पेपर रद्द हो. डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर तेजस्वी ने कहा कि राज्य-केंद्र में सरकार उनकी है. जांच एजेंसियां उनकी हैं, हम तो कहते हैं कि सीएम जी हमारे पीए, पीएस चाहे कोई हो उससे पूछताछ कर लें. सिन्हा जो सवाल उठा रहे हैं, ईओयू ने तो इस पर कुछ कहा नहीं. जानकारी ले लेनी चाहिए इन लोगों को. ये लोग जो किंगपिन हैं पेपर लीक के, उन इश्यू से डायवर्ट करना चाहते हैं. जो अमित आनंद है, जो नीतीश कुमार है, ये कौन लोग हैं. इन्हें क्यों बचाना चाहते हैं. क्यों ये लोग डायवर्ट करना चाहते हैं इश्यू को. जो भी किंगपिन है, मनोज झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तस्वीर साझा कर दी है. उस पर बात करें.



### अब संजीव मुखिया को भी तलाश रही पुलिस

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस को संजीव कुमार उर्फ संजीव मुखिया उर्फ लुटन की तलाश कर रही है. साल 2010 से कई एग्जाम के पेपर लीक मामले में इसका नाम आता रहा है. संजीव मुखिया पहले बिहार के सबसे बड़े शिक्षा माफिया रंजीत डॉन के साथ काम करता था, फिर उसने खुद अपना गैंग बना लिया. हाल ही में बीपीएससी एग्जाम का पेपर संजीव मुखिया और उसके गैंग ने लीक करवाया था. संजीव का बेटा डॉ. शिव कुमार उर्फ बिट्टू बीपीएससी एग्जाम पेपर लीक मामले में गिरफ्तार हुआ था, जो फिलहाल जेल में है. जांच में सामने आया है कि जेल में रहते हुए शिव कुमार ने कई और एग्जाम के पेपर को लीक करवाया है. बीपीएससी के तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक कांड में नालंदा जिले का एमबीबीएस डॉक्टर शिव कुमार की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है. आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने इसका खुलासा करने से पहले 68 दिनों की सघन जांच और गिरफ्तार 279 अभियुक्तों से पूछताछ की थी.

## योग बना वैश्विक भलाई का शक्तिशाली माध्यम : मोदी



श्रीनगर में शुक्रवार को योग दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है, क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है. पीएम में श्रीनगर की डल झील के पास आयोजित योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया.

### केजरीवाल को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

## बेल पर फैसला सुरक्षित

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली. कोर्ट ने उनकी जमानत पर फिलहाल रोक लगा दी है और फैसला सुरक्षित रखा है. माना जा रहा है कि दो से तीन दिन पर इस पर फैसला आएगा. बता दें कि गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी. इस पर ईडी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का रुख किया. ईडी ने इस मामले को तत्काल सुनवाई की मांग की.



ईडी की याचिका पर सुनवाई को लिए हाईकोर्ट सहमत हो गया. ईडी का दावा है कि हमको केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं दिया क्या, इसलिए निचली अदालत के जमानत के फैसले पर रोक लगाई जाए. अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के वकील को सलाह दी कि आपको अदालत के फैसले को सम्मान के साथ स्वीकार करना चाहिए. हाईकोर्ट ने घंटों दोनों पक्षों की दलील सुनी और फैसला सुरक्षित रख लिया.

### केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कसा तंज

केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा, देश में तानाशाही इतनी बढ़ गई है कि ईडी किसी को छूट भी नहीं देना चाहती. ईडी अरविंद केजरीवाल जी के साथ देश के आतंकवादी की तरह व्यवहार कर रही है. अभी तो केजरीवाल जी की जमानत का आदेश अपडेट भी नहीं हुआ था कि ईडी स्टे लगवाने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गई. लेकिन अभी हाईकोर्ट का फैसला आना बाकी है और हम आशा करते हैं कि हाईकोर्ट न्याय करेगा..

**नए कानून** मानहानि, धमकी, हंगामा... वो गुनाह जिनमें सिर्फ समाज सेवा करके छूटेंगे दोषी

# नकली नोट रखना अब अपराध के दायरे में नहीं आएगा

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

1860 में बनी इंडियन पीनल कोड अब खत्म होने जा रही है. इसकी जगह भारतीय न्याय संहिता लेगी. भारतीय न्याय संहिता को एक जुलाई से लागू किया जाएगा. आईपीसी की जगह बीएनएस को क्यों लाया गया?

आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि भारतीय न्याय संहिता में 356 धाराएं होंगी. कई सारी धाराओं को हटाया गया है, कइयों में बदलाव किया गया है और कई धाराएं नई जोड़ी गई हैं. कुछ अपराध जोड़े गए हैं, तो कुछ खत्म कर दिए गए हैं. जैसे-पहली बार सजा के तौर पर कम्युनिटी सर्विस को जोड़ा गया है. अब नकली नोट रखना अपराध के दायरे से बाहर होगा. भारतीय न्याय संहिता में नकली नोट को सिर्फ रखने



को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया है. हालांकि, नकली नोट के इस्तेमाल पर सजा सख्त हो गई है. बीएनएस में एक नई धारा 178 जोड़ी गई है, जिसमें नकली करेंसी सिर्फ रखना अपराध नहीं माना जाएगा. बीएनएस की धारा 4 (एफ) में कम्युनिटी सर्विस की सजा जोड़ी गई है. इसे इसलिए जोड़ा गया है ताकि जेलों में कैदियों की संख्या कम की जा सके, इसलिए कम्युनिटी सर्विस की सजा को कानूनी दर्जा दिया गया है. ये सजा छोटे-मोटे अपराधों में दोषी पाए जाने पर दी जाएगी.

## किन अपराधों में कम्युनिटी सर्विस की सजा

- **धारा 202 :** कोई सरकारी सेवक कारोबार में शामिल नहीं हो सकता. अगर वो ऐसा करते दोषी पाया जाता है, तो उसे 1 साल की जेल या जुर्माना या फिर कम्युनिटी सर्विस करने की सजा मिल सकती है.
- **धारा 209 :** कोर्ट के समन पर व्यक्ति पेश नहीं होता है तो कोर्ट उसे 3 साल की जेल या जुर्माना या दोनों या कम्युनिटी सर्विस सजा दे सकती है.
- **धारा 226 :** अगर कोई व्यक्ति किसी सरकारी सेवक के काम में बाधा डालने के मकसद से आत्महत्या की कोशिश करता है तो एक साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों या फिर कम्युनिटी सर्विस की सजा.
- **धारा 303 :** 5 हजार से कम कीमत की संपत्ति की चोरी पर अगर पहली बार दोषी ठहराया जाता है, तो संपत्ति लौटाने पर उसे कम्युनिटी सर्विस की सजा.
- **धारा 355 :** कोई नशे की हालत में हुड़दंग मचाता है, तो उसे 24 घंटे की जेल या एक हजार तक का जुर्माना या कम्युनिटी सर्विस की सजा.
- **धारा 356 :** अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे की प्रतिष्ठा को ठेंस पहुंचाता है, तो दोषी को 2 साल तक की जेल या कम्युनिटी सर्विस की सजा.

### कितने समय की होगी ये सजा



भारतीय न्याय संहिता के मुताबिक, अगर किसी अपराध में जुर्माना या कम्युनिटी सर्विस की सजा का प्रावधान है तो जुर्माना न देने पर कम्युनिटी सर्विस की सजा दी जाएगी. अगर जुर्माने की रकम 5 हजार है, तो 2 महीने सेवा करनी होगी. 10 हजार का जुर्माना होने पर 4 महीने कम्युनिटी सर्विस करना होगा. कुछ मामलों में एक साल तक कम्युनिटी सर्विस करने की सजा भी हो सकती है.

# झारखंड में विस चुनाव की तैयारियां शुरू

## निर्वाचन आयोग ने दिया वोटर लिस्ट को अपडेट करने का निर्देश

**चुनावी गतिविधि**

एजेंसी। नयी दिल्ली




- झारखंड समेत हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू एवं कश्मीर में होने हैं चुनाव
- 1 जुलाई 2024 तक वोटर लिस्ट का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण होगा

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने झारखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र में मतदाता सूची को अपडेट करने की शुरुआत कर दी है. इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है.

हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए वोटर लिसंट को अद्यतन करने के वास्ते 1 जनवरी की तिथि तय थी. इन राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होगा है और विस के चुनाव कार्यकाल पूरा होने से पहले होने हैं. आयोग ने कहा कि इसके अलावा जम्मू कश्मीर में भी चुनाव कराने हैं. आयोग ने कहा, लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर की भागीदारी को देखते हुए, आयोग ने वहां वोटर लिस्ट को एक जुलाई की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का निर्देश दिया है.

निर्वाचन कानून (संशोधन) एक्ट, 2021 द्वारा जनप्रतिनिधित्व एक्ट, 1950 की धारा 14 में संशोधन के पश्चात अब वर्ष में चार अर्हक तिथियों का प्रावधान है. तदनुसार, आयोग ने सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नामांकन कराने तथा आगामी चुनावों में मतदान करने का अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र तथा जम्मू-कश्मीर में 1 जुलाई 2024 तक सूचियों का द्वितीय पुनरीक्षण कराने का निर्णय लिया है. विश्वसनीयता पक्की करने के लिए आयोग मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व गहन पुनरीक्षण कार्यकलापों के संचालन पर विशेष जोर दे रहा है.



### हाउसिंग बोर्ड के हरमू आवासीय कॉलोनी के जर्जर क्वार्टरों पर कब्जा जमाये 19 लोगों को नोटिस

# सीएमपीएफओ के सेवानिवृत्त कर्मियों का हरमू के जर्जर क्वार्टरों पर अवैध कब्जा

फिरोज जिलानी। रांची

कोल माइंस भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) ने आवासीय क्वार्टर पर कब्ज़ा करने वाले कोल मंत्रालय के अधीन कार्यरत 19 कर्मचारियों के आवास पर नोटिस चस्पा किया है. नोटिस मिलने के बाद अवैध रूप से आवंटित क्वार्टरों में रहने वाले सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया है. मालूम हो कि आवास बोर्ड द्वारा हरमू में निर्मित इन क्वार्टरों में कोल मंत्रालय के अधीन विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मियों को आवास आवंटित किये गए थे. वर्षों पूर्व सेवानिवृत्त होने के बाद जब उन लोगों ने क्वार्टर नहीं छोड़ा, तो विभाग ने इसकी सुध ली, तो पता चला कि इन जर्जर क्वार्टरों पर भी कब्ज़ा है.

**खास बातें**

- सेवानिवृत्त कोल कर्मियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है
- सभी क्वार्टर झारखंड आवास बोर्ड की संपत्ति है

### कब्जाधारियों को हर हाल में खाली करना होगा क्वार्टर : एस्टेट ऑफिसर

सीएमपीएफओ के एस्टेट ऑफिसर आशीष कुमार ने बताया कि सभी 19 लोग सेवानिवृत्त हो चुके हैं. इनके क्वार्टर में सेवानिवृत्त कर्मियों या उनके रिश्तेदारों का कब्ज़ा है. इससे पूर्व भी जिन लोगों के नाम क्वार्टर आवंटित है, उन्हें नोटिस दिया गया था, लेकिन नोटिस मिलने के बावजूद आवास खाली नहीं किया. उन्होंने बताया कि एलआईजी के कुछ क्वार्टर इतने जजर्जर हैं कि वे कभी भी ध्वस्त हो सकते हैं. कुछ क्वार्टरों का अवैध कब्जाधारियों ने जीर्णोद्धार करा कर टाइल्स -मार्बल तो लगा लिए है, लेकिन बाहरी ढांचा पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और हालत ऐसी है कि ये क्वार्टर कभी भी ढह सकते हैं. उन्होंने कहा कि सभी क्वार्टर झारखंड आवास बोर्ड की संपत्ति है, जिसे करार के तहत सीएमपीएफओ ने अपने कर्मियों के लिए लिया है. उन्होंने कहा कि कब्ज़ाधारियों को हर हाल में आवास छोड़ना पड़ेगा.


चिपकाया गया नोटिस.

## ब्रीफ खबरें

### एक जुलाई से सभी स्कूलों का समय बदल जाएगा

**रांची।** एक जुलाई से झारखंड के सभी स्कूलों का समय बदल जाएगा. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश जारी करते हुए सभी कोटि के विद्यालय ( सरकारी व गैर सरकारी ) कक्षा-1 से 12 तक 01 जुलाई से 31 मार्च तक सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित करने की बात कही गई है. वहीं 30 जून तक स्कूल सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होंगे.

### कोल अधिकारियों का महंगाई भत्ता 0.6 % बढ़ा

**रांची।** कोल अफसरों के महंगाई भत्ते (डीए) में करीब 0.6 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है. कोल इंडिया के स्थापना शाखा की ओर से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है. महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), ईसीएल सहित सभी अनुषंगी कंपनियों में काम कर रहे लगभग 18 हजार अधिकारियों को होगा. महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी एक अप्रैल 2024 से प्रभावी होगी. कोल इंडिया की स्थापना शाखा के एक अधिकारी के अनुसार, 1 अप्रैल 2024 से कोल इंडिया में बोर्ड स्तर और उससे नीचे के अफसरों को 44.3% की दर से महंगाई भत्ता (आईडीए) का भुगतान किया जाएगा. बता दें कि कोयला अधिकारियों को हर साल एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर से व्यय भत्ता देय होता है. फिलहाल कोयला अधिकारियों को 1 जनवरी 2024 से 43.7 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता का भुगतान किया जा रहा था.

### निदेशक से मिले आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के सदस्य

**रांची।** झारखंड राज्य आंगनबाडी कर्मचारी संघ की सदस्यों ने शुक्रवार को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बतायीं. उन्हें बताया कि राशि उपलब्ध नहीं कराये जाने से आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में कैसी-कैसी परेशानियां आ रही हैं. पैसों की कमी के कारण केंद्र के बच्चों को पौष्टिक आहार तक नहीं उपलब्ध कराया जा पा रहा है. केंद्र की सेविका-सहायिकाओं को जनवरी महीने से ही केंद्र की ओर से दिये जानेवाले मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है.मार्च के बाद से आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार के लिए एक पाई भीउपलब्ध नहीं कराया गया है. लगभग तीन साल से भवन का किराया नहीं मिला है. सेविका -सहायिका को टीए एवं डीए नहीं दिया जाता है.

### नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत कांग्रेस ने किया राजभवन मार्च

# युवा पीढ़ी के सपनों को तोड़ रही है मोदी सरकार : राजेश ठाकुर



नीट परीक्षा विवाद के खिलाफ शुक्रवार को राजभवन मार्च करते कांग्रेस के नेतागण और कार्यकर्ता.

विशेष संवाददाता। रांची

नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी प्रदर्शन के तहत शुक्रवार को झारखंड में भी प्रदेश कांग्रेस ने राजभवन मार्च किया गया. शहीद चौक से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला गया, जो राजभवन पहुंचा. राजभवन के पास विराट प्रदर्शन किया गया. इस मौके पर पर सभी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के पिछले पांच सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुआ है. भारत दुनिया का सबसे युवा देश है.केंद्र की भाजपा सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है. करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. माता-पिता पेट काटकर पढ़ाई करा रहे हैं. ये आशा करते हैं कि वैकेंसी निकलेगी. वैकेंसी निकलती है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है.

### परीक्षा चर्चा में पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते हैं पीएम : ठाकुर

राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी. पेपर लीक मामले में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए और नीट की परीक्षा रद्द करनी चाहिए. प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पर चर्चा करते रहते है पर पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते हैं. राहुल गांधी ने न्याय की लड़ाई 11 हजार किमी पैदल चलकर पूरा किया है, आगे लड़ाई लड़ते रहेंगे. उन्होंने आह्वान किया है कि हमलोग इस आंदोलन को अंजाम तक पहुंचा कर रहेंगे. सभा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, रामचन्द्र सिंह, डॉ प्रदीप बलमुचू ने संबोधित किया. विरोध मार्च में प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार सुल्तान अहमद, अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, मानस सिन्हा, गजेन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, राकेश किरण महतो, आभा सिन्हा, जगदीश साहु, ऋषिकेश सिंह, जवाहर महथा, विजय खान, अजय नाथ शाहदेव, संजय कुमार, संतोष सिंह, शमशेर आलम, जैश रंजन पाठक, प्रो. उदय प्रकाश, चन्द्रशेखर दास, रवि मिश्रा, अमित राय, दिनेश यादव, उमेश गुप्ता, मुन्ना पासवान, भागीरथ पासवान, सतीश केडिया, सुखैर भगत, मुनेश्वर उरांव, जोसाई मार्डी, अमरेन्द्र सिंह, केदार पासवान, राजन सिंह राजा, इन्द्रिरा तुरी, प्रभात कुमार, शशिभूषण राय, राजू राम, बशिष्ट लाल पासवान, रोहित पांडे, अमीर हासमी, इन्द्रजीत सिंह, आरूषी वंदना, नलीनी शर्मा आदि शामिल थे.

**पूरे सिस्टम को हाईजैक कर लिया है भाजपा ने**

राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा की तरफ से बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि नरेंद्र मोदी ने रूस और युक्रेन का युद्ध रोकवा दिया, लेकिन वो पेपर लीक नहीं रोकवा पा रहे हैं. मध्यप्रदेश में व्यापम घोटाला हुआ इसी घोटाले को नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पूरे देश में फैला रही है. पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण है कि भाजपा ने पूरे सिस्टम को कैप्चर कर रखा है. इनसे मुक्ति बहुत जरूरी है.

# गैंगरेप के दोषी अनिकेत, अजय व गुड्डू को 20-20 साल की सजा

लीगल रिपोर्टर। रांची

रांची सिविल कोर्ट ने 12 वर्षीय लड़की का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के दोषी अनिकेत सांगा,अजय मिर्धा और सुलेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को बीस-बीस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है. पॉकसो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई है. कोर्ट ने अनिकेत सांगा,अजय मिर्धा और सुलेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को 13 जून को दोषी करार दिया था. दोषियों ने 15 दिसंबर 2020 की रात 12.30 बजे पीड़िता को उसके घर से अपहरण कर हटिया क्षेत्र के जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था और सुबह 4 बजे बेहोशी की हालत में पीड़िता को जंगल में छोड़कर फरार हो गए थे. घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता के परिजनों ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

**मंत्री आलमगीर के ओएसडी ने मांगी बेल : रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल ने कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है. उसने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है. संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नगद बरामद किए थे. वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे. इसी केस में एजेंसी मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार कर चुकी है.




### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोपी दोषी करार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने शादी का झांसा देकर सात साल तक यौन शोषण करने के आरोपी सुनील मुंडा उर्फ सुमित कुमार पाहन को दोषी करार दिया है. कोर्ट उसकी सजा की बिंदु पर 28 जून को सुनवाई करेगा. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने सुनील को दोषी करार दिया है. पीड़िता ने सुनील के खिलाफ बरियातू थाना में कांड संख्या 93/2017 दर्ज कराई थी. पीड़िता नर्स का काम करती थी. सुनील मरीज का इलाज के बहाने पीड़िता के घर आता जाता था. इसी क्रम में आरोपी ने पीड़िता से नजदीकियां बढ़ाई, जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में यह दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई. एक दिन आरोपी ने शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाया. पीड़िता जब शादी करने कहती तो आरोपी बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा और सात साल तक यौन शौषण करता रहा. पीड़िता को जब लगा कि आरोपी धोखा देकर यौन शोषण कर रहा है तो शादी के लिए दबाव बनाने लगी. पीड़िता के दबाव के बीच आरोपी शादी करने से मुकर गया.

### सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

**रांची।** गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगा है. अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए दुबारा समय मांगे जाने पर जुर्माना लगाया है. इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का भी निर्देश देते हुए निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई विस्तार दिया है. दरअसल निशिकांत दुबे के खिलाफ देवघर जिला के मनोहरपुर थाना में पिछले वर्ष कांड संख्या 281/23 दर्ज की गई थी. प्राथमिकी होने के बाद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. उनकी याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई. निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और अधिवक्ता पार्थ जालान ने बहस की.

### सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव के लिए सीएम को आमंत्रित किया



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से प्रोजेक्ट भवन में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. उन्होंने मुख्यमंत्री को 6 जुलाई को आयोजित होने वाले सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड चैंबर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, स्टार्टअप कमेटी के चेयरमैन अमित अग्रवाल और ट्राइबल वूमेन एंटरप्रेन्योर सब कमेटी की चेयरमैन माला कुजूर शामिल थीं.

### राजधानी रांची में बनाये गए 15 परीक्षा केंद्र, तैयारियां पूरी

# 342 पदों पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी की मुख्य परीक्षा आज से

संवाददाता। रांची

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की मुख्य परीक्षा 22 जून से शुरू हो रही है, जो 24 जून तक चलेगी. परीक्षा दो पाली में ली जाएगी. पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा होगी. जेपीएससी की मुख्य परीक्षा के लिए रांची में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षा के बाद सफल अभ्यर्थियों को झारखंड लोक सेवा आयोग कुल 342 पदों पर नियुक्त करेगा.

**एक ही दिन हो रही जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षा :** झारखंड लोक सेवा आयोग 22 जून से जेपीएससी मेंस परीक्षा आयोजित कर रहा है. इस परीक्षा के साथ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षा का आयोजन भी होगा. कई अभ्यर्थी हैं ऐसे भी हैं, जो जेपीएससी मेंस परीक्षा में भाग लेंगे लेकिन उन्हें जेपीएससी के साथ ही जेएसएससी की परीक्षा भी देनी है. जेपीएससी की ओर से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा ली रही हैं जबकि जेएसएससी की ओर से कक्षा छह से आठ के सहायक आचार्य नियुक्ति की परीक्षा ली जा रही है. इसकी परीक्षा 23 जून से शुरू हो रही है जबकि 23 जून को जेपीएससी पेपर तीन और चार की परीक्षा ले रही है.

**इन पदों पर होगी नियुक्ति :** कुल 342 पदों पर नियुक्ति होगी. इसमें डिप्टी कलेक्टर (उप समाहर्ता) के 207, पुलिस उपाधीक्षक के 35, राज्य कर पदाधिकारी के 56, कारा अधीक्षक के 2, झारखंड शिक्षा सेवा (कैटेगरी-2) के 10, जिला समादेष्टा का एक, सहायक निबंधक के 8, श्रम अधीक्षक के 14, प्रोबेशन पदाधिकारी के 6 और उत्पाद निरीक्षक के 3 पद हैं.

**जेपीएससी की डेटशीट कब कौन सी परीक्षा होगी**

- 22 जून को पहली पाली में पेपर 1, दूसरी पाली में पेपर 2 की परीक्षा होगी.
- 23 जून को पहली पाली में पेपर 3 और दूसरी पाली में पेपर 4 की परीक्षा ली जाएगी.
- 24 जून को पहली पाली में पेपर 5 और दूसरी पाली में पेपर 6 की परीक्षा ली जाएगी

**सूबे की राजनीति**

### सुदेश को कुरमी नेता होने का तमगा छीनने की है जयराम की रणनीति

# नौ महतो बहुल सीटों को टारगेट कर चुनाव तैयारी में जुटे जयराम

कौशल आनंद। रांची

झारखंड अलग राज्य के प्रणेता रहे आंदोलनकारी कृष्ण प्रसाद महतो के पुत्र जयराम महतो अब राज्य की सिसायत जाना-पहचाना नाम बन चुका है. जब जयराम महतो ने खुद को और अपने कैडर को लोकसभा चुनावी समर में उतरने का फैसला लिया, तो राजनीति के जानकार इसे उनका बचपना और राजनीतिक जल्दबाजी भरा कदम बताया था. मगर जिस प्रकार से खुद जयराम महतो और उनके लोगों ने वोट हासिल किया, राज्य की राजनीति में हलचल सी मचा दी. जयराम महतो के बारे में यह कहा जा रहा था कि जिस कदर उनकी सभा में युवाओं की भीड़ उमड़ती थी क्या, वह वोट में तब्दील हो पाएगा, उन्होंने इस मिथ्या को सही साबित कर दिया. जयराम और उनका संगठन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) ने झारखंड की राजनीति में खुद को स्थापित करते हुए लोहा मनवा लिया. अब जयराम महतो दूर की रणनीति बनाने में जुट गए हैं. भले ही उन्होंने घोषणा किया है कि उनका संगठन 55 सीट पर अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी, मगर सच इससे परे है. जयराम महतो की रणनीति फिलहाल राज्य की राजनीति में नया बड़ा कुरमी नेता बनने की है. इसलिए वे अपनी कोर टीम के साथ झारखंड के कुरमी बहुल करीब नौ सीटों को टारगेट करके अपनी चुनावी रणनीति बना रहे हैं. बहुत जल्द जेबीकेएसएस का पार्टी के तौर पर निबंधन कराने की तैयारी चल रही है.

**खास बातें**

- चुनाव के बाद किंग मैकर की भूमिका में रहना चाहते हैं
- जल्द जेबीकेएसएस का पार्टी के रूप में निबंधन कराएंगे

**इन नौ सीटों पर जयराम का है फोकस**

जयराम महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नौ सीटों पर फोकस किया है, जो कुरमी बुहल सीटें हैं. यहां पर कुरमी वोट ही अंतिम रूप से निर्णायक साबित होता है. इनमें सुदेश महतो की सीट सिल्ली, ईचागढ़, मांडू, रामगढ़, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, हजारीबाग और बाघमारा सीट प्रमुख है. इन नौ सीटों में अधिक अधिक से अपने पाले में करने की रणनीति बनाने में जयराम महतो जुटे हैं.



**सुदेश और आजसू पार्टी है जयराम के निशाने पर :** दरअसल अलग राज्य आंदोलन से लेकर झारखंड अलग होने के बाद से लेकर अब तक निर्मल महतो, विनोद बिहारी महतो, सुधीर महतो, शैलेंद्र महतो, टेकलाल महतो, सुदेश महतो जैसे कई कुरमी नेताओं का उदय हुआ. मगर फिर सारे आहिस्ता-आहिस्ता राजनीति से अस्त भी होते चले गए. कई कुरमी नेताओं की हत्या हो गयी तो कई वर्तमान में कुरमी राजनीति से हाशिए पर चल रहे हैं. झारखंड गठन के बाद झारखंड की कुरमी राजनीति में अचानक से सुदेश महतो का उद्भव हुआ. कभी पांच-पांच विधायक जिता कर लाने वाले सुदेश महतो खुद अपनी गृह सीट सिल्ली से दो बार चुनाव हार गए. पांच से खिसककर पार्टी दो तक भी पहुंच गयी. वर्तमान में सुदेश और उनके द्वारा ऑल झारखंड स्टुडेंट्स यूनियन जो झारखंड आंदोलन में एक उग्र युवा संगठन के तौर पर उदय हुआ था, उसे झारखंड गठन के बाद इस संगठन के नाम को विलोपित करते हुए आजसू पार्टी का गठन कर नए सिरे झारखंड में राजनीति की शुरुआत की. करीब 15 से 18 साल तक सुदेश महतो और आजसू पार्टी की तूती झारखंड की राजनीति में चली. अब झारखंड की राजनीति में छोटा टाइगर के रूप में झारखंड आंदोलन के पुत्र के तौर पर जयराम महतो का उदय हो गया है. जयराम महतो के नजदीकी यह बताते हैं कि हमारे निशाने पर आजसू पार्टी और उनके सुप्रीमो सुदेश महतो ही हैं. 24 के विधानसभा चुनाव में हमलोग किंग मेकर की भूमिका में रहेंगे. यही कारण है कि अचानक से जयराम महतो झारखंड के तमाम बड़े राजनीति दल जैसे भाजपा, कांग्रेस और झामुमो की पसंद बन गए हैं.

**क्लासिफाइड**






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, शनिवार 22 जून 2024 ● ज्येष्ठ पूर्णिमा 15 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 74 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## ब्रीफ खबरें

### बाईक चोरी के 8 माह बाद भी प्राथमिकी नहीं

**गोमो।** तोपचांची थाना क्षेत्र अन्तर्गत खेसमी ग्राम पंचायत के लोको बाजार मुहल्ले से बाईक चोरी की घटना हुए आठ माह बीत गया. तोपचांची थाने में आवेदन देने के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं किया गया. भुक्तभोगी भाजपा नेता दिलीप गोस्वामी ने बताया कि उनकी लाल रंग की होंडा शाईन बाईक संख्या जेएच10बीएल-2189 घर के दरवाजे से चोरी हो गई है. दूसरे दिन इसकी लिखित शिकायत तोपचांची थाना पुलिस को दी गई थी. लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई. कहा कि पूछे जाने पर तोपचांची पुलिस कहती है कि केवल आवेदन फेंक देने से थोडे.न केस दर्ज हो जाता है.

### उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा. जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क, मारपीट, आवास निर्माण, अवैध कब्जा, समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए. उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. जिला प्रशासन लोगों की हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा.

### सर्वमंगला के निदेशक ने मांगी सुरक्षा

**धनबाद।** सर्वमंगला नर्सिंग होम की डा. सर्वमंगला प्रसाद से प्रिंस खान के नाम पर एक करोड़ की रंगदारी मांगने के बाद पुलिस ने टाइगर जवान और पेट्रोलिंग पार्टी को सचेत कर दिया है. इधर मामले को लेकर बरवाअड्डा थाने में मौखिक शिकायत की गई है और सुरक्षा की मांग की है. इसके आधार पर कार्रवाई करते हुए टाइगर जवानों और पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को लगाया गया है. बताते चलें कि पूर्व में भी सर्वमंगला नर्सिंग होम संचालक से रंगदारी मांगी गई थी. तब धनबाद के चिकित्सक गोलबंद हुए थे.

### स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

**धनबाद ।** बीसीसीएल मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर शुक्रवार को गोविंदपुर और बस्ताकोला एरिया कार्यालय में नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ. इस दौरान एनएकेसी परियोजना और जीएम ऑफिस के समीप मौजूद अधिकारी और कर्मचारियों को स्वच्छता पर विशेष जानकारी दिया गया. इसके साथ बस्ताकोला एरिया के अस्पतालों आवासीय कॉलोनी खदान में स्वच्छता अभियान चलाया गया. मौके पर जीएमपी विद्युत सहाय, जीएम गणेश चंद्र साहा, जयंत कुमार, नागेंद्र यादव सहित कई शामिल थे.

---

**अपराध : मनईटांड का रहने वाला है छात्र, लॉ कालेज के समीप मिला था लहूलुहान**

# प्रेम त्रिकोण में इंजीनियरिंग छात्र की गर्दन में गोली मारकर हत्या

**खास बातें**

- एक युवती और एक युवक को हिरासत में
- दोनों से पूछताछ के बाद कई स्थानों पर छापेमारी



संवाददाता। धनबाद

धनबाद थाना क्षेत्र के लॉ कालेज के समीप इंजीनियरिंग के 21 वर्षीय छात्र अमरदीप भगत की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. उसकी गर्दन में दो गोलियां मारी गई थी. जख्मी हालत में उसे स्थानीय पुलिस ने उठाकर अस्पताल भेजा था, जहां उसकी मौत हो गई. प्रेम त्रिकोण को लेकर हत्या किए जाने का संदेह है. पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है. पुलिस उसके मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवती और एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. पुलिस की टीम ने दोनों को साथ लेकर कई स्थानों पर दबिश भी दी है. बताते चलें कि सुबह सदर थाना क्षेत्र में तेलीपाड़ा-दामोदरपुर स्थित लॉ कॉलेज के पास झाड़ी में खून से लथपथ हालत में एक युवक को पड़ा देखा गया था. स्थानीय लोगों ने तत्काल मामले की खबर धनबाद पुलिस को दी. इसके बाद शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. बाद में पता चला कि जख्मी अमरदीप धनबाद शहर के मनईटांड़ का रहने वाला था और इंजीनियरिंग सेकंड ईयर का छात्र था. सूचना पाकर उसके घर के लोग मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचे. परिजनों के मुताबिक गुरुवार देर शाम मोबाइल पर किसी का कॉल आने के बाद अमरदीप बात करते हुए घर से निकला था. इसके बाद वह रात में नहीं लौटा. फिर उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बताने लगा. शुक्रवार सुबह जानकारी मिली कि उसकी हत्या कर दी गई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अमरदीप की गर्दन में दो गोलियां मारे जाने की बात सामने आई है. छानबीन में जुटी पुलिस ने मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर एक युवती को हिरासत में लिया है. उससे पूछताछ में ये बात सामने आ रही है कि वारदात के पीछे प्रेम त्रिकोण हो सकता है. युवती और उसके एक परिचित लड़के को भी हिरासत में लिया गया है. दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की है.

**दो बजे रात आया था फोन**

छात्र के रिश्तेदार विकास भगत ने कहा अमरदीप अपने दोस्त के साथ गुरुवार की शाम को घूमने निकला था. और यह कहा था कि वह बीच-बीच में फोन पर बात कर लेगा .रात 1 से 2 के बीच अमरदीप का फोन आया था, उसने कहा कि थोड़ी देर में बात करता हूं. लेकिन शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि अमरदीप को किसी ने गर्दन में गोली मार दी है. अमरदीप मनईटांड़ का रहने वाला है लेकिन वह अपनी मां के साथ गोविंदपुर में रहता था .अमरदीप की मां गोविन्दपुर में स्टोर चलती है.

**नशा व जिस्मफरोशी से बढ़ रहा अपराध : राज सिन्हा**

विधायक राज सिन्हा भी एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे. अमरदीप के परिजनों से घटना की जानकारी ली और उन्हें सांत्वना दिया. उन्होंने कहा घटना काफी दु :खद है लेकिन चिंता इस बात की है कि मनईटांड़ ,लॉ कॉलेज, बेलगड़िया और बालाजी नगर में क्राइम काफी अधिक बढ़ गया है. क्योंकि यहां पर नशा, ड्रग्स और जिस्मफरोशी का धंधा काफी फल-फूल गया है. इस कारण यह इलाका क्राइम जोन के रूप में विकसित हो रहा है. जल्द ही यहां ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो ये लोग न सिर्फ पुलिस बल्कि पूरे धनबाद के लिए सरदर्द बन जाएंगे. उन्होंने कहा कि एसपी से बात कर इन इलाकों में गश्ती बढ़ाने की बात कही जाएगी.

---

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

## चोरी गई 12 बाइक बरामद, धनबाद से गिरोह करता था चोरी

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में बाइक चोरी की वारदातों में अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई के तहत पुलिस की विशेष टीम ने पांच बाइक लिफ्टर को गिरफ्तार किया है, जो बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे. इनके पास से एक दर्जन चोरी की बाइक बरामद की गई है.

गिरोह में शामिल अन्य शातिरों की छानबीन में पुलिस जुटी है. तिसरा थाना परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन ने बताया कि अपराध नियंत्रण एवं चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत सूचना संकलन के क्रम में दिनांक 20 जून को समय करीब 17.50 बजे गुप्त सूचना मिली कि तिसरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत खास-कुईयाँ के रहने वाले दो शातिर अपराधकर्मी गिरोह बनाकर झरिया एवं धनबाद जिला के अन्य जगहों से मोटरसाईकिल चोरी करने के लिए पहुंचे हैं. तब तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, घनुवाडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर छापेमारी के लिए भेजा गया. छापामारी के क्रम में तिसरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत खास- कुईया स्थित बीसीसीएल के टूटे-फूटे मकान के पास से सोनू सिन्हा तथा भोलु महतो को चोरी का योजना बनाते दबोचा गया. इनके पास से चोरी की चार (04) मोटरसाईकिल बरामद की गई. पकडे गए दोनों अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य सहयोगियों का नाम तथा चोरी की गई अन्य मोटरसाईकिल के संबंध में जानकारी दी गई. इसके पश्चात अभियुक्तों के निशानदेही पर सुरूंगा, चांद कुईयां, कुसमाटांड इत्यादि जगहों से अन्य 08 (आठ) चोरी की बाइक को बरामद किया गया. इनके अन्य तीन (03) सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है. पकडे गए सभी अभियुक्तों ने मोटर साईकिल चोरी करने एवं बेचने में अपनी संलिप्ता कबूल की है. गिरफ्तार अपराधकर्मियों में सोनू सिन्हा एवं भोलू महतो शातिर अपराधकर्मी है. इनके विरुद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट एवं अवैध शराब तस्करी के कई काण्ड धनबाद के विभिन्न थानों एवं दूसरे राज्यों में भी दर्ज हैं.इस संबंध में तिसरा थाना कांड में भी एक प्राथमिकी दर्ज की गई.प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी भूपेंद्र राउत, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन, तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, घनुवाडीह ओ०पी० प्रभारी पवन कुमार मौजूद थे.



**गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम व पता -**

1. सोनू सिन्हा, खास कुईयां, थाना-तिसरा
2. भोलू महतो, कुईयाँ कोलियरी थाना-तिसरा
3. रूपचन्द्र कुम्भकार, सुरूगां, थाना- अलकडीहा ओपी
4. भोला महतो, चाँद कुईयां बस्ती, थाना तिसरा
5. अजय कुमार महतो, कुसमाटाँड, थाना बलियापुर

**बरामद बाइक के इंजन व चेचिस नंबर**

(1) TVS अपाची, इंजन नं0- BE4442131374, चेचिस नं0- MD634BE42H2H321177,
(2) हीरो पैशन प्रो, इंजन नं0- HA10EDBGD37496, चेचिस नं0- MBLHA10EWBGDIS451,
(3) स्पलेण्डर प्लस, इंजन नं0- HA10AGJHFG2602,
(4) हीरो पैशन प्रो, इंजन नं0- HA10ECA9K046868, चेचिस नं0- MBLHA10AFA9K04123,
(5) होण्डा साईन, इंजन नं0-JC73ET1300090,
(6) हीरो पैशन, इंजन नं0- HA10EDAGC65189,
(7) TVS मोटरसाईकिल, इंजन नं0-UF1F41217061,
(8) हीरो ग्लैमर, इंजन नं0- JA06EJEGH00257,
(9) TVS अपाची, रजिस्ट्रेशन नं0 JH10BV7050, इंजन नं0- BE4DJ2438078, चेचिस नं0-MD634BE47J2D38232,
(10) हीरो पैशन प्झो, इंजन नं0-HA10ENEHE15907,
(11) होण्डा कम्पनी, इंजन नं0-JC58ET3415273,
(12) होण्डा कम्पनी का मोटरसाईकिल, इंजन न०- JC62E81179502, चेचिस नं0- ME4J0627JE8007999

---

# दाह संस्कार में दामोदर घाट गए दो युवक डूबे


करण


सचिन

1. दोस्त की मां के अंतिम संस्कार में गया था मोहलबनी घाट
2. गहरे पानी में डूबने लगे तीन दोस्त, एक की जान बची दो की मौत

संवाददाता। झरिया

झरिया के कोयरीबांध से एक शव का दाह संस्कार करने गए मोहलबनी घाट पर एक दर्दनाक हादसा हो गया. दाह संस्कार के दौरान नदी में नहाने गए तीन युवक गहरे पानी में डूबने लगे. एक युवक को सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि दो युवकों की डूबने से मौत हो गई.

मनईटांड़ निवासी टुनटुन तांती के पुत्र 22 वर्षीय सचिन और मनईटांड़ निवासी प्रेम आर्य के 23 साल के बेटे करण की मौत के बाद वहां मातम पसर गया. मनईटाड़ से झरिया कोयरीबांध निवासी अपने दोस्त मणिशंकर केसरी की मां के दाह संस्कार में दामोदर मोहलबनी घाट गए थे. सचिन और करण स्नान करने के दौरान नदी के गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे, हल्ला सुनकर काफी संख्या में वहां स्थानीय जुट गए और डूबे युवकों की तलाश शुरु हुई. लगभग 50 मिनट के बाद दोनों युवकों को गहरे पानी से बाहर निकाल लिया गया और एम्बुलेंस पर लेकर चासनाला स्वास्थ केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकिसकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. स्थानीय लोगों द्वारा सुदामडीह पुलिस को मामले की जानकारी दी गई. सूचना मिलते ही सुदामडीह पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. हादसे की जानकारी मिलते ही इनके घरों में कोहराम मच गया.

**करण होम्योपैथिक दवाई का डिस्ट्रीब्यूटरशिप लिए हुए था. वह काफी होनहार युवक था. इतनी कम उम्र में ही वह घर में पिता के कंधे को मजबूत कर रहा था और घर की जिम्मेवारियों में अपनी भागीदारी निभा रहा था.**

---

# राजभवन घेराव में शामिल हुए धनबाद के कांग्रेसी

## नीट परीक्षा लीक मामले में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में घेराव

संवाददाता। धनबाद

धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में दर्जनों गाड़ियों से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन घेराव में शामिल हुए. मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि परीक्षा पेपर लिक मामले में केंद्र सरकार की नियत पर शक होना लाजमी है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में एनडीए सरकार के एनटीए द्वारा ली गई नीट परीक्षा पेपर लिक मामले के विरोध में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं व नीट अभ्यर्थियों के साथ राजभवन का घेराव किया गया. शहीद चौक से भारी संख्या में कांग्रेसियों का काफिला राजभवन पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया.



---

# रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी के घर 22 लाख की चोरी

**खास बातें**

- शाइन सिटी में हुई वारदात, स्प्रे छिड़काव करने का संदेह
- अलमीरा की चाभी लेकर नगदी व जेवरात ले उड़े चोर

संवाददाता। धनबाद

धनबाद थाना क्षेत्र के नवाडीह शाइन सिटी में चोरों ने बीसीसीएल से रिटायर्ड कर्मी के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. इस वारदात में करीब 22 लाख से अधिक की संपत्ति चोरों के हाथ लगी है, इनमें बीस हजार नगदी समेत 20 लाख से अधिक के जेवरात शामिल हैं. मामले की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुटी है. पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा तलाश रही है, जिसके फुटेज से चोरों का कोई सुराग मिल सके. संदेह है कि वारदात को अंजाम देने से पूर्व परिवार के लोगों को स्प्रे आदि का छिड़काव किया गया हो, इससे परिजनों की नींद नहीं टूट पाई.

**बाथरूम का वेंटीलेटर खोलकर घुसे थे चोर**

पीड़ित अभिलाष सिंह मुनीडीह एरिया से सेवानिवृत हुए हैं. चोरों ने नीचे के मकान के बाथरूम का वेंटीलेटर का ग्रिल खोला और घर में प्रवेश कर गए. नीचे तल्ले को पूरी तरह से खंगालकर साफ कर दिया. चोरों को अलमारी की चाभी भी मिल गई और अलमीरा में बीस लाख से अधिक के जेवरात व कुछ नगदी भी रखे हुए थे. चोरों ने यहां से इन सामानों को बटोर लिया और मेनगेट खोलकर चलते बने. जबकि अभिलाष सिंह और परिवार के कई सदस्य उपर छत में सोए हुए थे.

**छोटे बेटे की होने वाली है शादी :** जेवरात उनके दोनों बेटे के बताए जा रहे हैं. उनके छोटा बेटे वैभव की शादी होने वाली थी, हाल में ही सगाई हुई थी. सगाई के दौरान चांदी की कटोरी में शगुन के तौर पर 20 हजार नगद भी मिले थे तथा चार सोने की अंगूठी थी, जो अलमारी में रखा था. बडे. बेटे अनुभव सिंह की पत्नी के जेवरात भी अलमारी में रखे हुए थे. इन सारे जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया.

---

**तस्करी** | बालू के अवैध कारोबार के कारण ही दाम दोगुना, उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लगाम लगाने का दिया निर्देश

# बालू तस्करी रोकने के लिए जिले में बनाया गया 9 चेक नाका

**शुभम संदेश एक्सक्लूसिव**

अमित सिन्हा । धनबाद

जिले में बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी की जा रही है. इस पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन के सारे दावे फेल होते जा रहे हैं. खनन विभाग एवं अनुमंडल पदाधिकारी की अगुवाई में कार्रवाई भी की जाती है लेकिन उसका असर दूसरे दिन ही खत्म हो जाता है. बालू माफिया 24 घंटे में ही छापेमारी को भूल फिर धंधे में लग जाते हैं. इधर बालू तस्करी पर नकेल कसने के लिए खनन विभाग ने जिले में नौ स्थानों पर चेक नाका बनाया है. जहां तैनात पुलिस बालू की तस्करी पर लगाम कसेंगे.

बालू के अवैध कारोबार के कारण ही बालू का दाम दोगुना हो गया है. जो बालू 17 से 18 हजार में बिक रहा था. अभी इसकी कीमत बढ़कर 24 से 30 हजार रुपये तक हो गयी है.



**खास बातें**

- कोयला माफिया को भी मात दे रहे बालू माफिया
- बालू तस्करी पर लगाम लगाने में जुटा खनन विभाग

**काले स्कोर्पियो एवं थार जैसी गाड़ियों से होती है रेकी**

प्रशासन डाल-डाल तो तस्कर पात पात हैं, जिले के बालू तस्कर इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं. कल रात्रि खनन विभाग की टीम छापेमारी के लिए खड़ी ही रह गई लेकिन एक भी गाड़ी पकड़ नहीं सकी. सूत्रों की मानें तो बालू तस्करी में बड़े-बड़े माफियाओं की एंट्री हो गई है. जो स्कोर्पियो एवं थार जैसी गाड़ियों में छापेमारी या खनन विभाग की टीम की रेकी करते हैं. रेकी के सहारे ही बड़े आराम से बालू भरा हाइवा एक जगह से दूसरी जगह ले जा रहे हैं. नाम न छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि कोयला तस्करी के बड़े माफिया भी अब बालू तस्करी में जुड़ गए हैं. यह लोग पूरी रात सड़क पर गुजारते हैं और पुलिस विभाग के सुस्त होने का इंतजार करते हैं.

**जिले में बालू का एक भी वैध घाट नहीं**

जिले में बालू का एक भी वैध घाट नहीं है. इसका फायदा बालू माफिया उठा रहे हैं. वो जिले के विभिन्न नदी घाटों से हर दिन बेरोकटोक बालू का उठाव करा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक बंगाल व अन्य दूसरे जिलों के चालान पर सर्वाधिक बालू का अवैध उठाव पांड्रा-बेजरा, मोराडीह, पोलकेरा, सिजुआ व पोखरियां सहित अन्य नदी घाटों से किया जा रहा है.

**इन स्थानों पर बना चेक नाका**

धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा के आदेश पर जिले में 9 चेक नाका बनाया गया है. बालू तस्करी पर लगाम लगाने को लेकर यह चेक नाका बनाया गया है. जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर ने बताया कि इन नए चेक नाका से बालू की तस्करी को रोकने में मदद मिलेगी. उन्होंने बताया कि बाघमारा अंचल के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलमच्चो पुल के पास, बाघमारा अंचल के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुदा ओवरब्रिज के पास, बाघमारा अंचल के राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगंज पुल के पास, पूर्वी टुंडी अंचल के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज रोड के पोखरिया में, पूर्वी टुंडी अंचल के निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुण्डवा चौक के पास, ग्यारहकुण्ड अंचल में चिरकुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 नम्बर चढ़ाई के पास, ग्यारहकुण्ड अंचल के पंचेत ओपी क्षेत्र अंतर्गत पतलाबारी चौक के पास, झरिया अंचल के जोड़ापोखर थाना के पास एवं झरिया अंचल के सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदामडीह रेलवे फाटक के पास नया चेक नाका बनाया गया है.

---

### डीवीसी परियोजना प्रधान को सौंपा ज्ञापन

**मैथन।** मैथन दुकानदार कल्याण समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को झामुमो नेता अशोक मंडल के नेतृत्व में डीवीसी मैथन परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे से मिलकर दुकानदारों की समस्याओं से अवगत करवाया और 10 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में दुकानदारों की लाइसेंस फीस एक समान 12 रूपये वर्ग फिट करने, मैथन के सभी बाजारों में पेयजल की व्यवस्था करने, पेशाब खाना, कुड़ादान, स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट मीटर में हो रही गड़बड़ी दूर करने, बाजारों की प्रतिदिन सफाई करवाने समेत अन्य मांगें की गई है. परियोजना प्रमुख ने प्रतिनिधिनमंडल को मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया. अशोक मंडल ने परियोजना प्रमुख से कालीपहाड़ी गांव के डैम साइड में पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने की भी मांग की.

# योग भगाए रोग



## उपायुक्त, विधायक, अधिकारियों का गोल्फ ग्राउंड में योगासन

**10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गोल्फ ग्राउंड में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम**

**धनबाद ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गोल्फ ग्राउंड में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विधायक राज सिन्हा, उपायुक्त माधवी मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमकुम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान योग प्रशिक्षक शिवम कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, विनय कुमार पंडित, किशोर कुमार ने वहां मौजूद सभी लोगों को अर्ध चन्द्रासन-भुजंग आसन-बाल आसन-मार्जरी आसन,पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध-मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, भुजासन, समेत कई अन्य आसान योग करवाया. नशे से दूर रहने की शपथ : योग के दौरान मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सभी को शपथ भी दिलाई गई. साथ वह उपस्थित सभी लोगों खासकर युवा वर्ग से उपायुक्त ने नशा से दूर रहने की अपील की. मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डीएसपी मुख्यालय-2 संदीप गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमकुम, आयुष के सीएचओ, डॉ संजय कुमार, स्कूली बच्चे एवं आम जनता मौजूद रहे.





## पूरी दुनिया मानती है योग की शक्ति : न्यायाधीश

संवाददाता । धनबाद

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवनशैली में लोगों को चिंता, अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक और मानसिक समस्याओं का सामना भी हो रहा है.बताया कि इस बार लीगल एट डिफेंस काउंसिल सिस्टम, सभी लीगल लिटरेसी क्लब में भी डालसा के पीएलभी, पैनल अधिवक्ताओं द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय राम शर्मा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी हसन, अपर न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय एसएन मिश्रा ,जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ,रजनीकांत पाठक, दुर्गेश चंद्र अवस्थी ,प्रभाकर सिंह, स्वयंभू ,संजय कुमार सिंह ,कुलदीप मान , नीरज विश्वकर्मा प्रफुल्ल कुमार, साकेत कुमार ,अंजनी अनुज, पारस कुमार सिंह, राकेश कुमार,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला , स्वेता कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी समेत सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने योगासन किया. वहीं बीसीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा योग दिवस मनाया गया. निदेशक फाइनेंस आरके सहाय ने कहा कि योग जीवन का अंग है. मौके पर डीटी संजय सिंह , सीबीओ अमन राज ,दिलीप कुमार सिंह राज्यभाषा अधिकारी,जीएमपी विधुत सहाय, डीके बेहरा,सुरेंद्र भूषण , मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उदय वीर , आरआर करण मौजूद थे.



**चानक में कूदा युवक**

एनडीआरएफ को बुलाने की तैयारी, दिनभर रही अफरा-तफरी

## निकालने की कोशिश नाकाम

**खास बातें**

- भाजपा नेत्री ने बीसीसीएल प्रबंधन को ठहराया जिम्मेवार

संवाददाता । झरिया



झरिया थाना क्षेत्र के भगतडीह-9 नंबर चानक में कूदे कृष्णानंद की तलाश माइंस रेस्क्यू टीम व बीसीसीएल प्रबंधन शुक्रवार को दिनभर जुटे रहे, लेकिन उसे निकाला नहीं जा सका. रेस्क्यू नहीं होने पर बीसीसीएल प्रबंधन एनडीआरएफ टीम को बुलाना चाहता है. इधर कृष्णानंद को नहीं निकाले जाने से उसके परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. सूचना पाकर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह भी घटनास्थल पर पहुंची और इस घटना के लिए बीसीसीएल प्रबंधन को जिम्मेवार ठहराया. कहा कि चानक के मुहाने को पूरी तरह ढक दिया जाता तो यह घटना नहीं घटती. प्रबंधन ने चानक के बीच में मुहाने को स्लैब देकर ढक दिया था, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से गलत है. रागिनी सिंह ने धनबाद डीसी से रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ टीम की मांग की है. इधर लगातार दबाव बनता देख बीसीसीएल प्रबंधन ने डीसी से मुलाकात कर एनडीआरएफ टीम बुलाने की मांग की है. बता दें कि गुरुवार की देर रात लोअर चौथाई कुली बाउरी मोहल्ला निवासी कृष्णानंद साहनी चानक में कूद गया. यह खबर क्षेत्र में फैलते ही हड़कंप मच गया. कृष्णानंद की मां और बहन का कहना है कि गुरुवार की रात चौथाई कुली मे तीन युवकों ने उसकी पिटाई की थी, जिससे आक्रोश में आकर वह चानक में कूद पड़ा. वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कृष्णा गुरुवार की रात नशे मे धूत था. इस वजह से कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट की थी. इसके बाद वह दौड़ते हुए चानक की ओर गया. कुछ ही समय उसके चानक में कूदने की खबर लोगों को मिली. सूचना पाकर झरिया और बोरागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. शुक्रवार को उसे चानक से बाहर निकालने के लिए माइंस रेस्क्यू धनसार के अधीक्षक पीआर मुखर्जी के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम घटनास्थल पर पहुंची. टीम खदान के अंदर रस्सी डालकर उसे निकालने की पूरी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली.

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

कृष्णानंद के चानक में कूदने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. उसके पिता का भी निधन हो चुका है. विधवा मां उम्दा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है. शुक्रवार अहले सुबह ही उसकी मां और दोनों बहन चानक के पास पहुंच गई. तीनों दहाड़ा मारकर रो रही थी. मां बार-बार चिल्ला रही थी कि मेरे बेटे को किसी तरह निकाल दो. आखिर मेरे बेटे ने किसका क्या बिगाड़ा था? अब परिवार का ख्याल कौन रखेगा. बता दें कि कृष्णानंद शादीशुदा है. 6 साल पूर्व उसकी शादी हुई थी. चार वर्ष का एक पुत्र कन्हैया कुमार भी है. पति से अनबन के बाद उसकी पत्नी गुड़िया दो वर्ष से अपने मायके भगतडीह में रह रही है. पति के चानक में कूदने की सूचना पाकर भी वह घटनास्थल पर नहीं पहुंची. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने घटना को दुखद बताया है. कहा कि इस समय उसके परिवार को सहयोग और सहानुभूति की जरूरत है. हमलोग पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं. उन्होंने उसके रेस्क्यू के लिए डीसी से बातचीत की है.

## अवैध बालू लदा वाहन जब्त

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स द्वारा शुक्रवार को अवैध बालू लदा एक वाहन जेएच10सीयू-1154 को जब्त किया है. इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए खनन टास्क फोर्स ने धनबाद थाना क्षेत्र में औचक छापामारी अभियान चलाया. छापामारी के क्रम में अवैध बालू लदा वाहन जब्त किया गया. वाहन को बरवाअड्डा थाना परिसर में रखा गया है. इस दौरान वाहन में लदे बालू के चालान एवं मात्रा के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. मोटरयान अधिनियम की धाराओं के तहत दंड राशि की भी वसूली की जाएगी.

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक को भेजा जेल

**खास बातें**

- वीडियो वायरल करने की दी थी धमकी

संवाददाता । कतरास



कतरास थाना क्षेत्र के अकाश किनारी जरलाही बस्ती निवासी 12 वर्षीया एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तारी के बाद एक आरोपी सिद्धार्थ सिंह उर्फू छोटू को जेल भेज दिया गया. वहीं दो आरोपी पुलिस हिरासत में है. नाबालिग को मेडिकल चेकअप करवाने के बाद पुलिस ने 164 का बयान दर्ज कराने के लिए न्यायलय में पेश किया. कुछ दिनों पहले तीनों आरोपियों ने नाबालिग को बहला फुसलाकर जलराही बस्ती के झाड़ियों में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था. दरिंदों ने मोबाइल से दुष्कर्म का वीडियो बनाकर पीड़िता को धमकी दी कि मुंह खोलने का अंजाम बुरा होगा. इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा. डर से नाबालिग अपने परिजनों को कुछ नहीं बता रही थी. इधर दरिंदे बार-बार नाबालिग को वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे. परेशान होकर नाबालिग ने गुरुवार को अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी. जिसके बाद परिजन नाबालिग को लेकर थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर ताबड़तोड़ छापेमारी कर तीनों आरोपी युवकों को धर दबोचा. जेल भेजे गए आरोपी सिद्धार्थ सिंह उर्फ छोटू को अकाश किनारी मैदान से गिरफ्तार किया गया.

### सीआईएसएफ मैथन यूनिट के नये कार्यालय का उद्घाटन

**मैथन।** मैथन क्षेत्र के गोगना में शुक्रवार को सीआईएसएफ के नये कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बीसीसीएल सीआईएसएफ यूनिट के डीआईजी आनंद सक्सेना और डीवीसी के कार्यकारी निदेशक अंजनी कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर डीआईजी आनंद सक्सेना ने कहा कि सीआईएसफ मैथन यूनिट के पदाधिकारियों के लिए नये कार्यालय बन जाने से कार्य करने में और गतिशीलता आएगी. साथ ही सीआईएसएफ के जवान डीवीसी की सुरक्षा हर वक्त पूरी मुस्तैदी से करेंगे.

**परेशानी** टोल टैक्स तो बढ़ रहा लेकिन नहीं मिल रहीं सुविधाएं

## नेशनल हाईवे पर यात्री सुविधा जीरो, शौचालय में ताला



अक्षय चौबे । तोपचांची

खुल में शौच मुक्त को लेकर सरकार के द्वारा शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शौचालय का निर्माण करवाया गया. लेकिन दो महानगरों को जोड़ने वाली सड़क एनएच 19 में भारत सरकार के स्वच्छता अभियान को खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है. नेशनल हाईवे में यात्रियों को सुविधा देने को लेकर एनएच किनारे शौचालय का निर्माण करवाया गया ताकि खुले में शौच ना करना पड़े. सड़क पर वाहन यात्रियों व चालकों को शौच के लिए शर्मिंदगी महसूस नहीं करनी पड़े. धनबाद जिला के बरवाअड्डा से अंतिम सीमा तोपचांची तक कई शौचालय बनाए गए हैं. परंतु उन शौचालयों में ताला जड़ दिया गया है. हालत यह है कि इस सड़क से गुजरनेवाले राहगीरों को खुले में शौच के लिए विवश होना पड़ता है.

### रोड चकाचक, सुविधाएं गायब

नेशनल हाईवे दो महानगरों कलकत्ता व देश की राजधानी दिल्ली को जोड़ता है. इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग सफर करते हैं. सड़क तो दुरस्त कर दी गई है, मगर यात्रियों के लिए तय सुविधाएं शून्य के स्तर पर पहुंच गई हैं. तोपचांची प्रखंड के चरकी पहाड़ी, पावापुर व राजगंज के जरमुनई पर नेशनल हाइवे किनारे शौचालय का निर्माण कराया गया. तीनों शौचालय के गेट पर ताला जड़ा हुआ है. चरकी पहाड़ी के समीप बने शौचालय में पानी की टंकी भी लगाई गई थी, जो रखरखाव के अभाव में गायब हो गई.

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा. जनता दरबार में मुख्यत: जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क, मारपीट, आवास निर्माण, अवैध कब्जा, समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए. उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. जिला प्रशासन विधि सम्मत लोगों की हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा.

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित



**बराकर।** गुरुवार की संध्या भाजपाइयों ने पश्चिम बंगाल दिवस मनाया. इस अवसर पर आसनसोल लोकसभा क्षेत्र के नियामतपुर स्थित भाजपा सेंट्रल पार्टी कार्यालय में भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किए. प्रदेश भाजपा सदस्य विवेकानंद भट्टाचार्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि डॉ. मुखर्जी नहीं होते तो पश्चिम बंगाल नहीं होता. उनके ही प्रेरणा और दृढ़ संकल्प से हमलोग पश्चिम बंगाल देख रहे हैं. मौके पर कुल्टी विधानसभा के मंडल उपाध्यक्ष टिंकु वर्मा, जिला सदस्य महेश सिंह, कुल्टी भाजपा मंडल तीन ओर चार के उपाध्यक्ष कवि सिंह, काजल दास, मलय घोष, भाजयुमो के सदस्य दिवाकर कुमार समेत दर्जनों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## पीएचईडी-आपूर्ति में शिकायतें अधिक : मथुरा प्रसाद महतो

20 सूत्री की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

**खास बातें**

- आंगनबाड़ी में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

संवाददाता । तोपचांची

शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में 20 सूत्री की बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा हुई. इस दौरान विकास कार्यों को लेकर विभाग के अधिकारियों ने कोई लिखित दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर सिर्फ मौखिक तौर पर विकास कार्यों को गिनवाया. बैठक के दौरान प्रखंड में बने नए आंगनबाड़ी केंद्र को हैंडओवर करने की बात कही गई. प्रखंड के विभिन्न जगह दयनीय स्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है. वैसे आंगनबाड़ी में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. बैठक में उपस्थित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि क्षेत्र में पीएचईडी,आपूर्ति व अन्य विभागों के कार्यों से जनता द्वारा लगातार शिकायत मिल रही है. जिन विभागों से ग्रामीणों के द्वारा ज्यादा शिकायत प्राप्त हुई वैसे विभाग के अधिकारियों से अलग बैठक कर समस्या का निदान किया जाएगा. मौके पर अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास तिवारी, प्रखंड प्रमुख आंनद महतो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

#### उत्पाद विभाग का छापा, भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**जमुआ (गिरिडीह)।** गिरिडीह एसपी के निर्देश पर उत्पाद विभाग व पुलिस ने शुक्रवार को जमुआ में अवैध शराब के खिलाफ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान जमुआ थाना क्षेत्र के बाघमारा गांव से बड़े पैमाने पर जावा महुआ, देसी शराब, नौसादर व गीला गुड़ जब्त किया गया. टीम ने गांव के दिगेश साव के झोपड़ीनुमा घर से 200 लीटर देसी शराब, 800 किलो जावा महुआ, 20 किलो नौसादर (शराब मे मिलाने वाला) व 4 क्विंटल गिला गुड़ जब्त किया है. छापेमारी में जमुआ अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, उत्पाद विभाग के अधिकारी व पुलिस के जवान शामिल थे. थाना प्रभारी ने बताया की अवैध शराब के धंधेबाज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

#### दो वाहनों में टक्कर दो लोग घायल

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिसरी-गिरिडीह मुख्य पथ पर बैंक ऑफ़ इंडिया के समीप स्थित मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह बारात से लौट रही सवारी गाड़ी और एक मालवाहक पिकअप के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई. हालांकि दुर्घटना में 2 लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं. जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज करवाया गया. पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर ली है.

#### स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जन जागरुकता अभियान

**गांवा (गिरिडीह)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां के तत्वावधान में शुक्रवार को मिडिल स्कूल माल्डा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जमडार, मवि जिबड़ी व पसनौर विद्यालय के छात्राओं ने मलेरिया रोधी माह के विषय पर जन जागरुकता रैली निकाली. इस दौरान हेल्थ इक्विटी जेंडर इक्वालिटी एंड हयूमन राइट्स का स्लोगन की तख्तियां लेकर छात्राओं ने अपने पोषक क्षेत्र का भ्रमण किया. इस मौके पर विभिन्न विधालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक व स्वास्थ कर्मियों ने एक साथ स्कूल परिसर एवं सभी टोला में विभाजित होकर रैली निकाली.

#### जीएम के साथ संवेदक की परिचयात्मक बैठक

**कथारा।** विस्थापित संवेदक समिति कथारा के पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक क्षेत्र के महाप्रबंधक के साथ गुरुवार की देर शाम सम्पन्न हुआ. सदस्यों ने सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार से मुलाकात कर समिति के पदाधिकारियों का परिचय एवं संगठन के उद्देश्य से अवगत कराया. यहां महाप्रबंधक ने भी संगठन को सकारात्मक स्वरूप में प्रबंधन के कार्यो में सहयोग करने का भरोसा जताया. इसके पूर्व समिति के पदाधिकारी क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार को बुके और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया.

#### राजस्व संग्रहण से संबंधित बैठक आयोजित

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण ग्रामीण हाट बाजार समिति गठन की स्थिति, अतिक्रमण, सैरात, आपदा से संबंधित बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में की. उपायुक्त ने जिला में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की. प्रखण्डवार राजस्व वसूली, ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामले, सक्सेशन, म्यूटेशन, अवैध जमाबंदी सहित अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई. उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करने का निर्देश दिया.

#### बालिका ट्रैफिकिंग के खिलाफ दिलाई शपथ

**बोकारो।** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड के चिपुदग स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहयोगिनी संस्था द्वारा दुर्व्यपार तथा ट्रैफिकिंग के खिलाफ जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान सभी को बालिका ट्रैफिकिंग के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई. सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि मानव व्यापार तथा बाल मजदूरी के खिलाफ सुरक्षित गांव बनाने को लेकर स्कूलों तथा गांवो में यह अभियान चलाया रहा है. इन सतत प्रयासों का उद्देश्य बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के खिलाफ लोगों में जागरूकता के स्तर को बढ़ाना और इसकी बुराइयों से अवगत कराना है.

# बच्ची से दुष्कर्म व हत्या मामले में चार गिरफ्तार

## दुमका से आये डॉग स्क्वायड मोमो ने निभाई अहम भूमिका, 24 घंटे में कांड का उद्भेदन

- अपराधियों में एक बालिग, तीन नाबालिग

संवाददाता। साहिबगंज



बरहरवा प्रखंड में गुरुवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के रानीग्राम में 8 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई थी, जिसका शव अर्द्ध निर्मित मकान से बरामद किया गया था. इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है.

इस मामले में बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा ने बरहरवा थाना कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि घटना को लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया. यतोपरांत कांड को लेकर बारीकी से घटनास्थल एवं आस पास पूछताछ और जांच पड़ताल किया गया. इस जांच में दुमका से लाये गए डॉग स्क्वायड ट्रैकर मोमो के सहयोग से अनुसंधान जारी रखते हुए चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया. कड़ाई से पूछताछ के उपरांत धराये सभी अभियुक्तों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकारते हुए बताया कि चारों ने पीड़ित आठ वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ बारी-बारी से बलात्कार कर बच्ची को जुट के बोरा से गला दबाकर हत्या कर दिया.

बताते चलें कि गिरफ्तार किए गए चार अभियुक्तों में एक अभियुक्त बालिक लक्ष्मण बागती उम्र 20 पिता-राकेश बागती एवं तीन नाबालिक जिसे विधिवत निरुद्ध किया गया है. सभी अभियुक्तों के स्वीकरोक्ति बयान के आधार पर घटनास्थल से पुलिस ने घटना के दिन पहने हुए कपड़े एवं प्लास्टिक एवं खून लगा हुआ जुट का बोरा को भी जब्त कर लिया है.

मामले को लेकर बरहरवा थाना में कांड दर्ज कर अग्रसित कार्यवाही करते हुए एक 20 वर्षीय अभियुक्त लक्ष्मण बागती को न्यायिक हिरासत में जेल भेजते हुए नाबालिक अभियुक्तों को जुबनैल बोर्ड दुमका भेजा जाएगा. वहीं मामले का सफल उद्भेदन करने में एसआईटी की टीम में बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा, राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा पुलिस निरीक्षक सधीर कुमार पोद्दार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान, प.अ.नि अमित कश्यप, एएसआई कवीन्द्र मिश्रा, एएसआई राम प्रसाद यादव एवं सशस्त्र बल शामिल थे.

### शरीर व मन को स्वस्थ रखने का माध्यम है योगः डीसी




**साहिबगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को साहिबगंज के सिदो-कान्हू स्टेडियम में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में डीसी हेमंत सती, एसपी कुमार गौरव, डीडीसी सतीश चंद्रा, सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार, डीटीओ विष्णु देव कच्क्षप सहित अन्य अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षकों के निर्देशन में योगाभ्यास किया. डीसी ने कहा कि हम दैनिक जीवन में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने का ही समय नहीं है. योग ऐसा माध्यम है जिसके जरिए हम अपने शरीर व मन-मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकते हैं. इसलिए हर किसी को नियमित योग करना चाहिए. मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी पीतांबर पटेल, जिला गंगा समिति के सदस्य चंद्रेश्वर प्रसाद सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# वृद्ध दम्पति का शव घर से बरामद, लोग हतप्रभ

## दंपति की मौत 2-3 दिन पूर्व होने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**खास बातें**

- घर में बाहर से लगा था ताला
- दुर्गंध फैलने से हुई लोगों को जानकारी

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)



तिसरी थाना इलाके के गम्हरियाटांड में शुक्रवार की सुबह एक वृद्ध दम्पति का शव उनके घर के कमरे से बरामद हुआ. शव देखने से प्रतीत होता है कि उनकी मौत 2-3 दिन पूर्व ही हो चुकी है. मृत दम्पति गम्हरियाटांड़ निवासी 70 वर्षीय श्याम प्रसाद सिन्हा और उनकी 68 वर्षीय पत्नी उषा देवी हैं.

बताया जाता है कि श्याम प्रसाद सिन्हा होम्योपैथिक चिकित्सक थे. वे अपने घर पर ही चिकित्सा करते थे. उनकी कोई भी संतान नहीं थी.

इस दौरान बीते दो-तीन दिनों से उनके घर के बाहर का दरवाजा बंद था. जिसके कारण आसपास के लोगों ने सोचा कि वह कहीं गए हुए हैं.

शुक्रवार की सुबह अचानक ही उनके घर के आसपास दुर्गंध फैलने लगी. तभी एक व्यक्ति ने दूसरे दरवाजे से उनके घर के अंदर जाकर देखा तो दोनों पति-पत्नी का शव उनके कमरे में पड़ा था और शव से काफी दुर्गंध आ रही थी. जिसके बाद आसपास हो-हल्ला हुआ और भारी संख्या में लोग जुट गए. मामले की जानकारी स्थानीय मुखिया किशोरी साव और तिसरी पुलिस को दी. जिसके बाद तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. हालांकि दोनों की मौत कैसे हुई, इसका अभी तक कुछ भी पता नहीं चल पाया है. पुलिसिया जांच में ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा.

बताया जाता है कि उक्त दंपति आर्थिक परेशानियों से भी जूझ रहे थे. वहीं परिवार में बाल बच्चा नहीं होने के कारण घर का कामकाज करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था. बहरहाल इस घटना से आसपास सहित पूरे तिसरी के लोग आश्चर्यचकित हैं.

### योग दिवस पर पुलिस लाइन मैदान में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# योग से होता शारीरिक और मानसिक विकास : उपायुक्त

- शरीर को तंदुरूस्त रखने के लिए योग जरूरी : एसपी

संवाददाता। बोकारो



बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में जिला आयुष समिति एवं जिला गंगा समिति द्वारा शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें उपायुक्त विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र के सदस्य, नमामि गंगे अंतर्गत जिला गंगा समिति के सदस्य, सिविल डिफेंस के सदस्य, विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चास की बच्चियां, काफी संख्या में आमजनों ने योगाभ्यास किया.

मौके पर उपायुक्त विजयी जाधव ने कहा कि योग हमारी प्राचीन जीवन पद्धती है. वर्तमान समय में जीवन में योग का महत्व और बढ़ जाता है. योग करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है. बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योग जरूरी है. उन्होंने जिलावासियों से योग को अपने जीवन शैली (लाइफ स्टाइल) में शामिल की बात कहीं.

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिए योग आवश्यक है, वह स्वयं नियमित इसे करते हैं. उन्होंने आमजनों को अपने शरीर को तंदुरूस्त रखने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करने का अपील की.

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार ने कहा कि योग करने के कई फायदे हैं. योग का हमारे जीवन में काफी महत्व है. मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है. उन्होंने स्वयं योग करने एवं दूसरे को भी योग के लिए प्रेरित करने को कहा.

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, डीपीएलआर, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चास आदि ने जिला वासियों को दस वें. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी.

#### योग शरीर को बनाता है रोग मुक्तः संजय कुमार

**कथारा।** 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बेरमो कोयलांचल का माहौल योगमय बना रहा. अहले सुबह से ही लोग योग के लिए योग शिविर में पहुंचे और योगाभ्यास किया. इसी क्रम में कथारा ऑफिसर क्लब में भी योगाभ्यास किया गया और योग्य से निरोग रहने का मूल मंत्र लोगों की दी गई. उक्त कार्यक्रम शुक्रवार की सुबह निर्धारित समय से आरम्भ किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दिप प्रज्ज्वलित कर किया गया. उसके बाद कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट देकर किया गया. तत्पश्चात सूर्य नमस्कार से योग्य शुरू की गई और निरोग रहने का मूल मंत्र योग्य गुरु से प्राप्त किया. इस दौरान कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि योग शरीर को रोगमुक्त बनाए रखने में मददगार साबित होती है. मौके पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के तमाम अधिकारी और कर्मी शामिल हुए. कथारा आफिसर्स कल्ब में आयोजित योग शिविर को सफल बनाने में कथारा क्षेत्र के सीएसआर उप प्रबंधक चंदन कुमार तथा उनके सहयोगी टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई.

# दो अवैध आरा मिलों में छापा 5 लाख की लकड़ियां जब्त



संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)

डीएफओ प्रवेश अग्रवाल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को बेंगाबाद के चक्रदहा गांव में दो अवैध आरा मिलों पर छापेमारी की. आरा मिलों से करीब 5 लाख रुपए की कीमती लकड़ियां जब्त करते हुए आरा मिलों को जेसीबी से उखाड़ दिया गया. आरा मशीनों व लकड़ियों को टीम अपने साथ ले गई. ज्ञात हो कि इससे पहले भी विभाग ने छापेमारी कर आरा मिलों को ध्वस्त कर दिया था. लेकिन कुछ दिन धंधेबाजों ने दोबारा शुरू कर दिया.

डीएफओ ने बताया कि आरा मिल संचालकों के बारे में पता किया जा रहा है. संचालकों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. जब्त लकड़ियों की नापी की जारी है. छापेमारी में रेंजर सुरेश रजक, वनपाल दिवाकर तांती, कुलदीप राम, संतोष दास, आशीष कुमार मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा, शशि प्रसाद मंडल, पप्पू शर्मा, बबिता कुमारी, राजेश शर्मा आदि शामिल थे.

# संपोषित ग्रामीण हाट का शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न

## हाट निर्माण के शिलान्यास से ग्रामीणों में उत्साह



संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

जमुआ प्रखण्ड क्षेत्र के केंदुआ पंचायत के रांगामाटी काली मंडा के प्रांगण में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के द्वारा संपोषित ग्रामीण हाट का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया.

सभा को संबोधित करते हुए डीडीएम गिरिडीह ने कहा कि गिरिडीह जिले के अंतर्गत हाट निर्माण की यह दूसरी प्रोजेक्ट है, जिसकी स्वीकृति नाबार्ड ने प्रदान की है. समय-समय पर नाबार्ड के द्वारा और कई परियोजनाएं आपके क्षेत्र में संचालित की जायेंगी. नाबार्ड का मुख्य कार्य कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना होता है. नाबार्ड सरकार को ऋण उपलब्ध कराती हैं. हाट निर्माण के शिलान्यास से ग्रामीणों में काफी उत्साह है.

बता दें ग्रामीण क्षेत्र में हाट का बड़ा महत्व है. यहां ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को साग सब्जी बेचने अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा.

जिसमें मुख्य अतिथि डीडीएम देवघर, विशिष्ट अतिथि डीडीएम गिरिडीह, आइडिया स्वयं सेवी संस्था के संचालक कृष्ण मुरारी शर्मा, आशा देवी मुखिया ग्राम पंचायत केंदुआ, पंचायत समिति सदस्य केंदुआ, केंदुआ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर रंजीत कुमार मंडल, पवन कुमार वर्मा, उपमुखिया प्रतिनिधि मोहन प्रसाद वर्मा, सभी सम्मानित वार्ड सदस्य, जेएस एल पी एस के सबिता देवी, अमिता देवी, आसमा खातून तथा पंचायत के सैकड़ों सम्मानित ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित थे.

#### प्रखंड प्रमुख ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरिक्षण

**महगामा।** बोआरीजोर प्रखंड की प्रमुख संचिता हेंब्रम ने प्रखंड अंतर्गत कुसुमघाटी पंचायत अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. जिसमें अधिकांश केंद्र बंद मिले. केंद्र पर ताला लटका हुआ था, केंद्र पर ना तो सेविका उपस्थित थी और ना ही सहायिका आई थी. जब केंद्र ही बंद था तो बच्चे भी नदारद थे. इस मामले में प्रखंड प्रमुख श्रीमती हेंब्रम ने बताया कि कुसुमघाटी पंचायत में आठ आंगनबाड़ी केंद्र है, जिसमें चार केंद्र बंद मिले. इस मामले में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को जब फोन पर बताया गया तो उन्होंने बड़ी आसानी से कह दिया कि जिस दिन केंद्र बंद मिला है उस दिन का पोषाहार की कटौती कर ली जाएगी. श्रीमती हेम्बरम ने कहा कि इसकी सूचना बीडीओ को भी दे दी गई है अगर आगे कोई कार्रवाई नहीं होती है तो वरीय अधिकारियों को भी लिखा जायेगा.


#### सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन

**तलगड़िया।** चास प्रखंड अन्तर्गत पुपुनकी गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक धनुष महतो का निधन गुरूवार की रात हो गया. वे 75 वर्ष के थे और काफी लंबे समय से बीमार थे. महतो का सामाजिक कार्यो में काफी योगदान रहा. वे शिवाजी समाज एवं कुड़मी छात्रावास चास से जुड़े थे. गुरूवार की रात बीजीएच में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली. स्व. महतो अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं. उनके निधन पर ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया है. शुक्रवार को दामोदर नदी में दाह संस्कार किया गया.

**घपला** रात के अंधेरे में पीडीएस चावल खपाने के मामले ने पकड़ा तूल, बीडीओ ने बनाई जांच टीम

# चार बोरी चावल के साथ ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ा

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)



जमुआ में गरीबों के निवाले को रात के अंधेरे में खपाने का एक मामला गुरुवार देर रात को प्रकाश में आया है. इस संदर्भ में एक वीडियो वायरल हो रहा है . वायरल वीडियो में एक युवक अपनी बाइक पर चार बोरी पीडीएस का चावल ले जा रहा है, जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने घेर कर पकड़ लिया. जब उस व्यक्ति का नाम पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उसका नाम सुरज कुमार साव है और वह इसी प्रखंड के बलगो पंचायत का रहने वाला है. वह मुढ़ी बेचने दिन में गांव-गांव जाता है. किसी के कहने पर वह चावल लेने आया था. बोला कि वह खाने के लिए चावल कभी-कभी ले जाता है.

ग्रामीणों ने बताया कि चरघरा पंचायत के गनियाडीह गांव का सरस्वती आजिविका सखी मण्डल द्वारा संचालित पीडीएस दुकान से रात के अंधेरे में ये लोग हमेशा चावल ले जाते हैं. इधर चरघरा पंचायत के पंसस सोनिया हेम्ब्रम, ग्रामीण सह समाजसेवी मुकेश कुमार, गोविंद रविदास, सुरेश वर्मा, खलील अंसारी, हरिदेव वर्मा, हेमलाल वर्मा, बद्दरूदीन मुंशी, इजराइल अंसारी, हाफिज अंसारी, इस्लाम अंसारी, गोविंद मांझी, अफसाना खातून, नूरजहा खातून, मैरून निशा, कुलसुम प्रवीण, आईसा खातून सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि इस गोरखधंधे में कई लोग शामिल हैं. ग्रामीणों ने कहा कि हर चार से पांच दिनों में इसी तरह बाइक से रात के अंधेरे में चार बोरा चावल बांध कर ले जाते हमलोग देखते थे.

आज हमलोगों ने उस बाइक वाले को रोक कर पूछा तो पता चला कि वे चावल जनवितरण प्रणाली के दुकान से खरीद कर ले जा रहा है. जहां बोरे में झारखंड सरकार का लेबल लगा हुआ था. इधर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार एवं चावल को कालाबाजार में ख़पाने वाले के बीच की बातचीत का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया.

### कालाबाजारी करने वाले डीलरों को बर्खास्त करे बीडीओ

इधर प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि चावल कालाबाज़ारी करते हुए पकड़े गए युवक की जानकारी वहां के पंसस एवं ग्रामीणों ने इसकी जानकारी देर रात हमें दिया. जहां हमने इसकी जानकारी जमुआ बीडीओ सह एमओ एवं एजीएम को रात में फोन पर जानकारी देकर कार्रवाई के लिए कहा. बीडीओ ने रात में ही पुलिस भेज कर चावल एवं बाइक को जप्त कर थाना ले आया. युवक को छोड़ दिया गया है. कहा कि इस तरह गरीबों का चावल कालाबाज़ारी करने वाले डीलरों को बर्खास्त करना चाहिए. संजीत यादव ने कहा कि अगर दोषी डीलर पर प्रखंड स्तर से कार्रवाई नहीं होती है तो उपायुक्त एवं डीएसओ को पत्र लिखा जाएगा. इधर डीलर सुनीता देवी ने कहा कि यह चावल मेरा नहीं है. अब ये लड़का कहां से ला रहा है, इसकी जानकारी हमें नहीं है.

### बीएओ की अध्यक्षता में बनी जांच टीम

वायरल वीडियो के आधार पर जमुआ के बीडीओ ने संज्ञान लेते हुए बीएओ अनिल गोस्वामी की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित कर दिया है. बीडीओ कमलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि पीडीएस का चावल रात में ख़पाने का वीडियो वायरल हो रहा है. उसकी सत्यता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. कहा कि पीडीएस का चावल बेचना और खरीदना दोनों अपराध है. कहा कि जांच के बाद कार्रवाई होगी.

#### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का नागरिक अभिनन्दन

**जमुआ (गिरिडीह)।** कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का शुक्रवार की संध्या जमुआ चौक पर नागरिक अभिनंदन किया गया. प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने शॉल देकर स्वागत किया. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि उनकी जीत आम जनता की जीत है. लोकतंत्र की जीत है और मोदी के प्रति देशवासियों की आस्था की जीत है. कहा कि मुझ पर केंद्र की मोदी सरकार ने जो दायित्व दिया है उस पर मैं खरा उतरने की प्रयास करूंगी. मैं कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील रहूंगी. जमुआ विधायक केदार हजरा, भाजपा के प्रणव वर्मा, साहेब महतो एवं कैलाश साव को अंग वस्त्र देंकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर कैलाश साव, सदानन्द साव, महेंद्र यादव, कृष्णदेव राय, छोटन सिंह, बालगोविंद यादव, बासुदेव यादव, पंकज यादव सहित बड़ी संख्या में आमजन एवं भाजपा के लोग उपस्थित थे.

#### सीओ-बीडीओ के खिलाफ झामुमो की बेमियादी धरना समाप्त

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड मुख्यालय में झामुमो की प्रखण्ड इकाई गावां के द्वारा आहूत बेमियादी धरना गुरुवार-शुक्रवार की आधी रात को नाटकीय ढंग से समाप्त हो गया. बता दें कि झामुमो ने प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ गुरुवार से प्रखंड मुख्यालय में बेमियादी धरना शुरू किया था. धरना की अगुवाई कर रहे बीस सूत्री प्रखंड कमिटी अध्यक्ष अजय सिंह ने प्रखण्ड और अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा था कि मनरेगा में नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है. अंचल में जमीन का ब्यौरा ऑनलाइन करने और दाखिल खारिज के नाम लूट मची है. वहीं जल नल योजना में लूट हो रही है. इन्हीं सब के खिलाफ धरना दिया जा रहा था. हालांकि झामुमो का बेमियादी धरना 12 घंटे बाद ही आधी रात में लगभग 11 बजे नाटकीय ढंग से समाप्त हो गया. बताया जाता है कि झामुमो जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद झामुमो की गावां प्रखंड इकाई ने धरना समाप्त कर दिया है.

### ब्रीफ खबरें

#### चौपारण की नई बीडीओ ने अपना पदभार संभाला

**चौपारण।** प्रखंड में निवर्तमान बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा के स्थानांतरण के बाद नई बीडीओ के तौर पर चक्रधरपुर की बीडीओ सीमा कुमारी की पोस्टिंग चौपारण में हुई थी, लेकिन उन्होंने लंबे समय तक पदभार ग्रहण नहीं किया. चौपारण के सीओ संजय यादव ही बीडीओ के पद पर प्रभार के तौर पर कार्यरत थे. शुक्रवार को नई बीडीओ सीमा कुमारी ने प्रखंड कार्यालय पहुंच कर पदभार ग्रहण किया. सीमा कुमारी को चौपारण के सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव ने पदभार सौंपा.

#### बच्चों में कुपोषण की रोकथाम पर हुई चर्चा

**हजारीबाग।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं का उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया. जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, सीडीपीओ, सदर रेखा रानी ने इसका शुभारंभ किया. एकजुट संस्था के डिविजनल कोऑर्डिनेटर उत्तरी छोटानागपुर संजय कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर तरुण कुमार एवं संजय कुमार मौजूद थे. तीन वर्ष से छोटे बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए समुदाय आधारित पीएलए बैठक, गृह भ्रमण आदि पर चर्चा की गई.

#### प्रमंडलस्तरीय समिति का किया गया गठन

**हजारीबाग।** नई कोयला वितरण नीति 2007 के तहत कोल लिंकेज प्राप्त कर रही एमएसएमई इकाइयों की सत्यता एवं प्राप्त हो रहे कोयला की उपयोगिता से संबंधित जांच हेतु उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान एमएसएमई इकाइयों की जांच करने हेतु प्रमंडलस्तरीय समिति का गठन किया गया, जिसमें उपनिदेशक खान, महाप्रबंधक खान, पुलिस उप महानिरीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक समिति सदस्य में शामिल हैं.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने ओपन एम्फी थियेटर में किया आयोजन, कुलसचिव ने कहा

# योग स्वस्थ जीवन व समाज के लिए आवश्यक

संवाददाता। हजारीबाग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर परिसर में आईसेक्ट विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के बैनर तले योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी और आसपास के अन्य लोग उत्साह शरीक हुए.

योगाचार्य मनीष कुमार ने सुबह पांच बजे 7 बजे के बीच मौजूद लोगों को सूर्य नमस्कार, पद्मासन, चक्रासन, मयुरासन, वक्रासन, ताड़ासन, प्राणायाम सहित कई महत्वपूर्ण योग कराए. साथ ही ध्यान, संकल्प और शांति पाठ भी कराए गए. आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि योग हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए क्योंकि निरोग रहने का उत्तम साधन योग है. उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन के साथ साथ स्वस्थ समाज निर्माण के लिए भी आवश्यक है. साथ ही कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मददगार है. उन्होंने कहा कि योग द्वारा ही शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है. वहीं कुलपति डॉ पीके ने कहा कि हर उम्र के लोगों के लिए योग जरूरी है. योग अपनाने से कई बीमारियों से छुटकारा तो मिलता ही है साथ ही एकाग्रता, स्मरण शक्ति बढ़ाने, कार्य क्षमता बढ़ाने और तनाव दूर करने का भी बेहतर जरिया योग है. अरेबिक व जुम्बा के प्रशिक्षक दीपक कुमार ने म्यूजिक के जरिए योगाभ्यास कराया.

**योगाभ्यास के दौरान विश्वविद्यालय से ये रहे मौजूद :** योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल डायरेक्टर डॉ विनोद कुमार, एआर विजय कुमार, एआर ललित कुमार, एआर माधवी मेहता, डॉ अरविंद कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ रोजिकांत, डॉ प्रीति व्यास, रितेश कुमार कुमारी सीमा, अजय बर्नवाल, संजय दांगी, अमित कुमार, राहुल रजवार, पंकज प्रज्ञा, मुकेश कुमार, कुमारी काजल सोनी, रविकांत कुमार, प्रभात कुमार, प्रभात किरण, रोहित कुमार, रोहित मिंज, कैलाश कुमार, संजय कुमार, आशा गुप्ता, कोमल कुमारी, डॉ आलोक राय, अजय, मोहम्मद जाहिद, मुकेश कुमार, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद थे.



आईसेक्ट विश्वविद्यालय में शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया.

## विद्या मंदिर स्कूल में मनाया गया योग दिवस



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में योगाभ्यास करते स्कूल के विद्यार्थी.

**हजारीबाग।** कोर्रा बाबू गांव स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सदस्य महेंद्र राम एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने कया. इसके बाद विद्यालय के आचार्य पप्पू पांडे एवं अमन कुमार गुप्ता ने बच्चों को योगाभ्यास एवं सूर्य नमस्कार करवाया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य राज कुमार सिंह, रविंद्र कुमार, अल्पना सिन्हा, रविकांत पाठक, शिव शरण ठाकुर, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे.

## डीएवी बरकाकाना ने विश्व योग दिवस मनाया



डीएवी बरकाकाना पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया.

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना पब्लिक स्कूल में विश्व योग दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में 1600 बच्चों एवं 100 कर्मचारियों ने भाग लिया. विद्यालय की योग शिक्षिका ज्योत्स्ना राय ने योग करवाया. कार्यक्रम में सबसे पहले पूर्व छात्र एवं बोकारो के डीएसई एवं विद्यालय के प्राचार्य अतुल चौबे को बतौर मुख्य अतिथि सम्मानित किया गया. वर्ग दशम की दिव्या ने योग से संबंधित जानकारी दी. अतुल चौबे सर ने बच्चों को स्वच्छता पखवाड़ा एवं हरा एवं ब्लू डस्टबिन के प्रयोग के बारे में बताया. विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का नाम है. योग स्वास्थ्य और कर्म को जोड़ने का नाम है. योग व्यक्ति को समाज से समाज को राष्ट्र से और राष्ट्र को विश्व से जोड़ने का नाम है. योग वसुधैव कुटुंबकम की भावना है. योग सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे भवंतु निरामयाः की भावना का नाम है. योग हमारा अतीत था, वर्तमान है और भविष्य रहेग.

## डीसी-एसपी ने किया सूर्य नमस्कार व योग अभ्यास



जिला आयुष समिति रामगढ़ ने योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया.

**रामगढ़।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को नमामि गंगे योजना के तहत तथा जिला आयुष समिति रामगढ़ के तत्वाधान में सिदो कान्हू स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, जिलेवासियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य लोगों ने सिदो कान्हू स्टेडियम, रामगढ़ में सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास किया. इस दौरान सभी को विभिन्न प्रकार के योग एवं इनसे होने वाले फायदों के प्रति जानकारी दी गई. मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रतिदिन योग को अपनी आदत में शामिल करने एवं इससे लाभान्वित होने की अपील की.

## कमांडो सिक्योरिटी ने योग दिवस मनाया



संत कोलंबस महाविद्यालय के मैदान में योगाभ्यास किया गया.

**हजारीबाग।** कमांडो इंडस्ट्रिल सिक्योरिटी फ़ोर्स की ओर से योग शिविर प्रसिद्ध संत कोलंबस महाविद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के थीम- योग फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी को कमांडो सिक्योरिटी ने अपना कर सफल बनाया. शिविर में रिटायर्ड डिफेंस पर्सनल, कमांडो के सभी कर्मी, छात्र और हज़ारीबाग़ की जनता ने भाग लिया. योग गुरु के रूप में बिहार सरकार के अंचल अधिकारी निर्भय प्रताप सिंह ने योग कराया. इस कार्यक्रम में सिंह की नेचर विलेज संस्था ने अहम भूमिका निभाई. कमांडो सिक्योरिटी संस्था के मुखिया नवल किशोर सिंह ने कहा कि प्राचीन काल से चली आ रही योग पद्धति हमारी सभ्यता और संस्कृति का अहम हिस्सा है. संस्था के सहमुखीय टुनटून सिंह ने कहा कि भारत को योगगुरु से विश्वगुरु के सफ़र में हम सब साथ हैं.

## कृष्णा स्कूल में उत्साहपूर्वक मना योग दिवस

**हजारीबाग।** अमृत नगर स्थित में बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया, जब योग प्रशिक्षक अंकित कुमार द्वारा योग के महत्व दर्शाते हुए विभिन्न प्रकार के योग से रूबरू कराते हुए बच्चों को योग का अभ्यास कराया गया. उनके द्वारा बताया गया कि शरीर को स्वस्थ रखना है तो योग का अभ्यास प्रतिदिन करते रहें. विद्यालय प्रबंधक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है. साथ ही यह भी कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है.

इस मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे. सचिव अमिताभ नीरज बच्चों को इस योग दिवस का अभ्यास प्रतिदिन करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ एवं निरोग रहने का यह एक प्राकृतिक औषधि है.

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कर्जन मैदान में हुआ योगाभ्यास

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को स्थानीय कर्जन मैदान में योगाभ्यास का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी लोकेश बरंगे के साथ विभिन्न विद्यालयों के बच्चों व कई संस्थानों के लोग मौजूद रहे. योगाभ्यास के उपरांत प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने कहा कि प्राचीन भारतीय पद्धति तथा शारीरिक और मानसिक हेल्थ के लिए योग आवश्यक है. योगाभ्यास से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है.



कर्जन मैदान में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने भी किया योगाभ्यास.

पदमा, चौपारण और बरही के ढाई दर्जन गांवों का किया तूफानी दौरा, लोगों से किया सीधा संवाद

# नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल की धन्यवाद यात्रा पहुंची बरही विधानसभा क्षेत्र

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल की धन्यवाद यात्रा शुक्रवार को बरही विधानसभा क्षेत्र पहुंची. पदमा, चौपारण और बरही प्रखंड क्षेत्र के करीब ढाई दर्जन गांवों का तूफानी दौरा किया. कई गांवों में धरातल पर पहुंचकर जन समस्याओं से रूबरू हुए. इस दौरान उनके साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे. जायसवाल ने अपनी यात्रा की शुरुआत बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड स्थित मेन रोड पदमा और सरैया से की. मां अष्टभुजी मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया. तत्पश्चात इटखोरी में मां भद्रकाली की पूजा- अर्चना कर चौपारण और बरही प्रखंड क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में मतदाताओं का आभार जताया. जायसवाल ने चौपारण प्रखंड की झापा पंचायत के ग्राम सबैया मोड़, खेलाही शिवालय, विशनपुर, झापा, ग्राम पंचायत दैहर स्थित मां कमलेश्वरी माता स्थान, नीमा, दादपुर पंचायत स्थित ग्राम सिंहपुर बजरंग क्लब, ढाब अखंड हरिकीर्तन मंदिर, बेला मंदिर, रूपीन मंदिर, रानीक मंदिर, चय मंदिर, केंदुआ मोड़, केदली, बारमोरिया, बसरिया, पड़रिया, केसरवानी भवन, पाण्डेयवारा, बछई मोड और बरही विधानसभा क्षेत्र के धमना दुर्गा मंदिर, गया रोड शिवालय, तिलैया रोड़ शिव मंदिर, हजारीबाग रोड़ भगवती मंदिर बरहीडीह, बरही के धनबाद रोड स्थित बजरंगबली मंदिर, नया दुर्गा मंदिर, भगवती मंदिर, करियातपुर और धनवार पंचायत स्थित कोरियाडीह पहुंचकर विभिन्न मंदिरों में माथा टेका और क्षेत्र वासियों से सीधा संवाद किया. जायसवाल ने इटखोरी स्थित मां भद्रकाली की प्रतिमा की छतरी हेतु 6 किलो चांदी सौंपी.

**मौके पर ये गणमान्य लोग रहे मौजूद :** बरही विधानसभा क्षेत्र की आभार यात्रा में भाजपा नेता राजदेव यादव, अर्जुन साव, सुनील साव, मुकुंद साव, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सुरेश साव, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, नरेंद्र कुमार, विजय कुमार, किशोरी राणा, रंजीत चंद्रवंशी, जन्मजेय सिंह, राकेश पांडेय, बलराम महामंत्री अरविंद सिंह, आशीष सिंह, गजाधर प्रसाद, मंडल अध्यक्ष बाबुलाल मेहता, नारायण यादव, अवध यादव, अरविंद सिन्हा, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, राजेंद्र चंद्रवंशी, महिला मोर्चा नेत्री ज्योत्सना देवी व पूनम मिश्रा, सुरेंद्र पांडेय, मुखिया पप्पू रजक, मंटू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, नरेश पासवान, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, अशोक सिंह, मुखिया रेखा देवी, बिनोद यादव, दयानिधि पांडेय, देवकुमार दांगी, विहिप मंत्री गुरुदेव साव, रितेश गुप्ता, आकाश जायसवाल, युगल तुरी, सुधीर कौशल, पिन्टू सोनी, मुन्ना केशरी, प्रेम प्रजापति, कपिल यादव, विजय साव, मनोज यादव, सहदेव प्रसाद यादव, इन्द्रदेव दांगी, राहुल राणा, मंतोष सिंह, महेंद्र साव, लेखनारायन साव, रंजन चौधरी आदि मौजूद रहे.



अपनी धन्यवाद यात्रा के दौरान नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल भाजपा कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों के साथ.

## एनडीपीएस मामले की एसपी ने की समीक्षा

हजारीबाग। पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को एनडीपीएस मामले को लेकर समीक्षा की. एसपी ने लंबित एनडीपीएस कांडों की समीक्षा करते कहा कि जिन कांडों में लापरवाही बरती गई है, उनसे संबंधित पदाधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे. उन्होंने निर्धारित समय के अंदर अनुसंधान पूरा कर जांच प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित करने का निर्देश दिया. एसपी ने कहा कि पारदर्शी तरीके से एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई होनी चाहिए. एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज होने के बाद से जो आरोपी फरार चल रहे हैं, उनको पकड़ें. उन्होंने कहा कि यदि पुलिस गोपनीय तरीके से काम करें तो एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराधी भी गिरफ्तार होंगे और उन्हें सजा भी मिलेगी. उन्होंने अनुसंधान पदाधिकारियों को बताया कि किस-किस तरीके से साक्ष्य जुटाना है. एसपी ने कहा की पुलिस पदाधिकारी बहुत ही मशक्कत के साथ नशीले पदार्थ की तस्करी करने वालों को पकड़ती है लेकिन अनुसंधान की गुणवत्ता में कमी रहने से उन्हें सजा नहीं मिल पाती है. इसलिए अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाए ताकि कोई अपराधी बच नहीं पाए. बैठक में सभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी को प्रत्येक सप्ताह एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा का निर्देश दिया गया.

आक्रोशित ग्रामीणों ने मशाल जुलूस निकाल इचाक बाजार बंद करवाया

# दो अज्ञात शव जलाने के मामले में पिता-पुत्र व ड्राइवर हिरासत में

संवाददाता। हजारीबाग

इचाक पुलिस ने परासी निमिया टांड़ घाट शमशान घाट में दो अज्ञात शव जलाने के मामले में तीन आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. इनमें दो आरोपी पिता-पुत्र हैं, जबकि एक ड्राइवर है. आरोपी ईश्वर मेहता, बबलू एवं विकास स्वर्णकार से पुलिस पूछताछ कर रही है. बताते चलें कि इचाक के परासी गांव में बुधवार को ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी कि इचाक पारसी में पिछले एक माह से किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है. इसके बावजूद पारसी हरिजन टोला के निमिया टांड़ शमशान घाट में दो अज्ञात शव जलाए गए हैं. इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर कई सबूत इकट्ठा किये थे. कहा गया था कि शमशान घाट में एक महिला और एक पुरुष को जलाया गया. मौके से चूड़ी, कंगन के अलावे खून लगा चाकू भी बरामद किया था, लेकिन पुख्ता सबूत के अभाव में पुलिस ने मामले को संज्ञान नहीं लिया. इसी बीच, बुधवार को परासी गांव के ही ईश्वर महतो ने पुलिस थाने में अपने बड़े पुत्र राहुल मेहता और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को मशाल जुलूस निकालते हुए शुक्रवार को इचाक बाजार को बंद करवा दिया. जिसके बाद पुलिस हरकत में आई. अनुसंधान के क्रम में पुलिस को कोचिंग संस्थान में खून के निशान के गांव का रहने वाला था और वह यूपी निवासी पूजा यादव से चार साल पहले लव मैरेज किया था और इचाक में रहकर वह कोचिंग करवाता था. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि अभी तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है. मामले की जांच की जा रही है. जल्द इसका खुलासा किया जाएगा.

### जिले में कानून व्यवस्था ध्वस्त : डॉ आरसी मेहता

हजारीबाग इचाक में 15 जून को राहुल कुमार एवं पूजा कुमारी शिक्षक दंपति जो इचाक बाजार में कोचिंग चलाते थे एकाएक गायब होते हैं 19 जून के रात्रि पारसी शमशान में गुपचुप तरीके से सव जलाना झारखंड को संमशार करने वाली घटना है जबकि परासी चटी में किसी व्यक्ति का मृत्यु नहीं हुई शंका जाहिर की जा रही है की दोनों शिक्षक दंपति का किसी ने हत्या कर श्मशान में जाकर निडरता से जलाया हो जो इचाक थाना से तकरीबन डेढ किलोमीटर दूरी पर है वैसे हजारीबाग जिला हत्या अपहरण ब्राउन शुगर देव व्यापार भूमि रंगदारी भयंकर भ्रष्टाचार में पूर्व से पीड़ित है माननीय मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन से निवेदन है की संज्ञान में लेकर गुमशुदा दम्पति ब्राउन शुगर माफिया एवं देव व्यापार हत्या शर्मशारक घटना का उद्भेदन करावे तथा दोषियों को कड़ी सजा दिलावे,क्योंकि जिलावासी भयभीत है . यह बाते हजारीबाग महाकठबंधन कांग्रेस के विधानसभा उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने चिट्ठी के माध्यम ट्वीट करते हुए माननीय मुख्यमंत्री चंपा सोरेन को उक्त बातें अपने कार्यालय में ट्वीट करते हुए कहां।उन्होंने कहा शिक्षक दमपति के परिजनों को गिरफ्तार किया गया है उसका निष्पक्ष खुद बदल हो दोषी को फांसी हो . निर्दोष को सहानुभूति मिले।आज इचाक बाजार बंद है इचाक थाना सहित संपूर्ण जिले में आम आदमी दहशत में जी रहा है क्योंकि कानून व्यवस्था जिले में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है .

**अपराधियों का राज** न कोई शिकायत करने वाला, न कोई सुनने वाला, कानून व्यवस्था भगवान भरोसे

# हजारीबाग जिले में कहीं बालू, तो कहीं नशीले पदार्थों का कारोबार

शुभम संदेश **पड़ताल**

संवाददाता। हजारीबाग



जिले में अवैध कारोबार का धंधा लगातार फल फूल रहा है. विडंबना है कि इसकी न कोई शिकायत करने वाला है, न कोई सुनने वाला है. सूचना तंत्र भी पुलिस से दूरी बनाता जा रहा है. अब कोई जिले में अवैध कारोबार की सूचना देना नहीं चाहता है. सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव खत्म होते ही बालू माफिया, ड्रग्स माफिया, कबाड़ी की दुकान में अवैध कारोबार, देह व्यापार जैसे अवैध कारोबार धड़ल्ले से होने लगा है. एक तरह से हजारीबाग जिले में अब माफियाओं का राज स्थापित होता देखा जा रहा है, जिसमें शाम ढलते ही अवैध कारोबार शुरू हो जाता है. माफियाओं के मन में पुलिस प्रशासन का भी कोई भय अब नहीं देखा जा रहा. हजारीबाग शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर छोटी-मोटी गुमटियों में नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री हो रही है. हालांकि पुलिस बीच-बीच में कभी-कभी सरकार को दिखाने के लिए छोटे-मोटे अवैध कारोबारी को पकड़कर अपनी अपनी पीठ थपथपा लेती है, लेकिन कुल मिलाकर, अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है. वहीं बालू का अवैध कारोबार रात 9:00 बजे के बाद शुरू होता है, जो अहले सुबह तक जारी रहता है. माफियाओं ने भी बेखौफ होकर अपने अवैध कारोबारों को सुचारु रूप से चलाने के लिए कई संबंधित अधिकारियों से भी साठ-गाठ कर रखा है. वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है. माफिया आसानी से एनएच से अपने माल को लेकर अपने गंतव्य तक पहुंच जाते हैं.

### किन- किन सड़कों और स्थानों से माफिया कर रहे हैं काला कारोब

हजारीबाग शहर के कटकमसांडी के वैहमर रोड, चुरचू रोड, कटकमदाग रोड, बड़कागांव रोड, चरहि, बासाडीह, आनगों, इचाक, पदमा, चौपारण, बरही आदि मार्गों से अवैध कारोबार हो रहा है. इस संबंध में पुलिस के कुछ सूचना तंत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पहले पुलिस के लिए काम करते थे और उन्हें सूचना देते थे. इससे पुलिस अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर पाती थी, लेकिन अब पुलिस को सूचना देने से कोई फायदा नहीं होता, बल्कि उल्टा माफिया जान के दुश्मन बन जाते हैं. क्योंकि पुलिस कार्रवाई नहीं करती, बल्कि माफियाओं को ही उनके द्वारा दी गई सूचनाएं दे देती है. ऐसे में हम लोग अब पुलिस के लिए काम करना उचित नहीं समझते. अगर कोई बड़ी सूचना देनी होती है तो कोई उच्च अधिकारी को दी जाएगी. वहीं कई ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रात ढलते ही अवैध कारोबार शुरू कर दिया जाता है. इस बारे में किसी भी अधिकारी को सूचना देने पर कार्रवाई नहीं होती है. अब ग्रामीण ही माफियाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर देंगे, तभी अवैध कारोबार का गोरखधंधा बंद हो पाएगा.

# डीसी ने दिया किसानों को जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश



रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार समीक्षा बैठक करते हुए.

संवाददाता । रामगढ़

उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उपायुक्त को धान आदि प्राप्ति के विरुद्ध किए गए भुगतान की जानकारी दी. उपायुक्त ने शेष बचे किसानों को जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया. गरीब एवं योग्य लोगों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने के लिए उपायुक्त ने वैसे लाभुक जो राशन कार्ड का लाभ प्राप्त करने की योग्यता नहीं रखते हैं उसके बावजूद भी राशन कार्ड का लाभ ले रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को विशेष कैंप आयोजित कर राशन कार्ड के लाभुकों का लंबित आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री मंत्री दाल-भात योजना आदि की समीक्षा कर दिशा निर्देश भी दिए.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** भाग्य भाव में चंद्रमा है, ससुराल से सुख का सामान मिलेगा. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा. कामकाज की गति बनी रहेगी.

**वृषभ** समय सामान्य है. कुछ मानसिक उलझन होगा. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें. मित्रों से मदद मिलेगी.

**मिथुन** व्यवसाय में लाभ का योग बन रहा है. जरूरी कार्य पर खर्च होगा. किसी नये कार्य में जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा.

**कर्क** समय बहुत ही अनुकूल है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. किसी से भी बोलने से पहले विचार कर लें. अन्न दान करें.

**सिंह** तनाव बढ़ सकता है. शिक्षा में सुधार का समय आ गया है. बस प्रयास करें. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा.

**कन्या** किसी बात को लेकर मन में प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा.

**तुला** कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी. कुछ हानि भी हो सकती है, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है. इत्र का दान और प्रयोग करें.

**वृश्चिक** विद्यार्थी शिक्षा में सफल रहेंगे. धनार्जन होगा. पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें.

**धनु** समय बहुत ही उत्तम है. कार्य बनने से मानसिक शांति मिलेगी. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी. संतान की इच्छा पूरी होगी.

**मकर** कुछ विवाद भी हो सकता है. पर किया गया व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं. कुछ नया हो सकता है.

**कुंभ** उतावली में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी. पर मेहनत से विजय पाया जा सकता है. अन्न दान करें.

**मीन** सत्कर्म में रुचि बढ़ेगी. लाभ में वृद्धि होगी. कुसंगति से बचें. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. आपके अच्छे कर्म से घर परिवार में खुशहाली होगा. शनि को प्रसन्न करें.

### टीवीएनएल में व्याप्त भ्रष्टाचार के लिए एमडी को हटाने की मांग सीएम से की

# चंद्रप्रकाश ने टीवीएनएल के एमडी के खिलाफ खोला मोर्चा

**विशेष संवाददाता। रांची**

गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीवीएनएल) में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि टीवीएनएल में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार व्याप्त है और प्रबंध निदेशक पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं. ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभारी प्रबंध निदेशक के पद से हटाकर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए. किसी योग्य पदाधिकारी को टीवीएनएल की जवाबदेही दी जाए.

**एमडी नियोजन और मुआवजा भुगतान में कर रहे हैं अनियमितता :** उन्होंने कहा कि टीवीएनएल में भारी भ्रष्टाचार, नियुक्ति में अनियमितता, विस्थापितों के समझौता के अनुसार नियोजन व मुआवजा भुगतान में अनियमितता किया जा रहा है. टीवीएनएल में प्रभारी प्रबंध निदेशक के द्वारा संगठित रूप से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत वर्ष 2021 में प्रबंध निदेशक अरविंद कुमार सिंह के विरुद्ध आरोप लगाकर उन्हें त्यागपत्र देने के लिए मजबूर किया गया और एक जूनियर अधिकारी अनिल कुमार शर्मा को प्रबंध निदेशक का प्रभार दिया गया. मौजूदा समय में अनिल कुमार शर्मा महाप्रबंधक और प्रबंध निदेशक दोनों के प्रभार में है.

#### एक संगठित ग्रुप बनाकर अनियमितता कर रहे हैं एमडी



चंद्रप्रकाश ने कहा कि प्रभारी प्रबंध निदेशक बनते अनिल कुमार शर्मा ने अपने राजनीतिक संरक्षक के साथ मिलकर अशोक प्रसाद, आशीष शर्मा, राजीव कुमार, सुनील कुमार, राकेश कुमार एचआर (मुख्यालय व ललपनिया) आकस्मिकता के आधार पर संविदा में नियुक्त कर्मी प्रभात कुमार स्थानीय जयराम हांसदा के बीच टीवीएनएल में अनियमितता करने के उद्देश्य से एक संगठित ग्रुप बनाकर कार्य आवंटित किया गया. तब से यह ग्रुप अनियमितता को अंजाम दे रहा है.

#### रिश्तेदारों को सप्लाई का काम दिया जा रहा है

चंद्रप्रकाश ने कहा कि प्रभारी प्रबंध निदेशक अपने राजनीतिक संरक्षक स्थानीय पूर्व विधायक के साथ मिलकर उनके बेटे के नाम, रिश्तेदार, निजी सहायक व अन्य करीब सप्लायर के नाम क्रमश: मेसर्स पीके इंटरप्राइजेज, मेसर्स गणेश इंटरप्राइजेज, मेसर्स जैन इंटरप्राइजेज, मेसर्स आदित्य इंटरप्राइजेज, मेसर्स सुशीला इंटरप्राइजेज व मेसर्स कपूर इंटरप्राइजेज नाम से फॉर्म बनाकर करीब 124 करोड़ से अधिक का कार्यदेश देकर फर्जी निकासी भी कर लिया गया है.

#### घोटाले वाली संचिका एमडी ने नष्ट करा दी

चंद्रप्रकाश ने कहा कि प्रभारी प्रबंध निदेशक ने योगदान देते ही 35 से 40 लाख का घोटाला में शामिल व दोषी अशोक प्रसाद को दंड दिए जाने वाली संचिका को नष्ट कर दिया. अब तक सरकारी कागजात को नष्ट करने व गायब करने पर भी प्रभारी प्रबंध निदेशक के द्वारा अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है .टीवीएनएल में सेवा शर्त नियमावली के विपरीत प्रोन्नति नहीं दी जा रही है.

#### मनमाने तरीके से दिया जा रहा है प्रमोशन

चंद्रप्रकाश ने कहा कि प्रबंध निदेशक द्वारा इसमें मनमानी की जा रही है. आलम यह है कि कनीय अभियंता, अभियंता सहायक व कर्मचारियों को प्रोन्नति जा रही है. जबकि स्थायी व विस्थापित कर्मियों की 25 वर्षों से पदोन्नति लंबित है. यही नहीं प्रभारी प्रबंध निदेशक और उनके कार्यालय में कार्यरत अशोक प्रसाद, आशीष शर्मा, राजीव कुमार, प्रभात कुमार, तेजेन्द्र मल्होत्रा व सुनील कुमार के द्वारा एजेंसियों से अवैध वसूली की जाती है.

#### पर्यावरण अधिनियमों का भी हो रहा है उल्लंघन

चौधरी ने कहा कि प्रभारी प्रबंध निदेशक के द्वारा जल अधिनियम, जल प्रदूषण व निवारण नियंत्रण अधिनियम, वायु अधिनियम व पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और प्रथम व तृतीय अधिनियम के अंतर्गत सरकार द्वारा बनाए गए नियम व द्वितीय एवं चतुर्थ अधिनियम के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है. राज्य की दामोदर नदी में सीधा-अवांछित रसायन व अवशिष्ट बहाया जा रहा है.

## झारखंड के 27 जेलों में कैदियों को कराया गया योगाभ्यास



**संवाददाता। रांची**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर झारखंड के 27 जेलों में हजारों कैदियों को योग अभ्यास कराया गया. सभी जगह बंदियों ने बड़े उत्साह से योग कार्यक्रम में भाग लिया और योग से निरोग रहने का संदेश पर अमल करने का संकल्प लिया. इस दौरान बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल होटवार में पुरुष वार्ड के 1250 बंदियों और 130 महिला बंदियों को योगा प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास कराया. इस कार्यक्रम में जेलर ने अपने स्टॉफ सहित भाग लिया. बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में कुल 1380 लोगों ने योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया. वहीं सरायकेला में 155, घाटशिला में 55, रामगढ़ में 85, पाकुड़ में 160, राजमहल में 200, लातेहार में 250, दुमका में 332, घाघीडीह में 560, गिरिडीह में 125, मधुपुर में 250, देवघर में 200, गोड्डा में 55, गुमला में 263 कैदियों ने योगाभ्यास में हिस्सा लिया.

#### योगा प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास कराया

कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची और दि आर्ट ऑफ़ लिविंग व्यक्ति विकास केंद्र,भारत के रांची चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दि आर्ट ऑफ़ लिविंग के योगा प्रशिक्षकों ने हजारों कैदियों को योगा प्रोटोकॉल का विधिवत अभ्यास कराया गया. राज्य स्तर पर प्रशिक्षकों की पूरी टीम का नेतृत्व आर्ट ऑफ़ लिविंग के राज्य समन्वयक पंचानन सिंह ने किया. रांची में योग प्रशिक्षक पीएन सिंह, संदीप कुमार, संध्या सिन्हा और नूतन सिंह ने सुदर्शन क्रिया एवं योग अभ्यास कराया. ताकि उन्हें मानसिक तनावों से मुक्ति पाने और मन को शांत रखने में भी सहयोग मिले.

## भाजपा के प्रदेश कार्यालय को ध्वस्त कराये झारखंड आवास बोर्ड : बंधु तिर्की

**विशेष संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य व प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि राजधानी की अति महत्वपूर्ण हरमू हाउसिंग कॉलोनी की जिस जमीन के आवंटन का उद्देश्य केवल आवासीय उपयोग है. यदि वहां पर किसी राजनीतिक पार्टी का कार्यालय चलाया जा रहा है या व्यावसायिक अथवा औद्योगिक उपयोग किया जा रहा है, तो उसका आवंटन अविलंब रद्द किया जाए. इतना ही नहीं निर्माण कार्य को ध्वस्त किया जाना चाहिए. साथ ही नये सिरे से वैसे भूखंडों का आवंटन किया जाना चाहिए.

हरमू हाउसिंग की जमीन आदिवासी-मूलवासियों की रही है, मगर उपयोग कर रहे हैं कोई और. तिर्की ने कहा कि यह बहुत अफसोस की बात है कि आदिवासियों और मूलवासियों की जिस जमीन को अधिग्रहित कर उसे आवासीय उद्देश्य से लाभुकों को आवंटित किया गया था, उसका व्यावसायिक व औद्योगिक मकसद से उपयोग किया जा रहा है.

## विस में विस्थापितों की आवाज बनेंगे : सरयू

**सुकेश कुमार। चाईबासा**


#### ईचा डैम का मामला

ईचा बांध विरोधी संघ, कोल्हान के अध्यक्ष बीर सिंह बुड़ीउली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर में आवासीय कार्यालय में विधायक सरयू राय से मिला. ईचा डैम से कोल्हान के 87 गांव को बचाने की गुहार लगाते हुए ज्ञापन सौंपा. विधायक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना. इसके बाद उन्होंने आश्वस्त किया कि झारखंड विस के आगामी सत्र में ईचा डैम के विस्थापितों की आवाज बनेंगे तथा विस्थापितों को हरसंभव सहयोग की कोशिश करेंगे. यह परियोजना पिछले दो दशकों से राजनीतिक दलों के लिए सिर्फ सत्ता तक पहुंचने का मुद्दा बन कर रह गई है.

**संवैधानिक उपबन्धों, नियमों और अधिनियमों का उल्लंघन :** स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना (ईचा डैम) संवैधानिक उपबंधों, नियमों, अधिनियमों का उल्लंघन कर निर्माण किया जा रहा है. स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना से झारखंड के 87 खूंटकट्टी ग्राम/मौजा पूर्ण और आंशिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं. इसमे झारखंड राज्य पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां जिला के सदर प्रखंड, तांतनगर प्रखंड और राजनगर प्रखंड के 26 गांव पूर्ण रूप से जलमग्न होंगे. शेष 100 गांव आंशिक रूप से डूब जाएंगे. ईचा खरकई बांध परियोजना से प्रभावित ग्राम खूंटकट्टी ग्राम है. इन गांव में निवास करने वालों का जीविकापार्जन का साधन पशुपालन, मत्स्यपालन, कृषि पर आधारित मजदूरी है. उक्त परियोजना संविधान के अनुच्छेद 16,अनुच्छेद 19, (ङ एवं छ), अनुच्छेद 21, 21(क), अनुच्छेद 25, अनुच्छेद 26, अनुच्छेद 29 का उल्लंघन करता है, जो संविधान के अनुच्छेद 13(2) का उल्लंघन है. अतः इसे रद्द किया जाना चाहिए. प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष बीर सिंह बुड़ीउली, रेयांस सामड, सुरेश सोय, योगेश कालुंडिया, गुलिया कालुंडिया और आंदोलनकारी शामिल थे.


गिरिडीह पुलिस

हार्डकोर भा0क0पा0 (माओवादी) के निम्नांकित वांछित नक्सली को गिरफतार कराने/सूचना देने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा।



| एक करोड़ | एक करोड़ | एक करोड़ | पच्चीस लाख | पच्चीस लाख | पच्चीस लाख | पन्द्रह लाख | पन्द्रह लाख | दस लाख | दस लाख | पाँच लाख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MISIR BESRA @ BHASKAR @ SUNIRMAL JI @ SAGAR S/O DARPAN BHASKAR VIII MADANDIH PS PIRTAND DIST GIRIDI (PBM) | PRAYAG MANJHI @VIVEK@ FUCHAN@NAGO MANJHI @KARAN D S/O LATE CHARKU MURMU VILL-DALLUBEDA, PS-TUNDI, DIST-DHANBAD (CCM) | ANAL DA@ TUFAN@ PATIRAM MANJHI@ RAMESH S/O LENGRA MARANDI @TOTO MARANDI@ CHATHU VILL-DIWANDIH, PS PIRTAND, GIRIDIH (CCM) | AJAY@ AJAY MAHTO @TIGER @ BASUDEV@ ANJAN @MOCHHU @SHRIKANT S/O CHANDO LAL MAHTO@ PREM CHAND MAHTO VILL- NAWADIH, PANDEDIH, PS-PIRTAND, GIRIDIH (SAC) | RAGHUNATH HEMBRAM @NIRBHYA JEE@ CHANCHAL@ BIRSEN JEE S/O : BISHU HEMBRAM VILL- JARIDIH, PS-DUMRI, GIRIDIH (SAC) | CHAMAN@ LAMBU@ KARAMCH AND HANSDA S/O MARANG DA VILL-BELATANR (JONARABERA), PS-PIRTAND, GIRIDIH (SAC) | RANVIJAY MAHTO@ RANJAY@ NEPALI S/O HUBLAL MAHTO VILL-BAHRATANR, PS-CHANDRPURA, DIST-BOKARO (RCM) | SANJAY MAHTO @SANTOS BASUDEV@ BASUKO S/O LATE MADHO MAHTO@ LODHA MAHTO VILL-GAMHRA, PS-KHUKHRA, DIST-GIRIDIH (ZCM) | RAMDAYAL MAHTO @ BACHAN DA S/O GULAB MAHTO VIL PIPRADIH PIRTAND DIST GIRIDIH (ZCM) | SAHEBRAM MANJHI S/O PANDU MANJHI VILL KARANDO P.S. PIRTAND DIST GIRIDIH (ZCM) | PAWAN MANJHI @ LANGRA S/O SITARAM MANJHIVILL CHATRO P.S. PIRTAND DIST GIRIDIH (SZM) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह | 9431706326 | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डुमरी | 8130318261 | पुलिस निरीक्षक, डुमरी अंचल | 9973519070 | थाना प्रभारी, मधुबन | 7261090020 |
| पुलिस उपाधीक्षक (मु0), द्वितीय, गिरिडीह | 9431706327 8292804643 | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगोदर–सरिया | 9599692304 | थाना प्रभारी, डुमरी | 8607915562 | थाना प्रभारी, खुखरा | 8294349872 |
| पुलिस उपाधीक्षक (मु0), प्रथम गिरिडीह | 9431706328 7857832995 | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ | 9431386930 | थाना प्रभारी, निमियाघाट | 9431706345 | थाना प्रभारी, भेलवाघाटी | 9546274686 |
| अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर | 9431706327 7319761126 | पुलिस निरीक्षक मुफस्सिल | 9431706333 7992363912 | प्रभारी, थाना प्रभारी, पीरटांड़ | 9431706344 8083444329 | थाना प्रभारी, लोकायनयनपुर | 8969727081 |

निवेदक, पुलिस अधीक्षक गिरिडीह

## परीक्षातंत्र की पूरी सर्जरी हो

देश के नौजवानों के सपनों से खिलवाड़ करने वाले सही अर्थों में राष्ट्र के अपराधी हैं. केंद्र की सरकार जिस तरह नीट पेपर लीक के मामले में भूमिका निभा रही है, उससे युवाओं में असंतोष गहरा रहा है. देश की पूरे शिक्षातंत्र को अंधकार की ओर धकेला जा रहा है. योग्यता परीक्षा के तमाम तंत्र संदेह के घेरे में हैं. ऐसे में केंद्र सरकार को मामले को हल्के में लेने के बदले कड़े और ठोस कदम उठाने की जरूरत है, जो युवाओं की मांग के अनुरूप हो. केंद्रीय शिक्षामंत्री ने नीट मामले में जिस तरह का रवैया प्रदर्शित किया है, उससे ऐसा नहीं लगता कि दोषियों की पहचान करने में सजगता नहीं दिखायी जा रही है और न ही टेस्ट लेने वाले तंत्र की सर्जरी की जरूरत ही महसूस की जा रही है. मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए की स्थापना 2017 में की गई थी, जिसके ऊपर उच्च शिक्षा और विभिन्न सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षाओं को आयोजित कराने की जिम्मेदारी है. देश में जिस तरह एक के बाद एक परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक के अपराध हो रहे हैं, उसके बाद एनटीए को ही परीक्षा की कसौटी से गुजरने की जरूरत है कि आखिर इस एजेंसी की उपयोगिता है भी या नहीं. देश भर में नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी का मामला सुलझा नहीं कि यूजीसी नेट की परीक्षा भी रद्द कर दी गई है, क्योंकि इसमें भी धांधली हुई हैं. 2018 से एनटीए इस परीक्षा को आयोजित कराती आई है और हमेशा कंप्यूटर से ही यह परीक्षा होती रही है, लेकिन इस साल एनटीए ने फैसला लिया कि अलग-अलग केंद्रों पर एक साथ पेन, पेपर की मदद से यह परीक्षा होगी. शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह फैसला परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने और छात्रों से मिली प्रतिक्रियाओं के आधार पर लिया गया. लेकिन सवाल किया जा सकता है कि परीक्षा को बेहतर बनाने के लिए कंप्यूटर छोड़कर पेन-पेपर के इस्तेमाल का विचार ही क्यों आया, क्या बेहतरी के लिए कोई और तरीका नहीं सूझा. क्या यह पेपर लीक की श्रृंखला में ही एक और कड़ी का जुड़ना नहीं है. क्या एनटीए में अब ऐसे लोगों की पैठ हो गई है, जो परीक्षा माफिया के इशारों पर काम कर रहे हैं. पेपरलीक के सवाल पर गैर-भाजपा सरकारों को घेरने में प्रधानमंत्री मोदी अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं, लेकिन भाजपा शासित राज्यों और अब केंद्रीय स्तर पर पेपर लीक ने कई ऐसे सवाल खडे कर दिए हैं, जिसे राहुल गांधी ने बड़ी स्पष्टता से सवाल उठाया है. प्रधानमंत्री को भी इस पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए. छात्र गुस्से में हैं. उनके असंतोष को सड़क पर प्रकट होने और विपक्ष के तेवर को देखते हुए शिक्षामंत्री ने प्रेस वार्ता कर मामले की गंभीरता को कम करने का प्रयास किया. सवाल है कि क्या इस अपराध में किसी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है. परीक्षा लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की जरूरत है और सरकार के नेक इरादे की भी.

> पेपरलीक के सवाल पर गैर-भाजपा सरकारों को घेरने में प्रधानमंत्री मोदी अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं, लेकिन भाजपा शासित राज्यों और अब केंद्रीय स्तर पर पेपर लीक ने कई ऐसे सवाल खडे कर दिए हैं, जिसे राहुल गांधी ने बड़ी स्पष्टता से सवाल उठाया है.

### सुभाषित

**स्थानभ्रष्टाः न शोभन्ते दन्ताः केशाः नखा नराः।**
**इति विज्ञाय मतिमान् स्वस्थानं न परित्यजेत्॥**


यदि मनुष्य के दांत, केश, नख इत्यादि अपना स्थान त्याग कर दूसरे स्थान पर चले जाएं तो वे कदापि शोभा नहीं देंगे (अर्थात् मनुष्य की काया की विकृति प्रतीत होने लगेगी). इसी प्रकार से विज्ञजन के मतानुसार किसी व्यक्ति को स्वस्थान (अपना गुण, सत्कार्य इत्यादि) का त्याग नहीं करना चाहिए.

# सूबाई तकरार का मन-मिजाज

**बागी बनकर खुलेआम चुनावी ताल ठोंकनेवाले तीनों माननीयों पर स्पीकर का मौन कम बड़ा सवाल नहीं. सवाल, कुड़मी वोटों पर डाका डालने को तैयार जेबीकेएसएस पर भी है, जिसने लोकसभा चुनाव में खासा वोट अर्जित किया. वह स्थापित दलों को विधानसभा चुनाव में चुनौती देगा, गठजोड़ करेगा या किसी में विलीन होगा! यूं जेबीकेएसएस प्रमुख ने 55 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है. पिछली बार जेवीएम सभी 81 और आजसू 70-72 सीटों पर लड़ी थी. परिणाम कतई उत्साहवर्द्धक न रहा.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे


चुनावी जद्दोजहद के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार तीसरी मर्तबा काम करने लगी है, लेकिन इस बार मोदी का कस-बल थोड़ा ढीला पड़ा है. वे टीडीपी और जदयू जैसी बैसाखियों के भरोसे दिख रहे हैं. ये दोनों दल भी फिलहाल उनके ही भरोसे हैं. इसलिए निकट भविष्य में कोई खास सियासी परेशानी पेश आने की सूरत नहीं बनती. आरएसएस की ओर से कुछ टीका-टिपण्णियां जरूर आई हैं, लेकिन वे खास मायने नहीं रखतीं, जैसा कि चुनाव के दौरान भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने कह दिया था, 'भाजपा इतनी बड़ी हो गई है कि उसको अब किसी सहारे की जरूरत नहीं है'. मोदी अपनी कार्यशैली के अनुरूप अगले चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं. इसी साल झारखंड समेत चार राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए दो-दो प्रभारी नियुक्त करने में भाजपा ने कोई देर नहीं की. झारखंड की कमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को सौंप दी गई है. इस राज्य में साल के अंतिम महीनों में चुनाव का समय है. बीच के चार-साढ़े चार महीनों में कैसे-कैसे गुल खिलेंगे, कहा नहीं जा सकता. झारखंड में सत्तासीन इंडिया ब्लॉक की बागडोर झामुमो के हाथों में है. तदनुरूप मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लोकलुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी है. चंपाई को हल्के में लेने वालों को थोड़ी निराशा हो रही होगी.

अभी यह देखना अधिक मौजूं है कि भाजपा और कांग्रेस के घर में क्या-क्या पक रहा है. लोकसभा चुनाव में भाजपा अपेक्षाओं से कम नहीं पायी है. इसके बावजूद उसमें एक्शन-रिएक्शन अधिक है. लगातार चौथी बार जीती हुई सीट गोड्डा और बोरो प्लेयर उतारने के बावजूद हारी हुई सीट दुमका को लेकर तकरार मची हुई है, जबकि हारी हुई खूंटी सीट पर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. गोड्डा में मार्जिन सवाल बना. इसी विषय पर देवघर के विधायक नारायण दास और निर्वाचित सांसद निशिकांत दुबे के समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई, जबकि दुबे महोदय की ओर से सारठ के विधायक रणधीर सिंह को भी निशाने पर लिया गया. ऐन चुनावी दौर में झामुमो त्याग भाजपा प्रत्याशी बनीं सीता सोरेन का रोना रहा कि रणधीर ने उनको वोट नहीं दिलवाया. सवाल तो प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर भी उठा कि उनके रहते भाजपा पांचों जनजातीय सीटें हार गई.

कांग्रेस के घर में भी ऐसी ही खदबदाहट मची. खासकर रांची, हजारीबाग और गोड्डा में मिली हार पर तकरार का ठिकाना नहीं. इस चुनाव में भाजपा के दो और झामुमो के दो विधायक सांसद चुने गये. इन दोनों दलों को इन विधायकों का विकल्प खोजना है. झामुमो से निष्कासित सीता सोरेन हों कि लोबिन हेम्ब्रम, दोनों का पार्टी विकल्प तलाशेगी या उनकी वापसी कराएगी, कहा नहीं जा सकता. अलबत्ता, बागी बनकर चुनाव में खड़े विधायक चमरा लिंडा का निलंबन वापस लिए जाने की उम्मीद बेवजह नहीं, क्योंकि झामुमोवाले कहने लगे हैं कि उनके कारण ही गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत पक्की हो सकी. सवाल यह भी है कि चुनावी दौर में भाजपा त्याग कांग्रेस में गये विधायक जेपी पटेल इस बार टिकेंगे या अपनी वापसी कराएंगे. बागी बनकर खुलेआम चुनावी ताल ठोंकनेवाले तीनों माननीयों पर स्पीकर का मौन कम बड़ा सवाल नहीं. सवाल, कुड़मी वोटों पर डाका डालने को तैयार जेबीकेएसएस पर भी है, जिसने लोकसभा चुनाव में खासा वोट अर्जित किया. वह स्थापित दलों को विधानसभा चुनाव में चुनौती देगा, गठजोड़ करेगा या किसी में विलीन होगा! यूं जेबीकेएसएस प्रमुख ने 55 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है. पिछली बार जेवीएम सभी 81 और आजसू 58 सीटों पर लड़ी थी. परिणाम कतई उत्साहवर्द्धक न रहा. उमड़-घुमड़ रहे ऐसे सवालों का जवाब इंतजार कराएगा. सभी दल वोटों की तुला पर तौलकर ही कोई निर्णय लेंगे. अब नीति-सिद्धांत और विचारधारा से अधिक अहम होता है सीटें जीतना. जीतने के लिए कुछ भी किया जा सकता है, विभीषण हो कि दुःशासन, किसी को भी गले लगाने में कोई परहेज नहीं होता.

इस बीच चंपाई सोरेन ने दो सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली, 25 साल से अधिक की महिलाओं को भी पेंशन, शिक्षक, सिपाही आदि की बहाली, जातीय जनगणना जैसे तीर चलाकर एक तरह से चुनावी शंखनाद कर दिया है. सरना धर्म कोड, एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण में बढ़ोतरी, कुड़मियों को एसटी सूची में शामिल करना जैसे सवाल स्थायी भाव बन चुके हैं. केंद्र और राज्य सरकार के बीच ये गेंद की तरह उछाले जाते हैं या विधानसभा चुनाव के पहले इनका कोई समाधान निकलता है, यह भी सवाल ही है. पांच साल से सूबाई शासन से दूर रही भाजपा इस मौके को गोल दागनेवाला बनाती है या कुछ और ढंग से खेलती है, यह भी एक सवाल है. असल गोलपोस्ट राज्य की 28 जनजातीय सीटें हैं. ये ही सत्ता तक ले जाती हैं. फिलहाल भाजपा के पास इनमें से दो ही सीटें हैं. लोकसभा चुनाव गंवा चुके अर्जुन मुंडा का कैसा उपयोग होता है, यह अलग सवाल है. सवाल कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना जाना भी है, क्योंकि इस पद पर आसीन आलमगीर आलम ईडी के फंदे में हैं और उनकी कद-काठी का कोई है नहीं. आगामी चुनाव तक हेमंत सोरेन जेल में ही रहेंगे या उनको जमानत मिलती है, यह एक सियासी सवाल है क्योंकि वे बाहर नहीं निकले तो दोनों पक्षों की रणनीतियां अलग-अलग होंगी. कोई भुनाएगा, कोई घेरेगा. फिलहाल ईडी का घेरा बढ़ता जा रहा है. 2019 के फलाफल से सबक लें तो लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में कोई हेल-मेल नजर नहीं आता. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## जीवन और धर्म

धर्म का उद्देश्य, केवल मानव को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि को अक्षय सुख उपलब्ध करवाने का मार्ग प्रशस्त करना है. मानव के लिए जीवन के अनुकूल सुख भी एक पडाव मात्र है, लक्ष्य तो निश्चित ही शाश्वत सुख है. सभी जीना चाहते हैं. मरना कोई नहीं चाहता. इसलिए जियो और जीने दो का सिद्धांत अस्तित्व में आया है. शान्ति से जीने और अन्य को भी जीने देने के उद्देश्य से ही सभ्यता और संस्कृति का विकास हासिल किया गया है, क्योंकि सभ्यता और संस्कार से हम भी आनंद पूर्वक जीते हैं और अन्य सभी प्राणियों के लिए भी सहज आनंद के अवसर उपलब्ध करवाते है. यही है धर्म के उद्देश्य की सबसे सरल परिभाषा. इस उद्देश्य को प्रमाण वाक्य मानते हुए ही धर्म शास्त्रों की व्याख्याओं पर दृष्टिपात करना चाहिए. यदि किसी धर्मोपदेश की व्याख्या सभ्यता और संस्कार के विपरीत जाती है तो वह सर्वांग मिथ्या व्याख्या है. जो व्याख्या सभ्यता से पतनोमुख करने का कारण बनकर, पुनः आदिम जंगली संस्कार की ओर प्रेरित करे तो धर्मोपदेश की वह व्याख्या निश्चित ही कुमार्ग लक्षी है. हमने युगों के निरंतर, कठिन पुरुषार्थ और दुष्कर संघर्ष के परिणाम स्वरूप ही इस उच्च सभ्यता का संधान किया है. उसका मात्र भ्रांत धार्मिक व्याख्याओं से अद्यपतन कैसे स्वीकार किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, हमने जंगली, क्रूर, विकृत खान-पान व्यवहार को आज शुद्ध, अहिंसक, सभ्य आहार से सुसंस्कृत कर लिया है. यहां सभ्यता मात्र स्वच्छ और पोषक आहार से ही अपेक्षित नहीं, बल्कि अन्य जीवसृष्टि के जीवन अधिकार से सापेक्ष है. उसी तरह संस्कृति समस्त दृष्टिकोण सापेक्ष होती है. सभ्यता में सर्वांग प्रकृति का संरक्षण निहित होता है. अब पुनः विकृत खान-पान की ओर लौटना धर्म सम्मत कभी नहीं हो सकता. सभ्यता के विकास का अर्थ आधुनिक साधन विकास नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विकास है. ऐसे विकसित आधुनिक युग में यदि कोई अपनी आवश्यकताओं को मर्यादित कर, सादा रहन सहन की शैली अपनाता है और अपने भोग उपभोग को संयमित करता हुआ, पुरातन दृष्टिगोचर होता है, तब यह आदिम परंपरा की ओर लौटना नहीं, बल्कि सभ्यता के सर्वोत्तम संस्कार के शिखर को छूना है. धार्मिक व्याख्याओं की वस्तुस्थिति पर इसी तरह विवेकशील चिंतन होना नितांत आवश्यक है. इस तरह विकृति धर्म में नहीं होती, सारा गडबडझाला उसके स्वछंद और प्रमादी व्याख्याकारों का किया धरा होता है. यदि हम उक्त 'धर्म उद्देश्य' को प्रमाण लेकर, विवेक बुद्धि से, नीर क्षीर विभाजन के साथ विश्लेषण करेंगे, हेय, गेय और उपादेय का अंतर-भेद करते हुए, उपादेय को ग्रहण करेंगे तभी सत्य के निकट पहुंच सकते हैं. और तभी हमारे उद्देश्य सिद्ध हो सकते हैं.

# पेपर लीक : कब तक तबाह होते रहेंगे युवा

• अराजकता

बादल सरोज

बुजुर्गवार कह गए हैं कि इच्छाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे लालच से लालसा में परिवर्तित होते हुए हवस तक पहुंचने की सम्भावनाओं से भरी होती हैं. यह बात इन दिनों हर मामले में नुमायां होती नजर आ रही है. पेपर लीक में अक्खा दुनिया में विश्व गुरु बनने के बाद भी लालसा पूरी नहीं हुई तो अब कुछ उससे भी आगे करने की हवस. जहां सोची तक नहीं गयी थी वहां, जिस तरह से होने की आशंका तक नहीं की गयी थी उन तरीकों से किये जा रहे कारनामों में सामने आ रही है, करने वालों की कल्पनाशीलता, हर बार कुछ नया ढूंढने लेने की उनकी उद्यमशीलता नए-नए कीर्तिमान कायम कर रही है. करीब चौथाई करोड़ युवा प्रतियोगियों के जीवन को प्रभावित करने वाला ताजातरीन नीट घोटाला इसकी एक मिसाल है. इसे आख़िरी मानना, घोटाले करने वालों की अन्वेषण और अनुसंधान क्षमताओं का अपमान करना होगा. कुछ वर्ष पहले लिखा याद आया कि "व्यापम के आगे जहां और भी हैं / अभी ऐसे ही इम्तहां और भी हैं!" नीट घोटाले में क्या हुआ यह सबको पता चल चुका है, इसलिए उसे दोहराने की जरूरत नहीं. यहां घटना पर नहीं, वह जिस परिघटना का परिणाम और हिस्सा है, उस पर नजर डालना ज्यादा उपयोगी होगा. इस काण्ड का केंद्र- एपीसेंटर- गुजरात का गोधरा था, मगर झटके पूरे देश ने झेले. अब तक इस तरह के कांडों के लिए बिहार कुख्यात था, मगर धीरे-धीरे अब बिहार पीछे, काफी पीछे रह गया है; गुजरात और उसकी प्रत्यावर्तित आभा वाले गुजरात मॉडल्स वाले भाजपा शासित प्रदेशों ने झंडे गाड़े हुए हैं. यह संयोग नहीं है- कुछ है जो इन्हें आपस में जोड़ता है. नीट में हुई चीटिंग से पहले के भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा परीक्षा घोटाला- व्यापम- इस सदी की शुरुआत में 2013 में मध्यप्रदेश में सामने आया. व्यापम का नाम इसे प्रतियोगी परीक्षा करने वाले संस्थान-व्यावसायिक परीक्षा मंडल-के संक्षिप्तीकरण से मिला. उस साल अलग-अलग परीक्षाओं में कोई 25 लाख परीक्षार्थी बैठे थे- मगर कई तरह से फर्जीवाड़ा करके चुने वे ही गए, जिन्होंने एक निश्चित धनराशि नेताओं और अधिकारियों तक पहुंचा दी थी. सिर्फ संदेह नहीं, अनेक प्रमाण सामने आये जो सीधे मुख्यमंत्री निवास तक पहुंचते थे. घोटाले के उजागर होते ही इससे जुड़े, इसकी जानकारी रखने वाले कोई आधा सैकड़ा लोगों की रहस्यमय तरीके से मौत एक अलग ही काण्ड था. सीबीआई की जांच में कुछ भी साबित न होना और सारे संदिग्धों का आज भी खुलेआम आजाद घूमना और भी अलग काण्ड था. जब व्यापम देश में मुहावरा बन गया तो, मौजूदा हुक्मरानों ने उसका नाम बदल दिया- लेकिन सिर्फ नाम ही बदला भर्ती घोटाले जारी रहे. नर्सिंग स्टाफ, स्कूली शिक्षक, कांस्टेबल, पटवारी, और कृषि विस्तार एवं विकास अधिकारियों, जिला सहकारी बैंकों यहां तक कि नगर परिषदों सहित मध्यप्रदेश में ऐसी एक भी भर्ती नहीं हुई, जिसमें घोटाले नहीं हुए हों. सभी घोटालों का एक ही पैटर्न था- नीट की तरह एक ही केंद्र से एक साथ दस के दस टॉपर्स का निकलना, कुछ चुनिन्दा परीक्षा केन्द्रों द्वारा कामयाबियों के रिकॉर्ड कायम किया जाना. व्यापम ने इंजन-बोगी की नई उपमाएं और उपमान भी दिए. सुकरात के किसी और प्रसंग में कहे वाक्य में कहें तो भ्रष्टाचारियों का धर्म नहीं होता, विचार जरूर होता है. एक विचार है वामपंथ, इसे इसके विरोधी सत्रह सौ सत्रह बातों के लिए कोसते रहते हैं, मगर इसके धुर विरोधी भी इसे घपले, घोटाले या भ्रष्टाचार के लिए नहीं कोस पाते. यह विचार है जो निजी लोभ, लालच, लालसा, हवस को पास नहीं फटकने देता, जनता के हित जो सबसे ऊपर रखता है. चंद रुपयों की खातिर लाखों छात्र-छात्राओं-प्रतियोगियों के भविष्य को अंधे कुंए में नहीं धकेलता. दूसरी तरफ एक और विचार है ; जन को हिकारत से देखने वाला घोर दक्षिणपंथी विचार जो न नीट हैं, न क्लीन उनको इस तरह का बनाने वाला यही विचार है. व्यापम से लेकर नीट, नियुक्ति में फर्जीवाड़े से लेकर पेपर लीक तक यही विचार है जो अपने अंधेरों से, सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश की एक नहीं दो दो-तीन तीन पीढ़ियों को भविष्य अनिश्चित और अन्धकारमय बनाने पर आमादा है. गांधी समझा गए हैं कि पाप से घृणा की जानी चाहिए. उसे गहराई तक दफ़न करके आना चाहिए. व्यापम से नीट तक की यात्रा के पीछे जो पाप है उसे पहचानना होगा और सबसे पहले तो उसका वह चोगा- धर्म और राष्ट्रवाद का झीना बाना-उतारना होगा जिसे पहनकर वह अपनी पहचान छुपाता है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> घोटाले के उजागर होते ही इससे जुड़े, इसकी जानकारी रखने वाले कोई आधा सैकड़ा लोगों की रहस्यमय तरीके से मौत एक अलग ही काण्ड था. सीबीआई की जांच में कुछ भी साबित न होना और सारे संदिग्धों का आज भी खुलेआम आजाद घूमना और भी अलग काण्ड था. जब व्यापम देश में मुहावरा बन गया तो, मौजूदा हुक्मरानों ने उसका नाम बदल दिया- लेकिन सिर्फ नाम ही बदला भर्ती घोटाले जारी रहे.

# सत्ता का अहंकार लोकतंत्र के लिए घातक

• सामयिकी

एल.एस. हरदेनिया

इस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर जबरदस्त हमला हो रहा है. संघ का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व अत्यधिक आत्मविश्वासी और अहंकारी हो गया है. यह आरोप संघ के मुखपत्र आर्गनाइज़र में संघ के प्रमुख चिंतक रतन शारदा द्वारा लगाया गया है. उनका आरोप है कि यदि नेतृत्व अहंकारी नहीं होता और अति आत्मविश्वासी नहीं होता तो भाजपा की झोली में लोकसभा की 400 सीटें आ जातीं. यद्यपि नाम नहीं लिया जा रहा है, परंतु बहुत साफ है कि यह हमला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है. इस बात पर कोई संदेह नहीं कि किसी व्यक्ति का पद जितना ऊंचा हो, उतना ही उससे यह अपेक्षा होती है कि वह उतना विनम्र और सौम्य हो. भारतीय जनता पार्टी में अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही नेता थे. वे जब तक प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने संघ से संपर्क बनाए रखा.अब हम कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों की चर्चा करें तो प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी कहीं से अहंकारी नजर नहीं आते थे. बड़े नेताओं से लेकर आम जनता तक उनका सतर्क सम्पर्क रहता था. वे जब दिल्ली में रहते थे तो रोज़ कम से कम 500-600 लोगों से अपने निवास-तीन मूर्ति मार्ग पर मिलते थे. उनके उत्तराधिकारी लाल बहादुर शास्त्री तो दिखने में कतई प्रधानमंत्री नहीं लगते थे. उनकी इमेज लगभग एक किसान नेता की थी. शास्त्री जी के बाद इन्दिरा जी प्रधानमंत्री बनीं. इन्दिरा जी का स्वभाव कुछ हद तक अहंकारी था, परंतु राष्ट्र के हित में वे अपने अहंकार का चोला उतार फेंक देती थीं. इस संबंध में दो घटनाएं मुझे याद आ रही हैं-उत्तरप्रदेश में चुनाव होने वाले थे. उत्तरप्रदेश की राजनीति में हेमवती बहुगुणा का काफी महत्व था. चुनाव के पूर्व इन्दिरा जी और बहुगुणा में कुछ मतभेद थे. परंतु चुनाव की खातिर वे बहुगुणा से मिलने गईं और उस मुलाकात के बाद दोनों के मतभेद दूर हो गये. जब बांग्लादेश का युद्ध चल रहा था तो यह आवश्यक समझा गया कि देश में सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे. इस काम में वे जानती थीं कि राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रमुख गोलवलकर की प्रमुख भूमिका हो सकती है. गोलवलकर से इन्दिरा जी के संबंध कभी मधुर नहीं थे. परंतु राष्ट्र के हितों को देखते हुए उन्होंने गुरु गोलवलकर से मधुर संबंध बनाना आवश्यक समझा. इसमें उन्होंने अटल बिहारी वायपेयी का उपयोग किया. उन्होंने वाजपेयी जी ने अनुरोध किया कि वे नागपुर जायें और गुरु जी को मेरा संदेश दें कि इस दरम्यान यदि देश में एक भी मुसलमान का एक बूंद भी खून बहा तो मेरी नाक कट जायेगी. यह काम गुरु जी ही सुनिश्चित कर सकते हैं. मैं चाहती हूं कि वे यह जिम्मेदारी पूरी संजीदगी से निभा सकते हैं. अटल बिहारी वाजपेयी नागपुर गये और इन्दिरा का यह संदेश गुरु गोलवकर को दिया. गोलवलकर जी यह संदेश पढ़कर बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने इन्दिरा जी से फोन पर कहा कि वह इतना ऐतिहासिक काम कर रही हैं कि उसके लिए मेरे शरीर के खून का एक-एक कतरा हाजिर है. इन संदेशों के आदान-प्रदान से हिन्दुस्तान के एक-एक नागरिक ने इन्दिरा जी के प्रति अपनी वफादारी दिखाई और भारत में पाकिस्तान के दो टुकड़े करने का ऐतिहासिक काम हासिल किया. और भी कई मौके हैं, जब इन्दिरा जी ने अपने अहंकार को त्यागकर देश के हित में कई निर्णय लिये. राजनीतिज्ञ का अंहकार उसका कैसा नुकसान करता है, उसका एक उदाहरण मध्यप्रदेश का है. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित डीपी मिश्रा थे. स्वभाव से दृढ़निश्चयी. जो निर्णय ले लिया उस पर वे हर हालत में कायम रहते थे. उनके पद पर रहते हुए कांग्रेस के 36 विधायक पार्टी छोड़कर चले गये और वे गोविन्द नारायण सिंह और राजमाता के नेतृत्व में सरकार में शामिल हो गये. दल-बदल की खबरें आने लगीं. अनेक लोगों ने पंडित मिश्र से अनुरोध किया यदि वे इन लोगों से बात करके उनको मनाने की कोशिश करें तो सरकार बच जायेगी. मिश्र जी से यहां तक कहा गया कि यदि वह विधायक विश्राम गृह की गैलरी से पैदल निकल जायेंगे तो सारे विधायक उनसे मिलने के लिए आ जायेंगे और इतना करने से ही सरकार बच जायेगी. पंडित मिश्र ने कहा कि मैं कदापि इन भगोड़ों के सामने हाथ नहीं जोड़ूंगा. यदि मेरे कहने पर ये दलबदल नहीं करते हैं तो वे मुख्यमंत्री हो जायेंगे और मैं सड़क पर आ जाऊंगा. वे आखिर तक अपने निर्णय पर कायम रहे और विधानसभा में उनकी सरकार गिर गई. इसी तरह का मोदी जी के स्वभाव में भी अहंकार है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> उत्तरप्रदेश की राजनीति में हेमवती बहुगुणा का काफी महत्व था. चुनाव के पूर्व इन्दिरा जी और बहुगुणा में कुछ मतभेद थे. परंतु चुनाव की खातिर वे बहुगुणा से मिलने गईं और उस मुलाकात के बाद दोनों के मतभेद दूर हो गये. जब बांग्लादेश का युद्ध चल रहा था तो यह आवश्यक समझा गया कि देश में सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे.

### मीडिया में अन्यत्र

## भेदभाव खत्म करने के प्रयास होने चाहिए

**तमिलनाडु** के कई हिस्सों में स्कूली बच्चों के बीच जातीय गौरव के खुले प्रदर्शन का नतीजा अक्सर खूनखराबे के रूप में सामने आया है. और, नांगुनेरी में अनुसूचित जाति के भाई-बहन पर दबंग समुदाय के उनके स्कूली साथियों द्वारा कातिलाना हमले की पृष्ठभूमि में गठित, जस्टिस के. चंद्रू कमेटी ने इसका हल तलाशने की कोशिश की है. अपनी विस्तृत रिपोर्ट में, उसने राज्य सरकार से सिफारिश की है कि छात्रों के रंगीन रिस्टबैंड, अंगूठियां या तिलक धारण करने पर रोक लगायी जाए, क्योंकि ये जातीय पहचान का काम करते हैं. छात्रों को ऐसी साइकिलों के इस्तेमाल से परहेज करना चाहिए, जिन पर जातीय संदर्भ वाला कोई चिह्न पेंट किया गया हो. इसके अलावा, स्कूलों के नाम में कोई जातीय पदवी नहीं होनी चाहिए. उसने विद्यार्थियों की जाति गोपनीय रखने का भी सुझाव दिया है. ऐसी सिफारिशें नयी नहीं हैं. एक चौथाई सदी पहले, दक्षिणी जिलों में जातीय टकरावों के बाद, सरकार ने परिवहन निगमों और जिलों को दिये गये जाति, समुदाय और नेताओं के नाम हटा दिये थे. उससे काफी पहले, उसने सड़क पर लगे साइनबोर्डों से जातीय उपनाम हटाने का प्रयोग किया था. कुछ वर्ष पूर्व, पाठ्यपुस्तकों से लोकप्रिय नेताओं के जातीय उपनाम हटा दिये गये थे. कमेटी ने यह बिल्कुल सही सिफारिश की है कि सामाजिक मुद्दों से जुड़ी पाठ्यचर्या को जांचने और बदलाव के सुझाव देने के लिए, और सामाजिक न्याय, समानता, और भेदभाव न करने पर आधारित विषयों के समावेश पर जोर देने के लिए, सरकार एक सामाजिक न्याय निगरानी कमेटी नियुक्त करे, जिसमें शिक्षाविदों (एकेडमीशियनों) और सामाजिक कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाए. समावेशन के प्रति उन्मुखता सुनिश्चित करने के लिए, बीएड और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन के पाठ्यक्रमों को संशोधित करने का सुझाव स्वागतयोग्य है, लेकिन अच्छा होगा कि सरकार हर स्कूल में मध्याह्न भोजन रसोईघरों को खत्म करने की प्रतिगामी सिफारिश को दरकिनार कर दे. कमेटी के सुझाव के अनुरूप हर ब्लॉक/पंचायत में एक केंद्रीकृत रसोईघर से रसोइयों की जातीय पहचान पर पर्दा डालने में शायद मदद मिल सकती है, लेकिन यह प्रचलित भेदभाव का समाधान नहीं करता. केंद्रीय रसोईघर से भोजन के वितरण में व्यावहारिक कठिनाइयां तो हैं ही, बच्चे भी गर्म और ताजा भोजन से वंचित हो जायेंगे. एक वर्दीधारी सोशल जस्टिस स्टूडेंट्स फोर्स- जो "केंद्र सरकार से स्वतंत्र रूप से काम करेगा" और नियमित कवायद और कसरत आयोजित करेगा-की स्थापना के सुझाव को भी सावधानी से देखने की जरूरत है. मौजूदा एनसीसी, स्काउट व गाइड, और एनएसएस व्यवस्था छात्रों को इस तरह का 'स्पेस' मुहैया कराने के लिए बहुत पर्याप्त है. सरकार को उस भेदभाव से निपटने को लेकर जागरूक होना होगा, जो बच्चों के पर्यावासों में शुरू होता है. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## समारोह/कार्यक्रम

**विश्वविद्यालय** के वार्षिक समारोह में अनेक आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये. इस वाक्य में हम जिन दो शब्दों से रूबरू हो रहे हैं, वे हैं समारोह और कार्यक्रम. एक झटके में लगता है कि समारोह और कार्यक्रम दोनों एक ही हैं. शब्दकोशों के संपर्क में जाने पर हम पाते हैं कि अगर दोनों एक नहीं हैं तो दोनों के बीच काफी हद तक समानता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार समारोह संस्कृत तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है उत्सव, शुभ कार्यक्रम, फंक्शन, धूमधाम. समारोह का मतलब चढ़ाई करना, सवार होना, ऊपर जाना आदि भी होता है. इसी प्रकार कार्यक्रम तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है. इसका अर्थ है संपन्न होने वाले कार्यक्रमों क्रमिक सूची, सूची के अनुरूप संपन्न क्रिया-कलाप, मनोविनोद के लिए आयोजित गतिविधियां. अगर किसी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तो इसका मतलब यही है कि स्कूल में मनोरंजक गतिविधियां हुईं. यह सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूल के स्थापना दिवस, गणतंत्र दिवस, स्वाधीनता दिवस आदि अवसरों पर आयोजित समारोह के अंतर्गत हो सकते हैं, लेकिन कई कार्यक्रम ऐसे भी होते हैं, जो समारोह नहीं होते. समारोह सम और आरोह इन दो शब्दों के मिलने से बना है. सम का अर्थ हुआ समान और आरोह का मतलब ऊंचाई, चढ़ाई, उठान, संगीत में स्वरों का चढ़ाव, घमंड. इसका लाक्षणिक अर्थ जुटान भी है और यही अर्थ समारोह शब्द का आधार है. समारोह एक सामूहिक कार्यक्रम होता है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों का समूह एकत्रित होता है. इसमें विभिन्न गतिविधियों, प्रदर्शनी, संगीत, नाटक आदि का आयोजन किया जाता है. वहां से लोग अच्छी तरह से लड़खड़ाते हुए जाते हैं और समाज के बाकी सदस्यों से मिलते हैं. एक समारोह में कई कार्यक्रम होते हैं, लेकिन एक कार्यक्रम में कई समारोह नहीं हो सकते. कार्यक्रम बिना समारोह के भी हो सकते हैं, लेकिन समारोह बिना कार्यक्रम के पूरा नहीं हो सकता. यानी कार्यक्रम ही समारोह के आधार होते हैं और उसकी सफलता विफलता कार्यक्रमों पर निर्भर होता है.

# मैं हूं इन दिनों अतिक्रमण में व्यस्त

• तीर-तुक्का

यशवंत कोठारी




हर खास और आम को सूचित किया जाता है कि मैं इन दिनों अतिक्रमण में व्यस्त हूं, जब सब कर रहे हैं तो मैं क्यों पीछे रहूं. जो होगा सो देखा जायेगा. वैसे तो सरकार को कुछ दिखता नहीं है. सब आंखों पर पट्टी बांध कर बैठे हैं . फिर भी यदि किसी को कुछ दिख जायगा तो चांदी का जूता काम करेगा. इस जूते में हैं बड़े-बड़े गुण. हर शहर , गांव, सड़क, वन सब पर अतिक्रमण की छाई बहार है. जिसमें जितनी हिम्मत हो उतना अतिक्रमण कर ले. दूसरे ने अतिक्रमण कर लिया यह रोना रोने के बजाय खुद भी कहीं अतिक्रमण कर लो. मुझे एक सरकारी कारिंदे ने समझाया था, जब मैं शिकायत लेकर गया था, उसने यह भी कहा कि अतिक्रमण के लिए शेर सा दिल और जेब भरी होनी चाहिए. चिड़िया के दिल वाले क्या खाकर अतिक्रमण करेंगे. उसने मुझे सीधा रास्ता बताया जहां भी खाली जगह देखो, अपना काम शुरू कर दो. कोई आये तो औकात के हिसाब से सुविधा शुल्क दे दो. जितना बड़ा जूता उतनी पोलिस वाला हिसाब चलता है. पडोसी की दीवार पर अपना मकान बना दो, दुकान के नीचे तहखाना खोल दो, सड़क पर टॉयलेट बना दो, फ्लैटों की छत पर पेंट हाउस बना कर बेच दो, एक मंजिला दुकान को बहु मंजिला कर दो. शिकायत आने पर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, जिला कार्यालय में जाकर शिकायत करनेवालों के ख़िलाफ़ झूठी शिकायत कर दो. पुलिस में मामला दर्ज कर दो. किसी की परवाह मत करो. इस शहर में पचास प्रतिशत मकान, दुकान, बहुमंजिला इमारतें अवैध हैं. सरकार किस किस को गिराएगी. सबको हफ्ता देते रहो बस. ऊपर की बालकोनी को इतना बढ़ा दो कि सामने वाले की छत से टकरा जाये . समरथ को नहीं दोष गुसाईं. साधो ! अतिक्रमण के असली मजे तो गावों में देखो. खेत मेरा, रास्ता पडोसी का, प्लाट मेरा, दीवार की जमीं पर पडोसी का कब्ज़ा, पडोसी गेट खोल दे तो चुप रहो, नहीं तो फौजदारी का डर. यह किस्सा हर गांव, गली, मोहल्ला, शहर का है. अतिक्रमण हटाने में भी खाओ, बनाने में भी खाओ ,कोई मर जाये तो मुआवजा देने में भी खा जाओ ,बस खाते रहो. पकडे जाने पर खिला कर बच निकलो. अतिक्रमण केवल जमीनों का ही नहीं होता किसी का हक़ मार लेना भी अतिक्रमण ही है .किसी की नौकरी खा जाना, किसी की भैंस ले जाना ,किसी को परेशां करना, भी अतिक्रमण है. बस में सीट के झगड़े भी अतिक्रमण की लड़ाई है. हर कॉलोनी में सड़कों पर कारों का अतिक्रमण है दोपहिया वाहन भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं, सड़कों पर आवारा जानवरों का अतिक्रमण है. चलना मुश्किल है. अतिक्रमण के आनंद भी हैं, बहुत सारे लोगों को अपनी दबंगता सिद्ध करने के लिए अतिक्रमण करना या करवाना पड़ता है .

# बायोस्कोप

हस्ताक्षर

## दस्तक देने लगे पर्यावरण के प्रश्न

*यह शायद हिन्दी सिनेमा की सीमा है कि पर्यावरण जैसे मुद्दे जो बगैर किसी भेदभाव के लाखों जानें हर वर्ष निगल जाती है, उसे सिनेमा मुद्दे में शुमार ही नहीं कर पाती. देश भर में लाखों तालाबों पोखरों का सूख जाना, पत्थर के लिए पहाड़ ध्वस्त कर देना, सड़कों और अपार्टमेंटों के लिए जंगल साफ कर देना, पानी के लिए मची हाहाकार, विलुप्त होते वन्य जीव ...ये कुछ भी सिनेमा को मुद्दों के रुप में आकर्षित नहीं कर पाते, जबकि इन मुद्दों पर केंद्रित सैकड़ों कहानियां हर रोज कही सुनी जा रही है. नीले आसमान की तलाश में हम विदेशों में शूटिंग के लिए चले जाते हैं, लेकिन शहरों में 'स्माग' की समस्या में सिनेमा कहानी नहीं ढूंढ पाती.*



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार




▪ **नए प्रयोगों के लिए तैयार नहीं हिंदी सिनेमा :** हालांकि यह सच आमतौर पर हिन्दी सिनेमा का ही है. विदेशों में ही नहीं, अन्य भारतीय भाषाओं में भी पर्यावरण के मुद्दे पर पूरी संवेदना के साथ बेहतरीन फिल्में बनती रही हैं. आश्चर्य नहीं कि नेशनल फिल्म अवार्ड के अंतर्गत पर्यावरण के मुद्दे पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए 1989 में रजत कमल प्रदान करने की शुरुआत हुई, जो 28 वर्षों के बाद 2017 में हिन्दी को मिल सकी, इरादा के लिए. इसके पूर्व 1989 में अपनी तरह का यह पहला अवार्ड जाह्नू बरुआ की असमिया फिल्म 'बोनाई' को मिला. उल्लेखनीय है कि असमिया और ओड़िया के अलावा इस श्रेणी में अधिकांश दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्में ही चयनित हुई. शायद इसलिए कि हिन्दी सिनेमा कभी भी नए प्रयोगों के लिए तैयार नहीं दिखती.

▪ **'कड़वी हवा' :** नेशनल अवार्ड में हिन्दी फिल्म 'कड़वी हवा' को अपने अछूते विषय और प्रस्तुति के लिए खासतौर पर स्पेशल मेन्शन श्रेणी में सम्मानित किया गया था. पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे पारिस्थिकि असंतुलन को हिन्दी में शायद पहली बार इतनी गंभीरता और ईमानदारी से दिखाने की कोशिश की गई थी. नील माधव पांडा की यह फिल्म स्पष्ट कहती है, बात चाहे सूखे की हो या ग्लोबल वार्मिंग की, एक बात तो स्पष्ट है कि इसके लिए जिम्मेवार कोई और है और भोगता कोई और है. खेत में फसल उगाने वाला किसान हो या मछली पकड़ने वाला मछुआरा, कोई भी ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेवार नहीं, लेकिन कीमत उन्हें ही चुकानी पड़ती है.


▪ **शिखर, एक शानदार कोशिश :** जाहिर है ऐसी फिल्में हिन्दी के खाते में काफी कम हैं. 2006 में एक ऐसी ही शानदार कोशिश जान मैथ्यू मैथन की थी. फिल्म थी "शिखर" हिन्दी में बनी शायद यह पहली ही नहीं, अब तक भी अकेली फिल्म होगी जो विस्थापन के मुद्दे को पर्यावरण से जोड़ कर देखने की कोशिश करता है. शिखर उद्योगों के कांट्रास्ट को दिखाता है. एक उद्योगपति है जो जंगल बचाकर आदिवासियों के साथ रह कर अपना विकास करना चाहता है. दूसरा है जो जंगल का नाश कर वहां शहर बसा कर एक ही बार अरब पति होना चाहता है. यहां 'द फ्लाइंग जट्ट' को याद नहीं करना नाइंसाफी होगी. बच्चों के लिए बनी यह प्रदूषण और पेड़ के संबंध को रोचक अंदाज में कहती है.

▪ **अछूते हैं मुद्दे :** यदि पर्यावरण के मुद्दे को विस्तार दें तो 'दो बूंद पानी' से लेकर 'गाइड' तक और फिर 'लगान' और 'जल' तक पर्यावरण के मुद्दों पर बनी फिल्मों की एक फेहरिश्त तो दिखती है, लेकिन ईमानदारी की बात यह कि हिन्दी सिनेमा के लिए ऐसे मुद्दे अभी भी अछूते हैं. हों भी क्यों न स्वीकार करने के लिए हम आगे तो बढें.

## जहीर की हुईं सोनाक्षी

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा कल यानी 23 जून को जहीर इकबाल के संग शादी करेंगी. दोनों लंबे समय से एक दूसरे के साथ स्पॉट किए जा रहे हैं और इंस्टाग्राम के अपने-अपने अकाउंट में एक दूसरे के साथ बेहद रोमांटिक तस्वीरें भी शेयर करते रहे हैं. अब जब से शादी की खबर सामने आई है, खूब सुर्खियां बटोर रही है. एक तरफ इस बात की चर्चा गर्म रही कि शादी से सोनाक्षी का परिवार खुश नहीं, पिता शादी में शरीक नहीं होंगे वहीं दूसरे धर्म में शादी के कारण सोशल मीडिया पर भी सोनाक्षी को खूब ट्रोल किया जा रहा है.

### अफवाह पर बोले डैडी



कई तरह की अफवाहें थीं. मसलन पिता शादी में शरीक नहीं होंगे, दूसरे धर्म में शादी से नाराज हैं. शत्रुघ्न सिन्हा को इस पर खामोशी तोड़नी पड़ी. उन्होंने मीडिया से दो टूक कहा, क्यों करूंगा मैं ऐसा? सोनाक्षी मेरी बिटिया है, उसकी खुशी मेरी प्राथमिकता है. उन्हें अपना साथी चुनने और अपनी शादी की अन्य चीजें चुनने का पूरा अधिकार है. मैं न केवल उनकी ताकत के रूप में बल्कि उनके असली कवच के रूप में भी यहां हूं. सोनाक्षी और जहीर को एक साथ जिंदगी गुजारनी है. वे एक साथ बहुत अच्छे लगते हैं.'

### गैर फिल्मी है है इकबाल का परिवार

एक्टर जहीर इकबाल बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखते हैं. उनका पूरा नाम जहीर इकबाल रतनसी है. जहीर इकबाल के पिता इकबाल रतनसी मूल रूप से मुंबई के ही रहने वाले हैं. उनके कुल तीन बच्चे हैं. दो बेटे और एक बेटी है. जहीर इकबाल सबसे बड़े हैं. जबकि छोटा बेटा मोहम्मद लाढ़ा कंप्यूटर साइंस में ग्रेजुएट हैं. जबकि बेटी सनम रतनसी बॉलीवुड की मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट हैं.

### सलमान खान से नजदीकी

जहीर का परिवार सलमान खान का नजदीकी बताया जाता है. सलमान और जहीर के पिता बहुत अच्छे दोस्त हैं. बताया जाता है कि कभी मुश्किलों के दौर में इकबाल रतनसी ने सलीम खान की आर्थिक मदद भी की थी. सलमान ने ही जहीर को बॉलीवुड में लॉन्च किया था. जहीर ने साल 2019 में सलमान खान की फिल्म नोटबुक से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था. वहीं, साल 2010 में सलमान की फिल्म से ही सोनाक्षी ने बॉलीवुड डेब्यू किया था.

### सोनाक्षी-इकबाल की पहली मुलाकात

सोनाक्षी और जहीर की पहली मुलाकात भी सलमान खान की पार्टी में हुई थी. यहां से दोनों की दोस्ती हुई और फिर यह दोस्ती प्यार में बदल गई. इसके बाद दोनों ने फिल्म डबल एक्स एल में साथ काम किया. बॉलीवुड की पार्टीज में दोनों कई बार साथ स्पॉट किए गए. उनके सोशल मीडिया पोस्ट भी दोनों के रिश्तों की कहानी कहते नजर आते. लेकिन दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते पर खुलकर बात नहीं की.



### उम्र का फासला

सोनाक्षी जहीर से उम्र में करीब दो साल बड़ी हैं. जहीर 35 साल के और सोनाक्षी 37 साल की हैं. सोनाक्षी से पहले जहीर का नाम दीक्षा सेठ और सना सईद से भी जुड़ चुका है.

### इनकी शादी पर भी मचा बवाल

**हिंदू धर्म की सोनाक्षी सिन्हा का इस्लाम धर्म के जहीर इकबाल से शादी करना सोशल मीडिया पर बवाल मचाए है. जब से शादी की खबर सामने आई है, एक्ट्रेस को ट्रोलर्स लगातार घेर रहे हैं. बता दें कि हाल के वर्षों में ये सेलेब्स भी दूसरे धर्म में जाकर जीवनसाथी चुनने पर हुए ट्रोल्स के शिकार**

#### स्वरा भास्कर



स्वरा भास्कर ने बीते साल 16 फरवरी को समाजवादी पार्टी के नेता और सोशल एक्टिविस्ट फहाद अहमद से कोर्ट मैरिज की थी. सोशल मीडिया पर जैसे ही एक्ट्रेस की शादी की खबर आई, उन्हें बुरी तरह ट्रोल किया गया. फिर बेटी के जन्म के बाद उसका नाम राबिया रखने को लेकर भी वो निशाने पर आईं.

#### करीना कपूर



करीना कपूर भी सैफ अली खान से 2012 में निकाह करने पर खूब ट्रोल हुईं थीं. दोनों बेटों के जन्म के बाद उनके नाम को लेकर भी कंट्रोवर्सी में आईं. खास कर बड़े बेटे तैमूर के नाम पर. बाद में करीना ने खुद भी इसे अपनी जिंदगी का सबसे कठिन दौर बताया.

#### दीपिका कक्कड़



टीवी ड्रामा सीरियल ससुराल सिमर का की अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी करने के बाद इस्लाम धर्म अपना लिया था. दीपिका कक्कड़ का धर्म परिवर्तन करने का फैसला भी सोशल मीडिया पर बवाल मचाया था और यूजर्स ने उनके फैसले की जम कर आलोचना की थी.

#### ऋचा चड्ढा



ऋचा चड्ढा ने फुकरे को-स्टार अली फजल के साथ बीते साल अक्टूबर में शादी की थी. शादी के बाद इस कपल को भी काफी कुछ सुनना पड़ा था. एक रिपोर्ट के अनुसार, ऋचा चड्ढा से एक बार सोशल मीडिया पर एक ट्रोलर ने पूछा था, आप तलाक कब ले रही हैं? इस पर एक्ट्रेस ने करारा जवाब दिया था.

#### देवोलीना भट्टाचार्य



टीवी सीरियल साथ निभाना साथिया की अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्य ने जब से अपने जिम ट्रेनर शाहनवाज शेख संग शादी की, कई मौकों पर वो ट्रोलिंग सह चुकी हैं. इसका अभिनेत्री ने कई बार प्रतिकार भी किया है.

## अमरीश पुरी : जयंती आज

## मोगैम्बो खुश हुआ

*उनकी आवाज सुनकर बच्चे रोने लगते थे. कौन सा ऐब ऐसा था जो पर्दे पर उनसे छूटा नजर आता? प्यार का नंबर वन दुश्मन के रूप में भी वही नजर आते. चाहे लड़के के पिता के किरदार में हों या लड़की के पिता के रूप में, प्रेमी जोड़े को किसी सूरत में मिलने नहीं देना चाहते. किसी खुशी उन्हें फूटी आंख नहीं सुझाती, इसलिए साजिश दर साजिश कर परिवार को तबाह कर देते. बात हो रही है अमरीश पुरी की जिन्होंने अपने 30 साल के करियर में 350 से अधिक फिल्मों में काम किया. उनकी गिनती हिंदी सिनेमा के सबसे सफल खलनायक में होती है. लेकिन वास्तविक जिंदगी में अमरीश को बेहद मजाकिया और दिलदार शख्सियत के रूप में उनके करीबी याद करते हैं. आज उनकी जयंती है. आइए, इस मौके पर उनके जिंदगी के कुछ पहलुओं से वाकिफ हों...*

▪ **सबसे महंगे खलनायक**

अमरीश पुरी हिंदी फिल्मों के सबसे महंगे विलेन थे. कहा जाता है कि एक फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये लेते थे. डायरेक्टर परिचित होता था तो फीस कुछ कम कर देते थे. एक बार 'मेरी जंग' और 'कालीचरण' जैसी फिल्मों के प्रोड्यूसर एन.एन. सिप्पी की मूवी उन्होंने साइन की. लेकिन तीन साल तक शूटिंग का अता-पता नहीं था. बाद में शुरू होने की स्थिति आई तब पुरी ने सिप्पी से उनके बढ़े मार्केट रेट के हिसाब से 80 लाख मांगे. सिप्पी ने मना किया तो उन्होंने फिल्म छोड़ दी.

▪ **ताकि आवाज न हो रिकॉर्ड**

अमरीश पुरी वीडियो या ऑडियो इंटरव्यू नहीं देते थे. वे अख़बारों या मैगजीन को इंटरव्यू देते हुए भी अपनी आवाज रिकॉर्ड नहीं करने देते थे. ताकि फिल्मों में उनकी आवाज की दुर्लभता बनी रहे. वे विनम्रता से रिकॉर्डर बंद करने के लिए बोल देते थे. इसके अलावा फिल्म मैगजीन्स उन्हें इंटरव्यू के लिए कॉल करती थीं तो पुरी स्पष्ट रूप से कह देते थे कि उन्हें कवर स्टोरी मिलेगी तो ही वे इंटरव्यू देंगे.

▪ **लव स्टोरी में टू स्टेट्स**

रील लाइफ में भले प्यार के दुश्मन रहे हों, पर रियल लाइफ में जमाने से लड़ कर ड्रीम गर्ल से अमरीश पुरी ने शादी की. दरअसल फिल्मों में आने से पहले अमरीश पुरी एक बीमा कंपनी में बतौर क्लर्क काम किया करते थे. यहीं उनकी मुलाकात उर्मिला दिवेकर से हुई जो दक्षिण भारतीय थीं. अमरीश पंजाबी थे. दोनों एक दूसरे पर फिदा हुए. परिवार का विरोध सह कर दोनों ने शादी की.

▪ **मेले में खोए भाई ओम पुरी!**

2005 में अमरीश पुरी की मृत्यु हुई तो ओम पुरी ने उन्हें याद करते हुए कहा, ₹लोग अकसर सोच लेते थे कि हम भाई हैं जबकि हमारा दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था. मैं पुरी साब को छेड़ता, हम लोग भाई हैं और मेले में खो गए थे. मैं उन्हें कहा करता था, साब, अपनी जमीन जायदाद में से मेरा हिस्सा दे दो. इस पर वे ठहाका लगाते और कहते थे, अरे, चुप कर और चाय पी.

▪ **ऐसे मिली फिल्म निशांत**

श्याम बेनेगल ने एक इंटरव्यू में जिक्र किया था कि सत्यदेव दुबे के थिएटर ग्रुप में वे अमरीश से पहली बार मिले थे. तब अमरीश लाइफ इंश्योरेंस एजेंट भी थे और मोटरसाइकिल से इधर-उधर घूमा करते थे. बेनेगल ने बताया था कि अपनी पहली फिल्म अंकुर के लिए उन्होंने एक एक्टर को कास्ट किया, जिसके लुक्स अच्छे थे लेकिन वह प्रॉपर तरीके से डायलॉग नहीं बोल सकता था. तब उन्होंने उस लड़के लिए अमरीश से डब कराया. लेकिन बाद में अहसास हुआ कि यह गलत है. इसलिए श्याम बेनेगल ने जब अगली फिल्म निशांत बनाई तो अमरीश पुरी को रोल ऑफर कर दिया.

▪ **थिएटर पहला प्यार**

नाटकों में अभिनय के लिए उन्हें संगीत नाटक अकादमी ने अवॉर्ड दिया था. अमरीश पुरी ने 60 से ज्यादा प्ले किए जिनमें से कुछ का मंचन तो 400 से 500 बार किया गया. नाटक 'आधे अधूरे' में तो उन्होंने पांच किरदार निभाए थे - पति का, प्रेमी का, पत्नी के बॉस का और दो अन्य लोगों का. उनकी ख्वाहिश थी कि वे 'किंग लीयर', 'हैमलेट', 'ऑल माई सन्स' और 'अ व्यू फ्रॉम द ब्रिज' और 'लस्ट फॉर लाइफ' में केंद्रीय पात्र करें.



### ये हैं अमरीश पुरी के खास डायलॉग्स

- मोगैंबो खुश हुआ (मिस्टर इंडिया- 1987)
- ये अदालत है, कोई मंदिर या दरगाह नहीं जहां मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं, यहां धूप बत्ती और नारियल नहीं बल्कि ठोस सबूत और गवाह पेश किए जाते हैं (दामिनी- 1993)
- थप्पड़ तुम्हारे मुंह पर पड़ा है और निशान मेरे गाल पर पड़े हैं (विश्वात्मा- 1992)
- गलती एक बार होती है, दो बार होती है, तीसरी बार इरादा होता है (इलाका- 1989)
- ये दौलत भी क्या चीज़ है, जिसके पास जितनी भी आती है, कम ही लगती है (दीवाना- 1992)
- पैसों के मामले में मैं पैदाइशी कमीना हूं, दोस्ती और दुश्मनी का क्या, अपनों का खून भी पानी की तरह बहा देता हूं (करन अर्जुन- 1995)
- नए जूतों की तरह शुरू में नए अफसर भी काटते हैं (मुकद्दर का बादशाह- 1990)
- डॉन्ग कभी रॉन्ग नहीं होता (तहलका- 1992)
- जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी! (दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे- 1995)
- आदमी के पास दिमाग हो तो अपना दर्द भी बेच सकता है (ऐतराज- 2004)

## रणबीर की फिल्म पर बोले अमृत राम पर ईमानदारी से बनाएं फिल्म

रणबीर कपूर स्टारर, डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' पिछले वर्ष से ही सुर्खियों में है. फिल्म की शूटिंग जारी है. समय-समय पर इसकी कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर आती रहती हैं जिसे "रामायण के सेट से लीक" बताया जाता है. इससे पहले भी भगवान राम पर कई फिल्में बनाई गईं. लेकिन दूरदर्शन पर 1987 में आया रामानंद सागर का धारावाहिक रामायण इतने ऊंचे पायदान पर खड़ा है कि लोग उसे मापदंड की तरह आंकते हैं. अरुण गोविल को भगवान राम के रोल में लेकर आया ये सीरियल आज भी आइकॉनिक है. जब भी टीवी या बड़े पर्दे पर राम पर कहानी पेश करने की बात होती है, लोग रामानंद कृत रामयण को जरूर याद करते हैं. इस शो के मेकर, स्वर्गीय रामानंद सागर के पोते अमृत सागर ने अब रणबीर कपूर की 'रामायण' को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है.

जब अमृत से नितेश तिवारी की 'रामायण' फिल्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि रामायण बनाने का अधिकार सभी को है बस उन्हें ये काम ईमानदारी से करना चाहिए. रामायण को इस तरह न बनाएं कि अब मैं इस व्यक्ति के या उस व्यक्ति के पर्सपेक्टिव से रामायण बनाऊंगा. रामायण ये नहीं है. ये राम के पर्सपेक्टिव से है इसीलिए इसका नाम रामायण है. कहा कि इस देश में सदियों से रामलीलाएं हो रही हैं और वो पूरी तरह से कहानी को फॉलो करते हैं और कहीं कोई विवाद नहीं होता.



पिछले साल आई, प्रभास की फिल्म 'आदिपुरुष' की आलोचना करते हुए अमृत सागर ने कहा कि रामायण बनाते हुए हर किसी को ये बात याद रखनी चाहिए कि उन्हें कहानी को आखिरी शब्द तक एकदम सटीक रखना होगा. सच पूछिए तो यह कोई कहानी नहीं है, देश की जनता के जीवन का हिस्सा है. आगे कहा कि हम बड़े शहरों में रहने वाले लोग परंपरा भूलते जा रहे हैं. हमें शायद यह याद नहीं कि देश का एक बड़ा तबका हर रोज इसका टेक्स्ट पढ़ता है. उन्हें इस टेक्स्ट का एक-एक शब्द याद है. तो हमारे लिए किसी ऐसी चीज को बदलना जो युगों पहले लिखी गई है और ग्रन्थ के रूप में स्वीकार की जा चुकी है... ऐसा है जैसे बाइबिल में बदलाव करना. टेक्स्ट जैसा है, उसे वैसा ही फॉलो कीजिए और उसके दायरे में अपना काम ईमानदारी से कीजिए.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+

**आज का मैच : सुपर-8 के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ जीत के लिए उतरेगा भारत**

# टीम इंडिया के शीर्ष क्रम और शिवम दुबे पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव



मैच का समय : रात आठ बजे से.

**भाषा। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)**

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी, चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता. दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है, लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है. खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया. बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें. विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं. बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं. आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है. उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली. एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है.

> **24** जून को सामना ऑस्ट्रेलिया से है. बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी.

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा. गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है. बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए. मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था, बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है. इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं. इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है. हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है. हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं. एक इकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है. वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा, चूंकि 24 जून को सामना ऑस्ट्रेलिया से है. बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी. उसे टीम में पावर हिटर्स की कमी खल रही है. सलामी बल्लेबाज लिटन दास और तंजीद खान के खराब प्रदर्शन ने भी उसकी परेशानियां बढ़ा दी हैं. बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद कहा था, शीर्षक्रम का रन बनाना जरूरी है. उम्मीद है कि गेंदबाज भी फॉर्म में लौटेंगे. हमारा लक्ष्य भारत के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का है. बांग्लादेश के बल्लेबाजों के सामने चुनौती जसप्रीत बुमराह का सामना करने की है, जो अब तक बेहतरीन फॉर्म में हैं और उनका इकॉनॉमी रेट 3.46 रहा है.

### टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब.

## ब्रीफ खबरें

### भारत नवंबर में दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

**जोहानिसबर्ग।** भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की. सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी. इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे.

### एआईएफएफ फुटबॉल आज से गुजरात में

**नयी दिल्ली।** तीसरी एआईएफएफ फुटबॉल चैंपियनशिप वडोदरा के स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में शनिवार से आयोजित की जाएगी. इस टूर्नामेंट का भारतीय फुटबॉल के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा. यह प्रतियोगिता 16 दिन तक चलेगी जिसमें कुल 19 टीमें भाग लेंगी. इन टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए, ग्रुप बी और ग्रुप सी में पांच-पांच टीम, जबकि ग्रुप डी में चार टीमों को रखा गया है. प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी. फाइनल 7 जुलाई को खेला जाएगा.

### अगले महीने पाक की टीम से जुड़ेंगे गिलेस्पी

**कराची ।** पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी अगले महीने टीम से जुड़ेंगे और बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त में होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए उन्हीं की देखरेख में शिविर आयोजित किया जाएगा. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार शिविर 24 जुलाई से आयोजित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के अलावा पाकिस्तान ए टीम में शामिल खिलाड़ी भी भाग लेंगे. उन्होंने कहा, शिविर का आयोजन गिलेस्पी और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में ही किया जाएगा. टेस्ट कप्तान शान मसूद भी इंग्लैंड से जल्दी लौट आएंगे ताकि बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तैयारी कर सकें.

**डकवर्थ लुईस प्रणाली से निकला नतीजा, कमिंस की हैट्रिक**

# ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 28 रन से हराया

**भाषा। नॉर्थ साउंड (एंटीगा)**

स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जंपा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया. जंपा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये. वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये. ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया. इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे. ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया. दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा. खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये.

उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया. दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था. अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया. बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे. उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिए 72 रन ही चाहिए थे. इससे पहले बायें हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया. इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए. उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा. बांग्लादेश के लिए लिटन दास (16) और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (41) ने 58 रन की साझेदारी की. शांतो ने जोश हेजलवुड को चौथे ओवर में लांग आन पर छक्का लगाया. इसके बाद पांचवें ओवर में स्टार्क को दो चौके लगाये. जंपा ने इस साझेदारी को तोड़कर नौवें ओवर में दास को पगबाधा आउट किया. ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जंपा और ग्लेन मैक्सवेल ने नौवें से 13वें ओवर के बीच सिर्फ 26 रन दिये जबकि रिशाद हुसैन (दो) और शांतो के विकेट गंवाये. बांग्लादेश के लिए तौहीद हृदय ने 28 गेंद में 40 रन बनाकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया. हृदय ने मार्कस स्टोइनिस को दो छक्के लगाये. कमिंस ने आखिर में लगातार तीन विकेट लेकर स्कोर आगे बढ़ाने की बांग्लादेश की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. उन्होंने 18वें ओवर में लगातार दो विकेट लिये. पहले महमूदुल्लाह पूल शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए, जबकि मेहदी हसन का कैच जंपा ने लिया. आखिरी ओवर की पहली गेंद पर कमिंस ने हृदय को आउट करके हैट्रिक पूरी की.



शॉट लगाते डेविड वॉर्नर.

### पैट कमिंस ने टी20 विश्व कप 2024 में पहली हैट्रिक बनाई

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई. 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया. इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा. यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी. कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये. यह उनके टी20 कैरियर की पहली हैट्रिक थी. पिछले एक साल से शानदार फॉर्म में चल रहे कमिंस के इस प्रदर्शन की बदौलत


ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली से 28 रन से हराया. 'प्लेयर आफ द मैच' चुने गए कमिंस ने कहा , मैंने जूनियर स्तर पर कुछ हैट्रिक लगाई है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिये कभी नहीं. टी20 क्रिकेट में एश्टोन एगर और नाथन एलिस भी हैट्रिक लगा चुके हैं सो क्लब में शामिल होकर अच्छा लगा. ऑस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी. ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी.

**आज का मैच : अमेरिका के खिलाफ वेस्टइंडीज की टीम के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला**

**भाषा। ब्रिजटाउन**

टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रुस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी. ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया.

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही. इस हार के बाद रोवमैन पॉवेल की टीम अंकतालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है. उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी. दूसरी ओर पहले ही मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद अमेरिका ने भले ही कोई मैच नहीं जीता हो लेकिन भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया. इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पर अप्रत्याशित जीत के करीब पहुंचने के बाद 18 रन से हार गई. सह मेजबान अमेरिका ने अभी तक आक्रामक क्रिकेट खेली है.




### टीमें

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर.

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड.

मैच का समय : सुबह छह बजे से.

### अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

**लंदन।** विंबलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विंबलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा, जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6-7, 3-6 से हार गए. ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह करियर की सबसे बड़ी जीत थी. अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा. विंबलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैंपियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था. अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6- 4, 4-6, 6-4 से मात दी. अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा. वहीं टॉमी पॉल ने अलेजांद्रो ताबिलो को 6-3, 6-4 से हराया.

### इटली को हरा स्पेन नॉकआउट चरण में

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)।** तीन बार की यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने मौजूदा चैंपियन इटली को 1-0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया. रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली. स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया. इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा, वे जीत के हकदार थे. हम मैच में कभी थे ही नहीं. प्रदर्शन में काफी अंतर था. स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है. वहीं पिछली यूरो चैंपियनशिप में उसे इटली ने सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हराया था.

### टी20 वर्ल्ड कप : सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप 1**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +2.471 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +2.350 |
| अफगानिस्तान | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.350 |
| बांग्लादेश | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.471 |


**ग्रुप 2**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +1.343 |
| द.अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | +0.900 |
| अमेरिका | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.900 |
| वेस्टइंडीज | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.343 |

## मेस्सी के शानदार प्रदर्शन से अर्जेंटीना ने कनाडा को हराया

**एजेंसी। अटलांटा**

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने कोपा अमेरिका फुटबॉल में अपने अभियान का आगाज कनाडा को 2-0 से हराकर किया और दोनों गोल में लियोनेल मेस्सी ने सूत्रधार की भूमिका निभाई. मेस्सी ने 49वें मिनट में जूलियन अल्वारेज को गेंद सौंपी, जिन्होंने पहला गोल किया. इसके बाद 88वें मिनट में लौटारो मार्तिनेज के गोल में सहायक की भूमिका निभाई. अर्जेंटीना 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद लगातार तीसरा बड़ा खिताब जीतने की कोशिश में है. अमेरिका में दूसरी बार दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल की यह सबसे बड़ी चैंपियनशिप हो रही है. मेस्सी का यह 35वां मैच था और उन्होंने चिली सर्जियो लिविंगस्टोन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1941 से 1953 के बीच 34 कोपा अमेरिका मैच खेले थे. अब अर्जेंटीना का सामना मंगलवार को चिली से न्यूजर्सी में होगा. इसके बाद 29 जून को मियामी गार्डंस में उसे पेरू से खेलना है.



## भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल हुईं श्रेयसी सिंह

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया. भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की. भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था. मनु भाकर एयर पिस्टल और स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में शीर्ष पर रही थी, इसलिए उनका एक कोटा स्थान महिला ट्रैप निशानेबाजी में बदल दिया गया, जिससे श्रेयसी को टीम में जगह मिल गई. श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं. यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी. एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा, हमने आईएसएसएफ से 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग में एक कोटा स्थान बदलकर ट्रैप महिला वर्ग में करने का अनुरोध किया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है.



**ओलंपिक तैयारी** योग, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश को ओलंपिक में शामिल कराने का होगा प्रयास

# पेरिस ओलंपिक में मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे. भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा. भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की. एमओसी ने अपनी



इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है. इन खेलों में योग, खो-खो, कबड्डी, शतरंज, टी20 क्रिकेट और स्क्वाश शामिल हैं. एमओसी के एक सीनियर सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हमने कल नए खेल मंत्री से मुलाकात की और उन्हें रिपोर्ट सौंपी. उन्होंने कहा कि उन्हें इसको पढ़ने में कुछ दिन लगेंगे. उन्होंने हमसे एक अन्य रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी कहा कि कैसे देश में खेल करियर का विकल्प बन सकते हैं और किस तरह से युवाओं में खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा की जा सकती है. उन्होंने कहा, पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद ओलंपिक की दावेदारी पर चर्चा होगी जिसके लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं. लेकिन हमें पेरिस ओलंपिक के दौरान आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) के साथ लॉबिंग करनी होगी और उसके लिए हम अच्छी तरह से तैयार हैं. अभी खेलों के मेजबानी अधिकार को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और ऐसे में मेजबान देश की प्राथमिकताओं पर बाद में चर्चा की जाएगी. आईओसी अध्यक्ष के अगले साल होने वाले चुनाव के बाद ही इस पर फैसला किये जाने की संभावना है. भारत अगर मेजबानी हासिल करता है तो प्रस्तावित खेलों को इससे पहले 2032 में ब्रिस्बेन में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया जाएगा. इसी के बाद इन खेलों को ओलंपिक में शामिल करने पर विचार किया जाएगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल मुंबई में आईओसी कांग्रेस के दौरान खुलासा किया था कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने का इच्छुक है.

### ओलंपिक पदक जीतने का दबाव है : चिराग-सात्विक

**नयी दिल्ली ।** ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कहा कि उन पर अपेक्षाओं का दबाव है लेकिन वे इसे झेलने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं. पेरिस ओलंपिक खेल शुरू होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं और भारतीय बैडमिंटन की स्टार जोड़ी ने स्वीकार किया कि उनसे काफी उम्मीदें की जा रही हैं. पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ एक कार्यक्रम में बात करते हुए सात्विक ने कहा कि वे देश का गौरव बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. सात्विक ने कहा, हम ओलंपिक में भारतीय के ध्वज को ऊंचा रखने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं. हम इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. चिराग दबाव को लेकर चिंतित नहीं है क्योंकि वह अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए सकारात्मक बने रहना चाहते हैं. उन्होंने कहा, दबाव है लेकिन हम इसे सकारात्मक रूप से देख रहे हैं.



### ब्रीफ खबरें

## सीएम ने 117 पुलिस वाहनों को रवाना किया

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं मानव व्यापार निषेध के सुदृढ़ीकरण के लिए 117 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उनका निरीक्षण किया और उनकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, विजय कुमार चौधरी, मंत्री अशोक चौधरी, सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे.

## बेटे ने मां को पत्थर से कूच-कूचकर मार डाला

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में एक बेटे ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी. छोटी सी बात पर आरोपी बेटा गुस्से से पागल हो गया और आंगन में रखे ईंट से कूच-कूचकर मां की जान ले ली. घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के पाचंबा गांव वार्ड 17 की है. मृतका की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के पाचंबा वार्ड 17 निवासी स्व. बमबम सिंह का 45 वर्षीय पत्नी नूतन देवी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह नूतन देवी अपने घर में पूजा करने जा रही थी. तभी किसी बात को लेकर मां-बेटे में विवाद शुरू हो गया. आरोपी बेटा आनंद कुमार इतना आक्रोशित हो गया कि घर बंद करके ईंट से कूचकर अपनी ही मां की जान ले ली.

## कोचिंग में पढ़ने आये युवक पर चाकू से हमला

**छपरा ।** छपरा के नगर थाना क्षेत्र के जगदम कॉलेज ढाला के समीप आइएसीटी इंस्टीट्यूट में कुछ असामाजिक तत्वों ने एक छात्र को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया. घायल मढौरा थाना क्षेत्र के रामपुर खोरम गांव निवासी महेश राय का पुत्र सचिन कुमार बताया जाता है. इस संदर्भ में घायल ने बताया कि गुरुवार को भी इंस्टीट्यूट के समीप कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों के द्वारा गाली-गलौज की गयी थी. जिसके बाद से शुक्रवार को 10 से 15 की संख्या में लोग हाथों में डंडे व पत्थर लेकर इंस्टीट्यूट के समीप पहुंचे और मुझे देखते ही गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दिये.

### गोविंदपुर प्रखंड के अकबरपुर थाली रोड में हुआ हादसा

# नवादा में बाइक से रील बना रहे युवक ने बच्चे को रौंदा, मौत

### गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर की सड़क जाम

संवाददाता । नवादा

तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए वीडियो बना रहे युवकों ने शुक्रवार को एक बच्चे की नवादा में जान ले ली. जिले में गोविंदपुर प्रखंड के अकबरपुर थाली रोड में यह हादसा हुआ. चार बाइक पर वीडियो बना रहे तेज रफ्तार बाइक चालकों ने एक बच्चे को रौंदा दिया. जिससे बच्चे की घटनास्थल पर मौत हो गई. मृतक बच्चे की पहचान दनियार गांव के चंदन मांझी के 7 वर्षीय पुत्र कार्तिक कुमार के रूप हुई है. मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

स्थानीय लोगों द्वारा थाली थाना को घटना की सूचना दी गई. थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव व एस आई ललन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और शव को कब्जे में लेने की प्रयास किया. गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर सड़क जाम कर दिया और सरकारी मुआवजे की मांग पर अड़े रहे. बीडीओ नीरज कुमार राय घटनास्थल पर पहुंच कर सरकारी मुआवजे दिलवाने तथा पारिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपए देने की बात कही. लोगों को समझा बुझाकर शांत करवाया गया.

थानाध्यक्ष एवं बीडीओ के द्वारा सरकारी मुआवजे दिलवाने की आश्वासन पर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम को हटवाया गया. थानाध्यक्ष द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया. बताया जाता है कि चार बाइक से वीडियो बना रहे युवकों ने सड़क किनारे खड़े बच्चे को रौंद दिया जिससे बच्चे की मौत हो गई. तीन बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गए. एक बाइक को बाइक चालक लेकर भागने में सफल रहा.

मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि हम सभी परिवार कानपुर ईंट भट्ठा पर से काम कर नौ महीने बाद वापस घर लौटे और ट्रक से समान उतार रहे थे. बच्चा कार्तिक पास में खड़ा था. तभी तेज रफ्तार से आ रहे चार बाइक ने सड़क किनारे खड़े कार्तिक को रौंद दिया. थानाध्यक्ष विकास चंद्र यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया.





सड़क जाम करते स्थानीय ग्रामीण और दुर्घटना के बाद टूटी मोटरसाइकिल.



**विरोध-प्रदर्शन**

**पटना ।** कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पटना में नीट-यूजी 2024 के नतीजों में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने गड़बड़ी के लिए मोदी सरकार पर हमला बोला.

## नालंदा: ससुराल में रह रहे दामाद की लाश बरामद

**नालंदा ।** नालंदा में शुक्रवार को एक शख्स की लाश ससुराल में मिलने से हड़कंप मच गया. मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव निवासी लल्लू यादव के रूप में की गई. वह पिछले दो महीने से ससुराल में ही रह रहा था. हत्या कर शव को गांव के सुनसान इलाके में फेंक दिया गया था. शुक्रवार को शव तब मिला जब गांव के लोग खेत की ओर गए. शव पाइन में फेंका हुआ था. गांव वालों ने शव की पहचान की और उसके बाद परिवार वालों को सूचना दी गई.

## शराबी पिता ने डेढ़ साल की बेटी की गोली मार कर हत्या कर दी

संवाददाता । पूर्णिया

शराबी पिता ने अपनी डेढ़ साल की बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के पहाड़टोला की है. सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और आरोपी पिता दीपक यादव को गिरफ्तार कर लिया. मिली जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक शराब का आदी थी. आए दिन शराब के नशे में पत्नी से झगड़ा किया करता था. गुरुवार की रात भी शराब के नशे में पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था. इसके बाद ही दीपक ने अपनी इकलौती डेढ़ साल की बेटी को गोली मार दी. गोली लगते ही बच्ची की मौत हो गई. गोली की आवाज सुनते ही घर में कोहराम मच गया. बताया जाता है कि दीपक की शादी भागलपुर के नारायणपुर गांव में हुई थी. बच्ची के चाचा ने बताया कि दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था.

## नीट पेपर लीक कांड में गिरफ्तार आरोपियों की सुनवाई टल गयी, नहीं मिल पाई जमानत

संवाददाता । पटना



नीट पेपर लीक मामले में चार आरोपितों की शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट में एडीजे-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी. एडीजी राजेन्द्र कुमार सिन्हा की अदालत ने पुलिस को अगली सुनवाई में एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने की बात कहकर सुनवाई को टाल दिया. पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीट पेपर लीक मामले में अनुराग यादव, आयुष कुमार, नीतीश पटेल और सिकंदर यादवेंदु की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी. एडीजी-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी है. यह चारों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं. इस मामले में 25 जून को अगली तिथि निर्धारित की गई है. उन्होंने कहा कि पुलिस को एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने को भी कहा गया है. अगली सुनवाई में डायरी पेश की जाएगी

नीट पेपर लीक मामले में शास्त्री नगर थाने की पुलिस के द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सॉल्वर गैंग के सदस्य के साथ अभ्यर्थी भी शामिल थे. चार आरोपितों की शुक्रवार को जमानत याचिका पर पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद आरोपितों की जमानत पर कोर्ट ने कोई फैसला नहीं सुनाया है. साथ ही कोर्ट के द्वारा एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी मांगी गई है. नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु दानापुर में नगर आवास विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थापित था. वह समस्तीपुर का रहने वाला है. इसकी मुलाकात अमित आनंद से हुई थी. इन्हीं दोनों ने मिलकर इतने बड़े एग्जाम का पेपर लीक करा दिया.

मामले में गिरफ्तार सभी आरोपित पटना के बेऊर जेल में बंद हैं. पुलिस के कबूलनामे में इसने स्वीकार किया है कि इसके पास चार मई को ही पेपर लीक होकर आ गया था और उसी रात में अभ्यर्थियों को पेपर रटवा दिया था. गिरफ्तार अभ्यर्थी अनुराग ने भी यह स्वीकार किया है कि चार मई को जो पेपर उसे रटाया गया था, वही प्रश्न एग्जाम में पूछा गया था.

## अमीन समेत 10 हजार कर्मचारियों को बांटा जाएगा नियुक्ति पत्र

**पटना ।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद नीतीश सरकार के मंत्री नौकरी और रोजगार को लेकर एक्शन में दिख रहे हैं. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को दावा किया है कि बहुत जल्द 10 हजार कर्मियों की बहाली हो जाएगी. कहा कि इस महीने के अंत में पटना के ज्ञान भवन में नियुक्ति पत्र भी दे दिया जाएगा. जायसवाल ने कहा कि जमीन संबंधित जनता की परेशानियों को दूर करने के लिए कर्मचारियों का होना आवश्यक है, इसलिए करीब 10000 कर्मचारियों की बहाली होने जा रही है. इसमें सबसे अधिक 8035 अमीन के पद हैं. सर्वेक्षण लिपिक के 742 पद और सर्वेक्षण कानूनगो के 458 पद हैं. इसके अलावा बंदोबस्त पदाधिकारी के 353 पद हैं. राज्य के सभी 38 जिलों में जाकर ये कर्मचारी काम की शुरुआत करेंगे.

## कोसी नदी उफनाई, सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें बर्बाद

संवाददाता । पटना



उफनाई कोसी नदी

मानसून की इंट्री होते ही सुपौल सहित पूरे उत्तर बिहार के इलाके में कोसी नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है. बुधवार देर शाम से ही कोसी नदी के जलस्तर में लगातार तेजी देखी जा रही है. वहीं इस बीच गुरुवार की रात 8 बजे कोसी बराज से इस साल का सर्वाधिक डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया गया है. हालांकि इसके बाद एक बार फिर से डिस्चार्ज में गिरावट देखी जा रही है. गुरुवार की रात 8 बजे कोसी बराज से 2 लाख 39 हजार 515 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है. जिसके बाद अगले 22 से 24 घंटों में कोसी तटबंध के अंदर आबादी वाले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने की आशंका है. हालांकि, गुरुवार की सुबह से नदी के जलस्तर ने जिस तेजी से उछाल मारा था, उसी तेजी से देर रात गिरावट भी शुरू हो गई. जलस्तर में लगातार उतार चढ़ाव लोगों की समस्याएं बढ़ा सकती हैं, क्योंकि इसकी वजह से कटाव का खतरा बढ़ गया है. हालांकि, बाढ़ के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट मोड पर है. बराज से बढ़ा हुआ डिस्चार्ज का पानी अगले 24 घंटों में आबादी वाले इलाकों में फैलने की आशंका है.

## अवधेश नारायण ने विप के कार्यकारी सभापति का पदभार संभाला

**पटना ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति का पद शुक्रवार को संभाल लिया. तत्कालीन सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में सीतामढ़ी से विजयी होने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था. इसी कारण अब कार्यकारी सभापति के रूप में अवधेश नारायण सिंह को नई जिम्मेदारी दी गई है. भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में शामिल 75 वर्षीय अवधेश नारायण सिंह लंबा राजनीतिक अनुभव रखते हैं. पिछले चार दशकों से ज्यादा समय में वे राजनीति में सक्रिय हैं. अवधेश नारायण सिंह गया स्नातक क्षेत्र से विधान पार्षद हैं. वह पूर्व में भी विधान परिषद के सभापति की जिम्मेदारी संभाल चुके है. अवधेश नारायण सिंह तीन बार के एमएलसी हैं. वे नीतीश सरकार में अप्रैल 2008 से नवंबर 2010 तक श्रम संसाधन मंत्री भी रह चुके हैं.

# कारोबार

## जेप्टो ने 66.5 करोड़ डॉलर जुटाए

**नयी दिल्ली ।** ई-कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने वित्तपोषण के हालिया चरण में 66.5 करोड़ डॉलर जुटाए हैं. कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि इससे उसका बाजार पूंजीकरण 3.6 अरब डॉलर हो गया है, जो एक साल में लगभग तीन गुना हो गया है. कंपनी के हालिया वित्तपोषण चरण में एवेनीर, लाइटस्पीड, एवरा जैसे नए निवेशकों के साथ-साथ ग्लेड ब्रुक, नेक्सस, स्टेपस्टोन, गुडवाटर और लैशी ग्रूम जैसे पुराने निवेशकों ने भी भाग लिया. जेप्टो के सीईओ आदित ने कहा, हम 29 महीनों में शून्य से एक अरब से अधिक की बिक्री पर पहुंच गए हैं.

## हिंदुस्तान जिंक एईसर के साथ की साझेदारी

**नयी दिल्ली ।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अगली पीढ़ी की जस्ता बैटरियां विकसित करने के लिए अमेरिका की एईसर टेक्नोलॉजीज, इंक. के साथ साझेदारी की है. हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि कंपनी ने अगली पीढ़ी की जस्ता बैटरी प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी एईसर टेक्नोलॉजीज, इंक. के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. इस साझेदारी का उद्देश्य बैटरी विनिर्माण में प्रमुख कच्चे माल-जस्ता का पसंदीदा आपूर्तिकर्ता बन सके.


## सनफार्मा ने टकेडा से किया समझौता

**नयी दिल्ली ।** सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने भारत में एक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दवा के व्यवसायीकरण के लिए टकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी के साथ लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इस दवा का उपयोग पाचन संबंधी विकारों के उपचार में किया जाता है. मुंबई की कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसने भारत में 10 और 20 मिलीग्राम की मात्रा में वोनोप्राजन टैबलेट के व्यवसायीकरण के लिए टेकेडा के साथ एक गैर-अनन्य पेटेंट लाइसेंसिंग समझौता किया है. सनफार्मा के सीईओ ने कहा, सन फार्मा में अग्रणी है और हम टकेडा से गैर-अनन्य पेटेंट लाइसेंस के तहत भारत में वोनोप्राजन को पेश करने के लिए उत्साहित हैं.

### गिरावट के साथ बंद हुआ सेंसेक्स और निफ्टी

# हफ्ते के आखिरी सेशन में शेयर बाजार में लौटी मुनाफा वसूली

एजेंसी । नयी दिल्ली



हफ्ते के आखिरी कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार में मुनाफावसूली लौट आई है. बाजार अपने दिन के हाई से नीचे फिसलकर बंद हुआ है. एफएमसीजी और एनर्जी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली है. बाजार को केवल आईटी स्टॉक्स का सहारा मिला है. कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 270 अंकों की गिरावट के साथ 77,209 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 66 अंकों की गिरावट के साथ 23,501 अंकों पर क्लोज हुआ है.

शुक्रवार के ट्रेड में आईटी स्टॉक्स में खरीदारी के चलते निफ्टी आईटी इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुआ है. इसके अलावा मेटल्स, मीडिया स्टॉक्स चढ़कर क्लोज हुआ है. कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों में भी तेजी रही. जबकि बैंकिंग, ऑटो, फार्मा, हेल्थकेयर, एनर्जी, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए. मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे लेकिन दोपहर बाद बाजार में बिकवाली के चलते दोनों ही इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 10 तेजी के साथ और 20 गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. बीएसई पर कुल 3987 स्टॉक्स की ट्रेडिंग हुई है जिसमें 1785 तेजी के साथ और 2086 स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए.

**बिकवाली के चलते मार्केट वैल्यू में गिरावट आई :** बाजार में बिकवाली के चलते मार्केट वैल्यू में गिरावट आई है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप गिरकर 434.36 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछले सत्र में 435.75 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ था. यानि शुक्रवार के सेशन में मार्केट कैप में 1.39 लाख करोड़ रुपये की सेंध लगी है. ट्रेड में भारती एयरटेल 2.32 फीसदी, इंफोसिस 1.08 फीसदी, टीसीएस 0.59 फीसदी, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.54 फीसदी, एनटीपीसी 0.50 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.48 फीसदी, पावर ग्रिड 325.80 फीसदी, विप्रो 0.01 की तेजी के साथ बंद हुआ है. अल्ट्राटेक सीमेंट 2.22 फीसदी, एलएंडटी 1.78 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.74 फीसदी, नेस्ले 1.71 फीसदी, एचयूएल 1.63 फीसदी, टाटा स्टील 1.37 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.



## वित्त मंत्री ने किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ की बैठक


एजेंसी । नई दिल्ली

- आम बजट 2024-25 में किसानों को मिलने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी की मांग की

किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक की. बैठक में किसान संघों ने आगामी आम बजट 2024-25 में किसानों को मिलने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी की मांग की. मंत्रालय के मुताबिक आम बजट 2024-25 को लेकर किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों के प्रतिनिधियों के साथ चौथे बजट-पूर्व परामर्श बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए.

## त्रिवेणी इंजीनियरिंग ने लाल इंटरप्राइजेज से 45 करोड़ रुपये में हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी । नयी दिल्ली



चीनी उत्पादन से जुड़ी कंपनी त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चीनी उत्पादक सर शादी लाल एंटरप्राइजेज लिमिटेड में 45 करोड़ रुपये में 36.34 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी ली है. त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है कि उसने सर शादी लाल एंटरप्राइजेज में 36.34 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल कर ली है. इसके साथ ही सर शादी लाल एंटरप्राइजेज में त्रिवेणी इंजीनियरिंग की हिस्सेदारी बढ़कर 61.77 प्रतिशत हो गई है. इस सिलसिले में 20 जून को एक प्रवर्तक समूह के साथ निष्पादित शेयर खरीद समझौता हुआ.

यह सौदा 235 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के भाव पर हुआ है. इस तरह इस हिस्सेदारी खरीद की कुल कीमत 44.83 करोड़ रुपये रही. त्रिवेणी वर्तमान में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 13.65 लाख पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए एक खुली पेशकश लाने पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी का इंतजार कर रही है. त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तरुण साहनी ने कहा कि सर शादी लाल एंटरप्राइजेज में हिस्सेदारी का अधिग्रहण कंपनी के लिए एक रणनीतिक मील का पत्थर है.

साहनी ने कहा, इससे त्रिवेणी के चीनी एवं शराब उत्पादन व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी और देश के बड़े एकीकृत चीनी एवं शराब उत्पादकों में से एक के रूप में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी. इस समय उत्तर प्रदेश में सात चीनी मिलें हैं. कंपनी के पास यूपी में कुल 860 किलोलीटर प्रतिदिन क्षमता वाली डिस्टिलरी भी हैं.

## कोयला मंत्री रेड्डी ने वाणिज्यिक खदान नीलामी की शुरुआत की

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को हैदराबाद में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 10वें दौर की शुरुआत की. कोयला खदान नीलामी के 10वें दौर में 67 कोयला खानों को शामिल किया गया है. इस कदम से घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ेगा और देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी.

## 3,500 करोड़ के आईपीओ के लिए मसौदा दस्तावेज जमा किए

एजेंसी । नयी दिल्ली

शिक्षा-केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एवांस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए 3,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं. निजी इक्विटी कंपनी वारबर्ग पिंकस की सहयोगी कंपनी ऑलिव वाइन इन्वेस्टमेंट लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित कंपनी एवांस ने भविष्य की जरूरतों के लिए अपने पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए धन का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है. गुरुवार को दाखिल आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, आरंभिक शेयर-बिक्री में 1,000 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा, 2,500 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी है. ओएफएस के तहत, ऑलिव वाइन इन्वेस्टमेंट 1,758 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी, केदारा कैपिटल ग्रोथ फंड-3 एलएलपी 400 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईएफसी) 342 करोड़ रुपये के शेयर बेचेगी.

### रिपोर्ट

### श्रम मंत्रालय ने जारी किया बयान, आंकड़े संतोषनजक बताए

# कृषि, ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति रही स्थिर

एजेंसी । नयी दिल्ली



कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः सात प्रतिशत एवं 7.02 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रही. अप्रैल में ये दोनों 7.03 प्रतिशत और 6.96 प्रतिशत रही थीं. श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मई, 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84 प्रतिशत थे. बयान के अनुसार, कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर सात प्रतिशत रही. एक माह पहले अप्रैल में यह 7.03 प्रतिशत थी. वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कुछ बढ़कर 7.02 प्रतिशत रही. यह अप्रैल, 2024 में 6.96 प्रतिशत थी.

कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा. अप्रैल, 2024 में कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई 1,263 अंक जबकि ग्रामीण कामगार के लिए 1,275 अंक था. श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक को बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि शामिल हैं. राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया. बिहार में सीपीआई कृषि श्रमिक और ग्रामीण कामगार, दोनों में गिरावट देखी गई. जम्मू-कश्मीर में कृषि श्रमिकों का सूचकांक स्थिर रहा.

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर हुआ


**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा. भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था. रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही. डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है. समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.01 अरब डॉलर घटकर 55.97 अरब डॉलर रहा. विशेष आहरण अधिकार 5.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.11 अरब डॉलर रहा. रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित जमा 24.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.58 अरब डॉलर हो गई.

## त्रिवेणी इंजीनियरिंग ने 45 करोड़ में हिस्सेदारी खरीदी

एजेंसी । नयी दिल्ली

चीनी उत्पादन से जुड़ी कंपनी त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चीनी उत्पादक सर शादी लाल एंटरप्राइजेज लिमिटेड में 45 करोड़ रुपये में 36.34 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी ली है. त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है कि उसने सर शादी लाल एंटरप्राइजेज में 36.34 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल कर ली है. इसके साथ ही सर शादी लाल एंटरप्राइजेज में त्रिवेणी इंजीनियरिंग की हिस्सेदारी बढ़कर 61.77 प्रतिशत हो गई है. यह सौदा 235 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के भाव पर हुआ है. इस तरह इस हिस्सेदारी खरीद की कुल कीमत 44.83 करोड़ रुपये रही. त्रिवेणी वर्तमान में 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 13.65 लाख पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए एक खुली पेशकश लाने पर सेबी से मंजूरी का इंतजार कर रही है.

# पर्यटकों को आकर्षित कर रोजगार पैदा कर सकता है योग : मोदी









सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने शुक्रवार को राजस्थान के थार रेगिस्तान में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया. वहीं राजस्थान, असम और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी योगाभ्यास किया.

- प्रधानमंत्री मोदी ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डल झील के किनारे एक जनसभा को भी संबोधित किया

एजेंसी। श्रीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि योग जम्मू कश्मीर में और पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है. साथ ही इससे स्थानीय लोगों को आजीविका के नए साधन मुहैया होंगे. प्रधानमंत्री ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर यहां डल झील के तट पर एक सभा को संबोधित किया. उन्होंने मिस्र में आयोजित एक प्रतियोगिता का हवाला दिया जिसमें उत्तरी अफ्रीकी देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योग का सहारा लिया गया था. यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया. मोदी ने बारिश रुकने के बाद लोगों को संबोधित किया.

### योग वैश्विक भलाई का शक्तिशाली माध्यम बना

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है. उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है. उन्होंने कहा, 'दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है. योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है.'कहा, 'जब हमारा चित्त शांत रहता है तब हम दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं.'



### योग भारत का विश्व को सबसे बड़ा उपहार

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने मानवता को काफी कुछ दिया है लेकिन योग विश्व को दिया गया सबसे बड़ा उपहार है. शाह ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अहमदाबाद के एक उद्यान में योगाभ्यास करने के बाद यह बात कही. शाह ने कहा, 'यह दिन एक विशेष महत्व इसीलिए रखता है क्योंकि ये 10वां योग दिवस है. 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा.

## ब्रीफ खबरें

### बांग्लादेश की पीएम हसीना भारत पहुंचीं

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शुक्रवार को भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा शुरू की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना है. भारत में लोकसभा चुनाव के बाद नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा है. मोदी और हसीना के बीच शनिवार को वार्ता निर्धारित है, जिस दौरान दोनों पक्षों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई समझौते होने की उम्मीद है.

### चीन में भीषण बाढ़ व भूस्खलन में 47 मरे

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है. चीन की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी. सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने शुक्रवार दोपहर में कहा कि मीझोउ शहर में 38 अन्य लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. इसने कहा कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी.

### आमिर के बेटे की फिल्म की रिलीज पर रोक हटी

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बॉलीवुड स्टार आमिर खान के बेटे जुनैद की पहली फिल्म ''महाराज'' की रिलीज पर लगी अंतरिम रोक हटाते हुए कहा कि फिल्म में कुछ भी अपमानजनक नहीं है और यह पुष्टिमार्ग संप्रदाय को निशाना नहीं बनाती है, जैसा कि याचिका में आरोप लगाया गया है. यह फिल्म 1862 के एक मानहानि मामले पर आधारित है, जिसमें वैष्णव धार्मिक नेता एवं समाज सुधारक करसनदास मुलजी शामिल थे.

### भाजपा राज में 'पेपर लीक' राष्ट्रीय समस्या

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में 'पेपर लीक' होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है. प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'देश में पिछले 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं. भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है.'

भाजपा सांसद बनाए गए प्रोटेम स्पीकर, कांग्रेस ने बताया संसदीय मानदंडों का उल्लंघन

# अस्थाई अध्यक्ष पर छिड़ा विवाद

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

भाजपा सांसद भृतहरि महताब को लोकसभा का अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) बनाया गया है. संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने शुक्रवार को बताया कि सात बार के लोकसभा सदस्य भर्तृहरि महताब नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में काम करेंगे. हालांकि भर्तृहरि महताब के नाम पर विवाद भी हो गया है और कांग्रेस ने महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाने को लेकर संसदीय मानदंडों का उल्लंघन बताया. इस खबर के बीच स्वभाविक है कि यह सवाल उठे कि प्रोटेम स्पीकर कौन होते हैं, क्या उनके काम होते हैं और उन्हें चुनने की प्रक्रिया क्या है.



### कौन होते हैं प्रोटेम स्पीकर?

लोकसभा का पीठासीन अधिकारी होने के नाते स्पीकर की लोकसभा के संचालन में अहम भूमिका होती है. स्पीकर का चुनाव बहुमत के आधार पर होता है, लेकिन जब तक स्पीकर का चुनाव नहीं होता है, तब तक लोकसभा की अहम जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए प्रोटेम स्पीकर को चुना जाता है. यही वजह है कि प्रोटेम स्पीकर को अस्थाई स्पीकर भी कहते हैं. संविधान में प्रोटेम स्पीकर के पद का जिक्र नहीं है, लेकिन संसदीय मामलों के मंत्रालय की नियमावली में प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति और शपथ का जिक्र है.

**कैसे होता है प्रोटेम स्पीकर का चुनाव :** संसदीय मामलों के मंत्रालय की नियमावली के अनुसार, नई लोकसभा द्वारा जब तक स्पीकर की नियुक्ति नहीं की जाती है, तब तक स्पीकर की जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए राष्ट्रपति सदन के ही किसी सदस्य को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करते हैं. नई लोकसभा के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराना प्रोटेम स्पीकर का प्राथमिक काम है. नियमों के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा तीन अन्य लोकसभा सांसदों को भी सांसदों को शपथ दिलाने के लिए नियुक्त किया जाता है. सामान्यतः संसद के सबसे वरिष्ठ सांसद को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता है, लेकिन अपवाद भी हो सकते हैं. राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा के तीन अन्य निर्वाचित सदस्यों को भी सांसदों के समक्ष शपथ लेने के लिए नियुक्त किया जाता है. पुस्तिका के अनुसार, सदन की सदस्यता के वर्षों की संख्या के संदर्भ में सबसे वरिष्ठ सदस्यों को आम तौर पर इस उद्देश्य के लिए चुना जाता है, हालांकि अपवाद भी हो सकता है। जैसे ही नई सरकार का गठन होता है, तो उसके बाद सरकार का विधायी विभाग लोकसभा के वरिष्ठ सांसदों की लिस्ट तैयार करता है. इस लिस्ट को संसदीय मामलों के मंत्री या प्रधानमंत्री को भेजा जाता है. प्रधानमंत्री की मंजूरी के बाद प्रोटेम स्पीकर और तीन अन्य सांसदों के नाम संसदीय मामलों के मंत्री राष्ट्रपति को इन नामों की जानकारी देते हैं. वहां से मंजूरी मिलने के बाद नामों का एलान कर दिया जाता है.

### क्या है भर्तृहरि महताब के नाम पर विवाद

जैसे ही संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने भर्तृहरि महताब के नाम का एलान किया, वैसे ही कांग्रेस ने विरोध शुरू कर दिया. कांग्रेस का कहना है कि उनकी पार्टी के आठ बार के सांसद कोडिकुनिल सुरेश सबसे वरिष्ठ सांसद हैं, ऐसे में उन्हें लोकसभा का अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त किया जाना चाहिए, जबकि महताब सात बार के ही सांसद हैं. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वरिष्ठता की अनदेखी कर भाजपा संसदीय मानदंडों को खत्म करने की कोशिश कर रही है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि परंपरा के अनुसार, जिस सांसद ने संसद में अधिकतम कार्यकाल पूरा किया है, उसे प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा में सबसे वरिष्ठ सांसद कांग्रेस के कोडिकुनिल सुरेश और बीजेपी के वीरेंद्र कुमार हैं. दोनों नेता 8वीं बार सदन में पहुंचे हैं, जिसमें वीरेंद्र कुमार अब केंद्रीय मंत्री हैं, इसलिए यह उम्मीद थी कि के. सुरेश प्रोटेम स्पीकर होंगे. लेकिन उनकी जगह 7 बार के सांसद भर्तृहरि महताब को नियुक्त किया गया है. वह छह बार बीजेडी और अब बीजेपी के सांसद हैं.

### कौन हैं भर्तृहरि महताब

8 सितंबर 1957 को ओडिशा के भद्रक में जन्मे भर्तृहरि महताब, ओडिशा के पहले मुख्यमंत्री डॉ. एच महताब के बेटे हैं. महताब, नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी बीजू जनता दल के संस्थापक सदस्य हैं और कभी वह नवीन पटनायक के बेहद खास हुआ करते थे. महताब छह बार बीजद के टिकट पर ही लोकसभा पहुंचे. हालांकि हालिया लोकसभा चुनाव से पहले भर्तृहरि महताब ने बीजद छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ले ली थी और अब वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं.

### सांसदों का शपथ ग्रहण

राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद मंत्रालय नियुक्त किए गए प्रोटेम स्पीकर और अन्य सांसदों के पैनल को नियुक्ति के बारे में सूचित करता है. इसके बाद राष्ट्रपति, राष्ट्रपति भवन में प्रोटेम स्पीकर को शपथ दिलाते हैं. वहीं सांसदों के पैनल को प्रोटेम स्पीकर द्वारा शपथ दिलाई जाती है. इसके बाद अन्य सभी सांसदों को प्रोटेम स्पीकर शपथ दिलाते हैं. लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही सांसदों को शपथ दिलाई जाती है.

ममता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख किया आग्रह

# तीनों आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टाल दें मोदी

एजेंसी। नयी दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 'हड़बड़ी में पारित' तीन आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है. ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं. ममता ने कहा कि ऐसा करने से आपराधिक कानूनों की नये सिरे से संसदीय समीक्षा संभव होगी.

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन को लेकर गंभीर चिंता जताई. ये तीन नये कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023. उन्होंने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे. ममता ने कहा, 'आपकी पिछली सरकार ने इन तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को एकतरफा और बिना किसी बहस के पारित कर दिया था. उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के कुल 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था.' उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र के उस काले दौर में विधेयकों को तानाशाहीपूर्ण तरीके से पारित किया गया. मामले की अब समीक्षा होनी चाहिए.' ममता ने कहा,



'मैं अब आपके कार्यालय से आग्रह करती हूं कि कम से कम कार्यान्वयन की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करे. इसके दो कारण हैं: नैतिक और व्यावहारिक.' उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण विधायी बदलावों पर नये सिरे से विचार-विमर्श होना चाहिए और जांच के लिए नव निर्वाचित संसद के समक्ष रखा जाना चाहिए.

टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, 'जल्दबाजी में पारित किए गए नये कानूनों को लेकर सार्वजनिक रूप से व्यक्त की गई व्यापक आपत्तियों के मद्देनजर नये सिरे से संसदीय समीक्षा लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी. यह तरीका नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रस्तावित कानून की गहन जांच करने का अवसर प्रदान करेगा.' उन्होंने कहा, 'किसी भी दूरगामी कानूनी बदलाव को सही तरीके से लागू करने के लिए पहले ही सावधानीपूर्वक जमीनी कार्य की आवश्यकता होती है और हमारे पास इस तरह के अभ्यास से बचने का कोई कारण नहीं है.'

# तर्कहीन व विवेकहीन गिरफ्तारी मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन

- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा–पुलिस के लिए गिरफ्तारी अंतिम विकल्प होना चाहिए

एजेंसी। प्रयागराज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि 'तर्कहीन और विवेकहीन गिरफ्तारियां' मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हैं और पुलिस के लिए गिरफ्तारी अंतिम विकल्प होना चाहिए और यह उन असाधारण मामलों तक सीमित होना चाहिए जहां आरोपी को गिरफ्तार करना अति आवश्यक है या उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करना जरूरी है. न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने मोहम्मद तबीश रज़ा नाम के एक व्यक्ति को अंतरिम जमानत देते हुए कहा, 'प्रतिवादी की दलीलों पर विचार करने के बाद यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता कि पुलिस याचिकाकर्ता को कब गिरफ्तार करेगी.' अदालत ने 12 जून के अपने निर्णय में कहा, 'प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस अपनी इच्छा पर गिरफ्तारी कर सकती है. आरोपी को गिरफ्तार करने की कोई निश्चित अवधी तय नहीं है. अदालतें बार बार कहती रही हैं कि पुलिस के लिए गिरफ्तारी अंतिम विकल्प होना चाहिए.' अदालत ने कहा, 'गिरफ्तारी उन असाधारण मामलों तक सीमित रहनी चाहिए जहां आरोपी को गिरफ्तार करना अति आवश्यक है या उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करना जरूरी है. तर्कहीन और विवेकहीन गिरफ्तारी मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है.' मोहम्मद तबीश रज़ा के खिलाफ वाराणसी के लंका थाने में गो हत्या निषेध अधिनियम की धारा 3/5-ए/5-बी/8 और पशु क्रूरता निषेध अधिनियम की धारा 11 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 429 के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था.

### वाईएसआरसीपी नेता ने पवन कल्याण को नहीं हरा पाने पर नाम बदला

**अमरावती।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के वरिष्ठ नेता मुद्रगदा पदमनाभम ने आधिकारिक रूप से अपना नाम बदलकर 'पदमनाभा रेड्डी' कर लिया. वाईएसआरसीपी नेता ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान जनसेना प्रमुख पवन कल्याण को हराने और ऐसा करने में विफल रहने पर अपना नाम बदलने का वादा किया था. पीथापुरम विधानसभा क्षेत्र में कल्याण की जीत के बाद 70 वर्षीय रेड्डी ने अपना नाम बदल लिया. चुनावों से पहले वाईएसआरसीपी नेता ने कल्याण को हराने की चुनौती दी थी. रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा, 'किसी ने मुझे अपना नाम बदलने के लिए मजबूर नहीं किया. मैंने अपनी इच्छा से इसे बदला.' उन्होंने हालांकि जनसेना प्रमुख के प्रशंसकों द्वारा उनसे कथित तौर पर दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत की.

सुनीता केजरीवाल ने जमानत को हाईकोर्ट में चुनौती पर कहा, ईडी का बर्ताव ऐसा, जैसे

# केजरीवाल देश के सबसे ज्यादा वांछित आतंकवादी हों

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपने पति की जमानत संबंधी आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर निशाना साधा. साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ईडी आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के साथ ऐसा बर्ताव कर रही है जैसे वह देश के 'सबसे वांछित आतंकवादी'हों.

दक्षिणी दिल्ली के भोगल इलाके में लोगों को संबोधित करते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा कि देश में तानाशाही की सभी हदें पार हो चुकी हैं. दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा से प्रतिदिन 'दिल्ली के हिस्से का' पानी छोड़े जाने की अपनी मांग को लेकर शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली के भोगल



आतिशी की भूख हड़ताल के दौरान मौजूद सुनीता केजरीवाल और संजय सिंह

इलाके में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की. सुनीता केजरीवाल ने कहा, ''कल ही आपके मुख्यमंत्री को जमानत मिली है और आज सुबह ही निचली अदालत की वेबसाइट पर आदेश अपलोड किया जाना था, लेकिन इससे पहले ही ईडी ने उच्च न्यायालय में आदेश को चुनौती दे दी. ये तो ऐसा हुआ मानो केजरीवाल देश के सर्वाधिक वांछित आतंकवादी हों.' उन्होंने कहा, 'देश में तानाशाही की सारी हदें पार हो चुकी हैं. ईडी किसी को भी आजादी नहीं देना चाहती और मुख्यमंत्री के खिलाफ उच्च न्यायालय में जाकर उनकी जमानत पर रोक लगाने की मांग कर रही है. हालांकि, अदालत का फैसला आना अभी बाकी है. हमें उम्मीद है कि अदालत न्याय करेगी.' भोगल जाने से पहले सुनीता आतिशी और 'आप' के अन्य नेताओं के साथ राजघाट गई थीं, जहां उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

सुनीता केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का संदेश भी पढ़ा, जिसमें उन्होंने उम्मीद जताई कि आतिशी की 'तपस्या' सफल होगी. मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझ रहे लोगों की दुर्दशा टेलीविजन पर देखकर उन्हें बहुत दुख होता है. उन्होंने जेल से भेजे गए अपने संदेश में कहा, ''प्यासे को पानी पिलाना हमारी संस्कृति है. दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से पानी मिलता है. हमें ऐसी भीषण गर्मी में पड़ोसी राज्यों से मदद की उम्मीद थी, लेकिन, हरियाणा ने दिल्ली के पानी का हिस्सा ही कम कर दिया.'

**जानलेवा गर्मी** स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं देशभर में

# लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 लोगों की हुई मौत

एजेंसी। नयी दिल्ली

देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली लू जानलेवा साबित हुई है. लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 लोगों की मौत हुई और करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. हालांकि लू से मौतों का आंकड़ा इससे अधिक होने की संभावना है, क्योंकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी संबंधी बीमारी एवं मृत्यु निगरानी के तहत संकलित किए गए आंकड़ों में राज्यों की ओर से प्रदान की अद्यतन जानकारी शामिल नहीं है. कई चिकित्सा केंद्रों ने अब तक लू से जान



गंवाने लोगों की संख्या को 'अपलोड' नहीं किया है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही तापघात के कारण 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा संदिग्ध तापघात के कारण नौ लोगों की जान गई, जिससे मार्च से जून की अवधि में लू से मरने वालों की संख्या 114 से बढ़कर 143 हो गई है. आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 35 मौतें हुई हैं, इसके बाद दिल्ली (21) और बिहार तथा राजस्थान (17-17) का स्थान है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों से कहा कि वे भीषण गर्मी की स्थिति जारी रहने तक केंद्र के तहत आने वाले अस्पतालों का दौरा करें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रभावित मरीजों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है या नहीं. साथ ही पिछले कुछ दिनों में लू के कारण हुई मौतों की संख्या का भी आकलन किया जा सके. उत्तर और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से लंबे समय से लू की चपेट में हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हो रही है. इसके मद्देनजर केंद्र को अस्पतालों को भीषण गर्मी से बीमार पड़े लोगों के लिए विशेष इकाइयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है.

केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए.

नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए थे कि केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में ''विशेष लू इकाई'' शुरू की जाए. इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए कि अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम इलाज प्रदान करें. उन्होंने तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत, स्वास्थ्य मंत्रालय ने ''लू मौसम 2024'' पर राज्य स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया है. मंत्रालय ने कहा है, "अत्यधिक गर्मी के स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभागों को तैयारी और समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए." परामर्श में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें. साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं. इसमें रोकथाम और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य केंद्र तैयार करने लिए पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैक, आवश्यक दवाएं, आईवी तरल पदार्थ, बर्फ (आइस पैक) और उपकरणों की खरीद और आपूर्ति के निर्देश भी दिए गए हैं.

# पाकिस्तान: भीड़ ने ईशनिंदा के संदेह में की पर्यटक की हत्या

एजेंसी। पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में गुरुवार शाम ईशनिंदा के आरोप में सियालकोट के एक पर्यटक की हत्या कर दी गई है. कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने बृहस्पतिवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे. जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया. थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की. उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### खास बातें

- स्वात जिले की घटना, भीड़ ने थाने में लगाई आग
- घटना के कारण भड़की हिंसा में आठ लोग हुए घायल

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)